डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹79500 10 ग्राम
₹97000 01 किलो
सेंसेक्स 73,085.94 -112.16
डॉलर 87.306 -0.159

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

फाल्गुन शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 04 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-139, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | पेज-10




## विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी पर बजट में कोई नीति नहीं

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ के डीएसपीएमयू के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कि बजट में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना की घोषणा की गई है, लेकिन वर्तमान विश्वविद्यालयों में फैकल्टी और शिक्षकों की भारी कमी पर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। बिना योग्य शिक्षकों के गुणवत्ता शिक्षा की बात करना बेईमानी होगी। सरकार को पुरानी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों की बहाली, रिसर्च और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए। सिर्फ नए संस्थान खोलने से शिक्षा की स्थिति नहीं बदलेगी, जब तक कि शिक्षक-छात्र अनुपात सही न हो और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित न किया जाए। उच्च शिक्षा में सुधार के बिना युवा सशक्तीकरण और रोजगार की संभावनाएँ सीमित रहेंगी।

# छात्र हित सर्वोपरि, विश्वविद्यालय में होंगे बड़े सुधार : कुलपति

## वोकेशनल कोर्स शुरू होंगे, पत्रकारिता विभाग फिर से होगा सक्रिय, कॉलेजों में सीसीटीवी से होगी निगरानी

- बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई इसी सत्र से शुरू करने की योजना
- छात्रों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे कुलपति

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के नए कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। योगदान के तुरंत बाद उन्होंने राष्ट्रीय नवीन मेल से विशेष बातचीत में कहा कि छात्रों के हित उनकी प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रहेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और छात्रों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए वे स्वयं हर चीज की निगरानी करेंगे।

'हमारा पूरा ध्यान छात्रों के सर्वांगीण विकास पर रहेगा। उनकी शिक्षा, सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में कई बड़े सुधार किए जाएंगे।'

डॉ. दिनेश कुमार सिंह, कुलपति, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय



### छात्रों के लिए नए कोर्स और सुविधाएं

कुलपति डॉ. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में जल्द ही वोकेशनल कोर्स शुरू किए जाएंगे, जिससे छात्रों को रोजगारोन्मुख शिक्षा मिल सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि बंद पड़े पत्रकारिता विभाग को फिर से चालू करने के लिए कुलसचिव को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। इस संबंध में जल्द ही सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी, ताकि पत्रकारिता की पढ़ाई सुचारू रूप से शुरू हो सके। इसके साथ ही, उन्होंने पलामू की कृषि पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई इसी सत्र से शुरू करने की योजना बनाई है। कुलपति ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में 40 छात्रों का नामांकन बीएससी एग्रीकल्चर में लिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं।

### छात्र हित में होंगे बड़े बदलाव

डॉ. सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय को एक अनुशासित, आधुनिक और रोजगारपरक शिक्षा देने वाले संस्थान के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वे छात्रों की समस्याओं को समझेंगे और उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करेंगे।

### विश्वविद्यालय और कॉलेजों में सुरक्षा और स्वच्छता पर जोर

डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने छात्रों की सुरक्षा और अनुशासन को लेकर भी अहम कदम उठाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और उसके अधीनस्थ सभी कॉलेजों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि वहां की गतिविधियों की प्रभावी निगरानी की जा सके। इससे शिक्षा के स्तर में सुधार के साथ-साथ अनुशासन भी मजबूत होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर की स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके लिए जल्द ही एक विशेष कमेटी गठित की जाएगी, जो विश्वविद्यालय और कॉलेज परिसरों में सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करेगी।

### छात्रों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे कुलपति

डॉ. सिंह ने कहा कि वे विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित कुलपति आवास में ही रहना पसंद करेंगे, ताकि छात्र उनसे आसानी से संपर्क कर सकें और उनके सुझावों व समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि परिसर में उनकी उपस्थिति से विश्वविद्यालय का माहौल अधिक अनुशासित और सुसंगठित रहेगा।

### मेडिकल कॉलेज का करेंगे निरीक्षण, शिक्षा की गुणवत्ता पर रहेगा जोर

कुलपति ने कहा कि वे जल्द ही विश्वविद्यालय से संबद्ध मेडिकल कॉलेज का दौरा करेंगे और वहां की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेडिकल कॉलेजों में पठन-पाठन का कार्य सिलेबस के अनुसार ही हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए वे निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सभी कॉलेजों में शिक्षकों और छात्रों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने की दिशा में काम करेंगे। यदि किसी कॉलेज में पठन-पाठन में कोई कमी पाई जाती है, तो संबंधित प्राचार्य को तुरंत आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके।

### उम्मीदों के साथ नई शुरुआत

डॉ. सिंह के पदभार संभालते ही विश्वविद्यालय में सकारात्मक बदलाव की उम्मीदें बढ़ गई हैं। छात्रों और शिक्षकों ने कुलपति की नई योजनाओं का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## झारखंड विधानसभा में 1.45 लाख करोड़ का बजट पेश

# महिला सम्मान, शिक्षा, ग्रामीण व कृषि विकास पर फोकस

- मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए 13,363 करोड़ 35 लाख रुपए का प्रावधान
- रांची, खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा में मेडिकल कॉलेज
- जमशेदपुर, गुमला और साहिबगंज में स्थापित किए जाएंगे नए विश्वविद्यालय
- शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए इनोवेशन हब, टेक्नोलॉजी पार्क की होगी स्थापना
- पुरानी पेंशन योजना का वित्तीय भार कम करने को पेंशन कोष का होगा गठन
- वित्त वर्ष 2025-26 में 352 चेकडैम, 3 वीयर का होगा निर्माण

### पिछले वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है बजट का आकार

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड विधानसभा में सोमवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। सदन में बजट वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पेश किया। प्रस्तावित बजट का यह आंकड़ा पिछले वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने इस वर्ष के बजट को 'अबुआ बजट' (अपना बजट) नाम दिया है। बजट का फोकस महिला सशक्तीकरण, तकनीकी शिक्षा, पर्यटन तथा ग्रामीण एवं कृषि विकास पर है।

बजट पेश करने के दौरान सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री और विपक्षी दलों के सदस्य भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री ने बजट पेश करने के पहले इसकी प्रति राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपी।

बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने केंद्र के पास झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए बकाया होने का दावा भी दोहराया। कहा कि केंद्र का बकाया पैसा नहीं मिलने के कारण कई विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार केंद्र से बकाया राशि की मांग कर रहे हैं। अगर राज्य का पैसा नहीं मिला, तो हम कानूनी कार्रवाई करेंगे।

बजट में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के लिए 13,363 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। वहीं, करीब दो लाख अतिरिक्त महिला किसानों को आजीविका संबंधी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। रांची, खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा जिला मुख्यालय में नए मेडिकल कॉलेज बनाने, राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास के लिए टूरिस्ट सर्किट विकसित करने, जमशेदपुर, गुमला और साहिबगंज में नए विश्वविद्यालय स्थापित करने, शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए इनोवेशन हब, टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना सहित कई बड़ी घोषणाएं बजट में की गई हैं। व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने स्किल यूनिवर्सिटी और फिन-टेक यूनिवर्सिटी की स्थापना का भी प्रस्ताव है। बजट में वृहद् एवं मध्यम सिंचाई प्रक्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 779 करोड़ 20 लाख की योजना का प्रस्ताव तैयार किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में 352 चेकडैम, 3 वीयर एवं 10 सोलर उद्वह सिंचाई योजनाओं का निर्माण एवं 185 मध्यम सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। राज्य की आर्थिक विकास दर 2019-20 में 1.1 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में 7.8 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत रही। वर्ष 2025-26 में

- शेष पेज 05 पर

## अबुआ बजट में कोई नया टैक्स नहीं

### पीपीपी मोड, निजी और कॉरपोरेट सेक्टर के सीएसआर फंड से होगा घाटा पूरा

**आंखों देखा सदन**

सुनील बादल

**रांची।** झारखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया, जो पिछले बजट से 13 प्रतिशत अधिक है। अबुआ बजट, यानी मेरा बजट में किसी नए टैक्स का प्रावधान नहीं किया गया है और फोकस ग्रामीण विकास पर किया गया है तथा प्रदेश की आर्थिक हालात में सुधार को लेकर उम्मीदे जताई गई हैं। सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं पर हेमंत सोरेन की सरकार केंद्रित रहेगी, यह बजट के प्रावधानों से सीधा पता चलता है। इस क्रम में मंईयां सम्मान योजना के लिए बजट में बड़ी रकम का प्रावधान किया गया है। अपने 45 वर्ष के करियर में पहली बार वित्त मंत्री के तौर पर बजट पेश करने को बड़ा अवसर बताते हुए राधा कृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लेकर अपने मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कंधे पर झारखंडी गमछा लिए पूरे आत्मविश्वास से भरे वित्त मंत्री ने कई बार शेरो शायरी का सहारा लिया, 'वे मुतमइन हैं कि पत्थर पिघल नहीं सकता, हम बेकरार हैं, आवाज में असर के लिए।' वित्त मंत्री ने झारखंड विधानसभा में हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां

- शेष पेज 05 पर




### बिना आर्थिक बोझ डाले एक संतुलित बजट पेश किया गया : मुख्यमंत्री

**रांची।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पेश बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे एक संतुलित बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह सबको जोड़ने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि जनता पर बिना किसी आर्थिक बोझ डाले एक संतुलित बजट पेश किया गया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को विधानसभा में बजट पेश किए जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बजट में हर क्षेत्र में विकास के लिए राशि का प्रावधान किया गया है और कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि बजट में विकास की गति को बनाए रखा गया है और खर्च भी आगे बढ़ाया गया है। किसी नागरिक पर कोई बोझ नहीं डाला गया है।



# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

## तीन लोग गंभीर रूप से घायल



### तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, परिजनों ने किया सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के पड़वा मोड़ के पास सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध जताया।

### कैसे हुई दुर्घटना?

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पड़वा मोड़ स्थित मिडिल स्कूल के सामने मोटरसाइकिल सवार सुशीला देवी (33) अपने परिजनों के साथ घर लौट रही थीं। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुशीला देवी ट्रक के नीचे आ गईं और मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनके साथ सवार उनकी छोटी बहन, नंदोसी और छोटी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए।

### गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और डाल्टनगंज-पड़वा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने ट्रक चालक की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। सड़क जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पांडव के सीओ भी घटनास्थल पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने और उचित कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद जाम हटाया गया।

### घायलों का अस्पताल में इलाज जारी

घायलों को तुरंत एमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और ट्रक को जब्त कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ट्रक चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं, मृतक महिला के परिजनों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया गया है। इस घटना ने एक बार फिर शहर में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी बढ़ाई जाए ताकि ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**इंडिया**

# भाषा की राजनीति और बाजार की भाषा हिंदी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

दक्षिण भारतीय राजनीति हिंदी विरोध का इतिहास बहुत पुराना है।संविधान के अनुच्छेद 343 में घोषणा की गई कि हिंदी संघ की आधिकारिक भाषा होगी, लेकिन 15 वर्षों के लिए अंग्रेजी का उपयोग भी जारी रहेगा। 'त्रिभाषा सूत्र' (टीएलएफ) सबसे पहले राधाकृष्णन समिति द्वारा प्रस्तावित किया गया था। यह तो शुरूआत से ही मृतप्राय था। किसी भी राज्य ने टीएलएफ को कभी भी लागू नहीं किया।

टीएलएफ प्राथमिकता नहीं है

इसके पीछे कई कारण थे। पहली प्राथमिकता स्वाभाविक तौर पर स्कूलों के निर्माण और शिक्षकों की नियुक्ति को दी गई। दूसरी प्राथमिकता स्कूलों में सार्वभौमिक नामांकन और बच्चों की संख्या को बनाए रखना थी। इसके बाद शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करना था। यह प्राथमिकता सिर्फ भाषाओं की नहीं, बल्कि गणित, विज्ञान, इतिहास, भूगोल और सामाजिक अध्ययन जैसे अन्य समान रूप से महत्वपूर्ण विषयों की भी थी। ये सभी कार्य आजादी के 78 साल बाद भी अधूरे हैं।भाषा ह्यशिक्षाह्व के कारण नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 343 की वजह से एक विस्फोटक मुद्दा बन गई है। इस अनुच्छेद में घोषणा की गई कि हिंदी संघ की आधिकारिक भाषा होगी, लेकिन 15 वर्षों के लिए अंग्रेजी का उपयोग भी जारी रहेगा। 1965 में इस घोषणा के पंद्रह साल पूरे हो गए। सरकार ने घोषणा की कि 26 जनवरी, 1965 से हिंदी ही एकमात्र राजभाषा होगी। ऐसे में त्वरित प्रतिक्रिया स्वतःस्फूर्त थी। तमिलनाडु में इस बात का विरोध किया गया और द्रविड़ पार्टी सत्ता में आई। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने वादा किया था कि गैर-हिंदी भाषी लोग जब तक चाहेंगे, तब तक अंग्रेजी सह-राजभाषा के रूप में बनी रहेगी।




1965 में संकट के चरम पर सिर्फ इंदिरा गांधी के पास ही कट्टरपंथियों को चुनौती देने और वादा दोहराने का साहस था। वादों से ज्यादा प्रशासन की अनिवार्यताओं ने केंद्र सरकार को द्विभाषी होने के लिए बाध्य किया। इनका मानना था कि अन्य भारतीय भाषाओं की तरह हिंदी इतनी बहुमुखी नहीं थी कि विज्ञान, कानून, अर्थशास्त्र, इंजीनियरिंग, विदेशी व्यापार, विदेशी संबंध और अंतरराष्ट्रीय निकायों जैसे विषयों की मांगों को पूरा कर सके। हालांकि आज हिंदी देश की संपर्क भाषा है और बाजार में देश के बाहर भी चल रही है ।पर विरोधी तर्क देते रहे कि राज्य सरकारें भी द्विभाषी हैं और कानून पारित करने तथा प्रशासन के कई पहलुओं के लिए अंग्रेजी पर ही निर्भर हैं।इस बीच दूरगामी परिणामों वाले तीन विकास हुए हैं। एक, 1975 में ह्यशिक्षाह्व को राज्य सूची से समवर्ती सूची में डाल दिया गया, जिससे स्कूली शिक्षा के मामले में राज्यों की स्वायत्तता खत्म हो गई। दूसरा, भारत ने 1991 में उदारीकरण और वैश्वीकरण के साथ अंग्रेजी को भी अनिवार्य रूप से अपनाया। तीसरा, अभिभावकों की ओर से बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है।तीसरी भाषा कौन सी है ?वर्तमान विवाद नई शिक्षा नीति और विशेषतया टीएलएफ के पहलुओं को लेकर है। क्षेत्रीय और राज्य भाषा स्कूलों में ह्यपहलीह्व भाषा है, अंग्रेजी ह्यदूसरीह्व, लेकिन ह्यतीसरीह्व भाषा कौन सी है ?केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पास इन बातों को लेकर एक शानदार तर्क है। नई शिक्षा नीति (एनईपी) एक राष्ट्रीय नीति है और प्रत्येक राज्य इस नीति को अपनाने के लिए संवैधानिक रूप से बाध्य है। एनईपी तीसरी भाषा के शिक्षण को अनिवार्य तो करता है, लेकिन इस बात का निर्धारण नहीं करता है कि तीसरी भाषा हिंदी होनी चाहिए। ' एनईपी वर्तमान केंद्र सरकार की नीति है और संविधान द्वारा अनिवार्य नहीं है। तमिलनाडु की सरकारों की आधिकारिक नीति यह रही है कि सरकारी स्कूलों में तीन नहीं, दो भाषाएं ही पढ़ाई जाएंगी। तमिलनाडु सरकार ने प्राइवेट स्कूलों में हिंदी को एक विषय के रूप में पेश करने में कोई रुकावट नहीं डाली है।

तमिलनाडु में केंद्रीय विद्यालय और सीबीएसई से संबद्ध 642, आईसीएसई से मान्यता प्राप्त 77 और आईबी से संबद्ध 8 स्कूलों में हिंदी विषय है, जहां हजारों की तादाद में बच्चे हिंदी सीखते हैं। सरकार दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा या इसी तरह के अन्य संगठनों के माध्यम से हिंदी सीखने वाले लाखों बच्चों की राह में रोड़े नहीं अटकाती है। जहां तक एनईपी का सवाल है, इसमें अच्छी और अस्वीकार्य दोनों विशेषताएं हैं। विवादास्पद विशेषताओं में से एक टीएलएफ है। टीएलएफ को भले ही हिंदी भाषी राज्यों में लागू नहीं किया गया है, लेकिन गैर-हिंदी भाषी राज्यों में इसे लागू करने की मांग बढ़ी है। यह रिकॉर्ड की बात है कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा में सरकारी स्कूल केवल हिंदी की एक-भाषा नीति का प्रभावी ढंग से पालन करते हैं। इन राज्यों के सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले ज्यादातर बच्चे कोई दूसरी भाषा नहीं सीखते, क्योंकि जब वहां अंग्रेजी के शिक्षक ही बहुत कम हैं तो ऐसे में किसी दूसरी भाषा के शिक्षक होंगे, इसकी संभावना बहुत कम ही दिखती है। निजी स्कूल सरकारी स्कूलों का अनुसरण करके और हिंदी पढ़ाकर खुश होते हैं। कई स्कूल अंग्रेजी भी पढ़ाते हैं, लेकिन तीसरी भाषा नहीं। कुछ स्कूलों में जहां तीसरी भाषा पढ़ाई जाती है, वह अनिवार्य तौर पर संस्कृत है। पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में तीसरी भाषा हिंदी है, लेकिन यह बात लोग मानते हैं कि पंजाबी, गुजराती और मराठी का हिंदी से गहरा नाता है। जो अंग्रेजी पढ़ाई जाती है, उसकी गुणवत्ता काफी खराब है। जिन सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी पढ़ाई भी जाती है, वहां पढ़ने वाले बच्चे कक्षा के बाहर मुश्किल से अंग्रेजी बोल पाते हैं। यह तमिलनाडु सहित सभी राज्यों के लिए एक सच्चाई है। बोली जाने वाली और अच्छी अंग्रेजी दोनों बहुत मुश्किल हैं। जब सरकार स्वीकार्य रूप से दूसरी भाषा अंग्रेजी को ही सिखाने में असफल रही है तो फिर तीसरी भाषा को सिखाने में सफल होने की महत्वाकांक्षा क्यों रखती है ?

आज तमिलनाडु की दुकानों में आप सामान बेचने वालों से हिंदी में बोलकर सामान खरीद सकते हैं पर नेताओं को इससे खतरा लगता है जबकि भाषा की बहुलता कमाई का स्रोत बन जाती है। पर्यटन से करोड़ों रुपए कमाने वाले राजस्थान,यूपी, हिमाचल, उत्तराखंड, गोवा जैसे राज्यों के उदाहरण हैं।

### बकाया है तो सरकार ट्रिब्यूनल या हाईकोर्ट क्यों नहीं जाती : सरयू राय

**रांची।** सोमवार को बजट के पूर्व सबसे पहले प्रश्नकाल में जदयू के सरयू राय ने एक लाख 36 हजार करोड़ का मामला उठाया और मांग की यदि बकाया है, तो सरकार ट्रिब्यूनल या हाईकोर्ट क्यों नहीं जाती? वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि केंद्र की कोयला कंपनियों के पास कितना बकाया है, यह तो हिसाब हो और ट्रिब्यूनल या हाईकोर्ट में कई मामले हैं भी, इसे हम लोग लेकर रहेंगे। राज सिन्हा ने राष्ट्रीय पुलिस आयोग के अनुरूप 30 लाख की आबादी वाले धनबाद पुलिस बल की तैनाती नहीं करने से खुले आम 50 लाख, एक करोड़ मांगने और खोपड़ी खोल देने की धमकी देने का आरोप लगते हुए सरकार के लिखित जवाब को भ्रामक बताया। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि धनबाद में 37 थाने और 24 ओपी हैं और कहीं कानून व्यवस्था की समस्या नहीं है। अनेक बड़े मामले सुलझाए गए हैं। अरूप चटर्जी ने धनबाद में सिपाही और हवालदार के खाली पदों को शीघ्र भरने का मामला उठाया, तो मंत्री ने कहा कि 142 हवालदार और 686 आरक्षी के पद रिक्त हैं, जिन्हें शीघ्र भरा जाएगा।

## एक नजर

### महिला थाना से फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के बेलविगहा पंचायत अंतर्गत धावाबार गांव में हुसैनाबाद महिला थाना के प्राथमिक अभियुक्त वीरेन्द्र यादव पिता स्व. चन्द्र देव यादव बेल बिगहा पंचायत के धावाबार, थाना-हुसैनाबाद जिला पलामू के विरुद्ध हुसैनाबाद महिला थाना पुलिस द्वारा गांव में ढोल बजाकर और आत्मसमर्पण के लिए अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया। वहां पर एसआई रामनंदन प्रसाद के साथ अन्य कई पुलिस कर्मी व गांव के लोग मौजूद थे।

### परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे जैक सदस्य

**पांकी।** प्रखंड में सोमवार को वार्षिक माध्यमिक व इंटर परीक्षा 2025 के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण के लिए जैक सदस्य डॉ. प्रसाद पासवान ने पांकी के राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय, बुनियादी विद्यालय, प्रोजेक्ट नारायण हरिवंश बालिका विद्यालय, आरके प्लस टू उच्च विद्यालय, मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय डंडार कला परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जैक सदस्य डॉ. प्रसाद पासवान ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण, कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से लिया जा रहा है। मौके पर परीक्षा केंद्र कन्या मध्य विद्यालय के केन्द्रधीक्षक अमित कुमार गुप्ता, उपकेंद्रधीक्षक राम प्रसाद मिश्र, केंद्र मजिस्ट्रेट इंद्रदेव यादव, पांकी थाना ए.एस.आई श्याम लाल यादव, परीक्षा केंद्र विक्षक संजीव कुमार, ओम प्रकाश कुमार ,शैलेंद्र कुमार यादव, सतीश कुमार ,मो.इम्तियाज अहमद, सुरेंद्र सिंह जितेंद्र यादव, रंजीत पांडे ,राहुल चक्रवर्ती सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# प्रखंड के बांकी खुर्द गांव में एक ही रात तीन घरों में हुई चोरी

## पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

**◀◀ 1.6 लाख नकदी समेत हजारों रुपए की सामानों की चोरी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के पकरिया पंचायत के बांकी खुर्द गांव में रविवार की देर रात चोरों ने तीन घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार बांकी खुर्द गांव निवासी कैलाश साव के घर से एक लाख रुपए नकद व हजारों का सामान की चोरी, कपिल देव गुप्ता के घर से छह हजार नकद, विजय पांडेय के घर से कपड़ाा सहित अन्य सामान की चोरी हुई है। पीड़ित परिवार द्वारा पांकी थाना को पूरे मामले की जानकारी देते हुए लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पांकी थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना की जानकारी होने के तत्काल बाद मौके पर पहुंचे मुखिया प्रतिनिधि सह विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा ने पीड़ित परिवार से मिलकर पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने चोरों का पता लगाने के साथ पुलिस कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए आर्थिक मदद की। मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि ने बताया की तीन घरों के अलावा सत्येंद्र पांडेय के घर में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन चोर इसमें असफल रहे। तीन घरों में हुई चोरी की इस घटना से पूरे गांव में भय का वातावरण है। उन्होंने पुलिस से तत्काल चोरी के मामले का उद्भेदन की मांग की है।

### शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ 6 से

**पांकी।** प्रखंड के पगार खुर्द पंचायत अंतर्गत उडीह पगार गांव में 6 मार्च से शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ की शुरुआत की जाएगी। इसे लेकर तैयारी जोरशोर से चल रही है। फिलहाल नवनिर्मित भव्य मंदिर में साज सज्जा का कार्य सहित यज्ञ स्थल कुटिया का निर्माण कार्य प्रारंभ है। यह जानकारी यज्ञ समिति के लोगों ने दी। उन्होंने बताया कि 6 मार्च को कलश यात्रा के साथ छह दिवसीय रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा व11 मार्च को पूर्णाहुति, भंडारा व प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, यज्ञ समिति के सदस्य रणधीर सिंह, सतीश सिंह, राकेश सिंह, राहुल सिंह ,विजय सिंह, सनी सिंह ,सोनू सिंह, रविंद्र सिंह ,चंदन सिंह, रानु सिंह, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## थर्ड लाइन विस्तारीकरण से आवागमन बाधित होने से परेशान हैं कादलकुर्मी के ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थर्ड लाइन विस्तारीकरण से कादलकुर्मी के 150-200 घरों के ग्रामीणों को आवागमन बाधित हो गया है। इससे हो रही परेशानी को देखते हुए मुखिया अनीता देवी के नेतृत्व में इस काम का समय-समय पर विरोध करते हुए समस्या का समाधान करने की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने इस समस्या से सांसद को भी अवगत कराया। इसे गंभीरता से लेते हुए सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने स्थलीय जांचकर सांसद को वस्तु स्थिति की जानकारी दी। इस पर सांसद ने डीआरएम (डीडीयू, मंडल) को पत्र लिखकर समस्या का समाधान करने का आग्रह किया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि कादलकुर्मी के ग्रामीणों का उन्हें एक आवेदन मिला है। जिसमें बताया गया है कि तीसरे रेल लाइन के निर्माण से रास्ता बंद होने के कारण ग्रामीणों और स्कूली छात्र-छात्राओं को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने अंडरपास ब्रिज के उपर से लगभग 12 फीट पीसीसी पथ निर्माण के लिए अनुरोध किया है। सांसद ने ग्रामीणों की इस मांग को पूरा करने की दिशा में कार्रवाई करने का आग्रह डीआरएम से किया है। मुखिया ने बताया कि थर्ड लाइन विस्तारीकरण से आवागमन में होने वाली परेशानी को देखते हुए पहले 22 जनवरी को विरोध जताया गया, तो वैकल्पिक तौर पर कच्ची सड़क मार्ग का निर्माण कराया गया था। मगर इसमें भी व्यवधान उत्पन्न होने से आवागमन बाधित हो गया है। इस समस्या के समाधान के लिए पुनः 21 फरवरी को विरोध किया गया। समाधान नहीं कर कंपनी ने हाथ खड़े कर दिया। अब डीआरएम को लिखे सांसद के पत्र से ग्रामीणों को इस समस्या के समाधान की उम्मीद हो गई।

## अतिक्रमण के कारण नगर पंचायत क्षेत्र में रोज लग रहा जाम, आम लोग हो रहे परेशान

**▶ बड़े वाहनों के मुख्य बाजार में प्रवेश पर भी नहीं हैं कोई पाबंदी, प्रशासन मौन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के मुख्य बाजार जयप्रकाश चौक से आंबेडकर चौक तक प्रतिदिन ठेला, टेंपो व बड़े-बड़े वाहनों के लगने से जाम लग जा रहा। इस संबंध में कई बार स्थानीय लोगों ने हुसैनाबाद एसडीओ व नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर जाम से निजात दिलाने की मांग की गई थी, किंतु अब तक स्थानीय लोगों को जाम से निजात नहीं मिला। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कुछ ठेला व बड़े-बड़े वाहनों को सड़क पर ही लगाकर सब्जी उतारा जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो शहर के लोग आंदोलन को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि सबसे अधिक परेशानी एसबीआई बैंक में आने जाने वाले लोगों को हो रही है। आंबेडकर चौक से एसबीआई बैंक तक चारों तरफ सब्जी बेचने वाले लोगों के अलावा स्थानीय दुकानदार अपने अपने दुकान के बाहर अतिक्रमण कर लोगों को बेवजह परेशान कर रहे हैं। अतिक्रमण के संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी के पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया। बताते चलें कि यह स्थिति हुसैनाबाद मुख्य बाजार के अलावा जपला छतरपुर मुख्य पथ, हैदर नगर जपला मुख्य पथ पर काफी संख्या में मुख्य सड़क पर ही टेंपो लगाकर लोगों को परेशान किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। एसडीओ व एसडीपीओ के नाम से जेपी चौक के समीप एक बोर्ड लगाया गया था, जो सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। लेकिन ओवरब्रिज निर्माण के समय यह बोर्ड शहर से गायब हो गया। आज स्थिति यह है कि शहर मे बड़े वाहन भी दिन में आने-जाने से कोई रोकटोक नहीं है। यही कारण है कि जाम की स्थिति हमेशा बनी रह रही है।

## गणित विषय की परीक्षा में 475 परीक्षार्थी उपस्थित, 2 अनुपस्थित



**● हिंदी ए बी व विज्ञान विषय की स्थगित परीक्षा 7 व 8 मार्च को**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में स्थापित केंद्र में सोमवार को मैट्रिक के गणित विषय की परीक्षा ली गई। इसमें भी कैलाश उच्च विद्यालय के वही 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जो नियमित रूप से अनुपस्थित थे। सोशल साइंस विषय के दिन अनुपस्थित उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय की छात्रा परीक्षार्थी शुक्रवार को अंग्रेजी के बाद गणित विषय की परीक्षा में भी उपस्थित रही। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस स्कूल में उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के 158, कैलाश सिंह उच्च विद्यालय पंसा के 177, अपग्रेडेड हाईस्कूल रानीदेवा और सोनबरसा के क्रमशः 40 व 102 कुल 477 परीक्षार्थियों केंद बनाया गया था। मगर कैलाश सिंह उच्च विद्यालय के 2 परीक्षार्थियों के लगातार अनुपस्थित रहने से कुल संख्या 475 बनी रही। बतौर स्टैटिक मजिस्ट्रेट बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार के निरीक्षण और थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों सुरेंद्र तिवारी, सुबीर किस्कू व राजेश शर्मा की सदलबल तैनाती में सभी विषयों की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त ली गई। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार ने पूरी परीक्षा की निगरानी करते हुए दायित्व को बखूबी निभाया। अब हिंदी ए व बी और विज्ञान विषयों की स्थगित परीक्षा के 7 व 8 मार्च को लेने के बाद विषयगत लिखित परीक्षा का समापन हो जाएगा। जबकि प्रायोगिक परीक्षा गृह केंद्र में 10 से 25 मार्च तक ली जाएगी। प्रायोगिक परीक्षा और आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का संधारण 11 से 26 मार्च के बीच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। इसे लेकर भी तैयारी शुरू कर दी गई है। जैक की ओर से शुक्रवार को ही इसकी घोषणा कर दी गई थी।

### वर्ग 8-9 की परीक्षा की तिथि भी घोषित

प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जैक की ओर से वर्ग 8-9 की परीक्षाओं की तिथि भी घोषित कर दी गई है। इसके अनुसार वर्ग 8 के सभी विषयों की परीक्षा 10 मार्च को दो पालियों में ली जाएगी। इसके तहत प्रथम पाली में हिंदी, अंग्रेजी व अतिरिक्त भाषा में से किसी एक और द्वितीय पाली में गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा ली जाएगी। जबकि 9 वीं की 11 को प्रथम पाली में पहले पेपर में हिंदी ए बी, अंग्रेजी व और द्वितीय पाली में दूसरे पेपर में मैथेमेटिक्स और साइंस विषयों की परीक्षा होगी। इस वर्ग के पेपर 3 में 12 मार्च को सोशल साइंस और अतिरिक्त भाषा में से किसी एक की परीक्षा के साथ इन वर्गों की भी वार्षिक परीक्षा का समापन हो जाएगा।

## गणित विषय की परीक्षा में 1508 परीक्षार्थी में 10 अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** मैट्रिक गणित विषय की परीक्षा में सोमवार को हैदरनगर के विभिन्न केन्द्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा ली गई। इसमें कुल 1508 में 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं। राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर के केन्द्राधीक्षक बैद्यनाथ राम ने बताया कि सोमवार को इस केन्द्र पर गधित विषय की परीक्षा में 655 में 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त सहायक शिक्षकों की सक्रिय भूमिका रही है। राजकीय मध्य विद्यालय हैदरनगर (बाजार) के केन्द्राधीक्षक सुमन कुमार ने बताया कि उनके केन्द्र पर कुल 376 में एकमात्र परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा है। पीएमश्री प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय के केन्द्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कुल 477 में दो परीक्षार्थी गणित विषय की परीक्षा में अनुपस्थित हैं। इस परीक्षा को शांति व कदाचारमुक्त संपन्न कराने में संबधित क्षेत्र के पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग भी अपेक्षित रहा है।

## आस्था

## हिंदू धर्म में एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित

# रंगभरी एकादशी : पूजे जाते हैं भगवान शिव





**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** हिंदू धर्म में एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित किया जाता है। मगर साल में फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एक ऐसी एकादशी है, जो भगवान शिव को समर्पित किया जाता है। इसमें भगवान विष्णु की जगह शिव ही विधि-विधान से पूजे जाते हैं। धर्म शास्त्रों में वर्णित तथ्यों के आधार पर इस संबंध में भीम चूल्हा मंदिर के पुजारी गंगा तिवारी ने बताया कि इसे रंगभरी एकादशी कहा जाता है, जो इस साल 9 मार्च को सुबह 9.30 बजे आरंभ होगी। मगर उदया तिथि की मान्यता के अनुसार यह 10 मार्च की तिथि में मनाई जाएगी। इसके पारण का समय 11 मार्च की सुबह 6.35 से 8.13 बजे तक होगा।

**भगवान शिव को क्यों समर्पित है एकमात्र एकादशी :** इसके संबंध में वर्णित तथ्यों के आलोक में उन्होंने बताया कि इस रंगभरी एकादशी पर काशी विश्वनाथ में भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा की जाती है। मान्यता है कि इसी दिन बाबा भोलेनाथ माता पार्वती का गौना कराकर पहली बार उन्हें काशी विश्वनाथ लेकर आए थे। इस मौके को नगरवासियों ने उत्सव के रूप में मनाया था। इसकी परंपरा आज भी है। बाहर से भी व्रतधारी काशी पहुंचकर इसे मनाते हैं। इस इलाके में भी इसे भगवान शिव को समर्पित कर मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिन सुबह जातक को सोये से जल्दी जगकर स्नान करने के बाद दीप जलाना चाहिए। फिर घर के मंदिर में भगवान का गंगा जल से अभिषेक के साथ उनके समक्ष दीप जलाकर उनकी स्तुति करते हुए माता पार्वती के साथ ही बेलपत्र व फूल अर्पित कर जलाभिषेक किया जाता है। इसके साथ ही भगवान विष्णु को भी पुष्प और तुलसी चढ़ाया जाता है। ऐसा करने से जीवन में सुख, समृद्धि और शांति मिलती है।

### क्यों मनाई जाती है एकादशी

कहा जाता है कि एक बार मुर नाम के दैत्य ने भगवान विष्णु को विश्राम के समय युद्ध के लिए ललकारा। लेकिन भगवान विष्णु के गहरी निद्रा में थे। उस दौरान दैत्य ने उन्हें निद्रा के समय ही मारने की योजना बना दिया। मगर, जैसे ही वह भगवान विष्णु के करीब पहुंचा, तभी एकादशी नाम की एक कन्या उनके शरीर से उत्पन्न हो गई। फिर उसने ही मुर नाम के दैत्य का वध कर दिया था। जब भगवान विष्णु को इस बात का पता चला, तो वह प्रसन्न हुए और एकादशी को सभी तीर्थों और तिथियों में प्रधान होने का वरदान दे दिया। तभी से एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है। जिसमें उनकी पूजा का विधान है।

### कृष्ण मंदिर की वर्षगांठ पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन

**सतबरवा।** बांके बिहारी राधे कृष्णा मंदिर की 10 वीं वर्षगांठ हनुमंत पूजा के साथ हरे रामा, हरे कृष्णा 24 घंटा का अखंड कीर्तन कर मनाया गया। राधे कृष्ण मंदिर के प्रोपराइटर सुनील मिश्रा ने बताया कि बांके बिहारी राधे कृष्ण मंदिर का 10 वीं वर्षगांठ मनाया जा रहा है। जिसमें रविवार की शाम में हनुमंत पूजा के साथ सोमवार को 9:30 बजे से लेकर मंगलवार को 9:30 बजे तक 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को अखंड कीर्तन-भजन समाप्ति के बाद विशेष पूजा कर भंडारा की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर वैद्य राजेश मिश्रा, निर्दोष कुमार उर्फ अकलु बाबा समेत कई लोग इस पूजा में भाग लिए।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए ग्रामीणों के आवेदन आमंत्रित

**मोहम्मदगंज।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान के लिए संबंधित ग्रामीणों के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में सोशल मीडिया ग्रुप में मैसेज शेयर किया गया है। मैसेज प्रभारी प्रखंड खाद्य आपूर्ति सह कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम ने शेयर किया है। इसमें उन्होंने सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव एवं अन्य सभी जनप्रतिनिधियों से इस योजना के तहत विभिन्न बीमारियों में 25 हजार रुपए तक अनुदान की राशि का लाभ उठाने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को आवेदन जमा करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया है। उन्होंने सभी से उनके यहां से कम से कम 10-10 आवेदन प्रखंड कार्यालय में भेजने का अनुरोध किया है। उन्होंने मैसेज में कहा है कि उनके पास मात्र लटपौरी पंचायत का आवेदन जमा है। उन्होंने चिकित्सा अनुदान को लेकर गाइडलाइन के संबंधित किसी भी तरह की विशेष जानकारी के लिए प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से संपर्क करने की बात कही है।

### कौशल योजना के तहत जॉब के लिए आमंत्रण

**मोहम्मदगंज।** चेन्नई की एमआरएफ कंपनी, जो टायर बनाने का काम करती है, उसमें 8 घंटे की ड्यूटी के 27 हजार रुपए की सैलरी पर जॉब के लिए आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में शिक्षित बेरोजगारों को आमंत्रित करते हुए जेएसएलपीएस के जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार ने अंतिम रूप से मंगलवार को डॉक्यूमेंट के साथ प्रखंड कार्यालय में संपर्क करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि संबंधित कंपनी दो टाइम खाना और फ्री रूम भी प्रोवाइड करवाएगी। जिसका पैसा खुद से देना पड़ेगा, लगभग 1500 से 2000 तक। उन्होंने बताया कि जो भी बेरोजगार लड़का एवं लड़की मैट्रिक, इंटर, स्नातक, आईटीआई और डिप्लोमा पास हैं, वह चाहते हैं कि नौकरी करें, तो इसमें जा सकते हैं। डॉक्यूमेंट पेपर ब्लॉक से लेकर 10 बजे जिला कार्यालय ले जाया जाएगा। इसके लिए मोबाइल नंबर 9973 643701 पर उनसे सीधे संपर्क किया जा सकता है।

### सक्रिय सदस्यता के साथ कमेटी का होगा गठनः कमलेश सिंह

**हुसैनाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद स्थित आवास पर संगठनात्मक चुनाव को लेकर उनकी अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, प्रदेश, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी, सह प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार संगठन पर्व सदस्यता अभियान को लेकर पलामू जिले में भी सक्रिय सदस्यता बनाने का कार्य अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मार्च महीने में ही संगठन के बूथ, मंडल व जिला स्तरीय चुनाव कराना तय किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकांश मंडलों में बूथ कमेटी बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। बूथ कमेटी मंडल अध्यक्ष का चुनाव करेगी। इसके बाद जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि बूथ कमेटी में कम से कम तीन महिलाओं एवं सभी वर्गों की भागीदारी का होना अनिवार्य है। सभी कार्यकर्ता सक्रियता के साथ निर्धारित समय में ही बूथ एवं मंडल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर तत्परता के साथ जुट जाएं। युवा नेता योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि संगठनात्मक चुनाव पारदर्शित तरीके से नियम संगत एवं निर्धारित समय में होना जरूरी है। निष्ठावान एवं कर्तव्यनिषठ सक्रिय कार्यकर्ता को जवाबदेही मिले व संगठन मजबूत एवं धारदार हो। इस बैठक में अजित सिंह, रामप्रवेश सिंह, अखिलेश मेहता, उदय विश्वकर्मा, रंजीत पासवान, विनय पासवान, अजय प्रसाद गुप्ता, चंदन सिंह, सतीस शर्मा, संजय सिंह, रामचंद्र चौधरी, ओमप्रकाश राजवंशी, लालमुनि सिंह, माधव विश्वकर्मा, रामवृक्ष पासवान, वीरेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह, वृजदेव मेहता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### महाकुंभ स्नान करने गई वृद्धा 12 दिन बाद भी नहीं लौटी

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत किशुनडीह गांव से 20 फरवरी को 34 के जत्थे के साथ महाकुंभ नहाने गई 70 वर्षिया वृद्धा अब तक वापस नहीं लौटी है। प्रयागराज से भी इसके संबंध में परिजनों को किसी प्रकार की सूचना नहीं मिली है, जबकि उनकी काफी खोजबीन के बाद कुंभ मेला में जत्थे से बिछुड़ी इस वृद्धा की फोटो के साथ 2 मार्च को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज को संबोधित आवेदन दिया गया था। जिस पर उन्होंने एसएचओ को इनकी गुमशुदगी दर्ज करने का आदेश दिया है। जत्थे में अन्य नर-नारियों केसाथ दामाद वीरेंद्र चंद्रवंशी सपत्नीक और बच्चे भी शामिल थे, जो सभी चिंतित हैं। आवेदन पत्र में उनके पुत्र सुनील कुमार ने बताया है कि उनकी माता मानमति देवी (पति स्व. गोखुल राम), ग्राम, पोस्ट-पूर्वडीहा, थाना-चैनपुर, पलामू, 21 फरवरी को सुबह 3.10 बजे स्नान करने के बाद उसी समय पुल नंबर 6 से खो गई। उसी समय से उनकी खोजबीन शुरू कर दी गई। खोया-पाया केंद्र में भी तुरंत पंजीयन करा दिया गया। लाल बहादुर शास्त्री थाना में भी सन्हा दिया गया। भूल-भुलैया में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराया गया। मगर अभी तक उनकी माता का कुछ पता नहीं चला है। पुत्र ने उनकी माता को जल्द खोजने का प्रयास करने का निवेदन किया है। इस आवेदन में उन्होंने मोबाइल नंबर 9102589084 और 8789553062 भी अंकित किया है। बता दें कि मानमति देवी की पुत्री किशुनडीह गांव में ब्याही है। वहां से 20 फरवरी को 34 के जत्थे के साथ सभी महाकुंभ नहाने रेल मार्ग से गए थे।

### वन अधिकार कानून के नकारात्मक रवैया के खिलाफ पदयात्रा निकाली

**चिनियां।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा व सामुदायिक वन प्रबंधन संघ गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय सचिव फिलीप कुजूर, सामुदायिक वन प्रबंधन समिति संघ के मानिकचंद कोरबा के नेतृत्व में वन अधिकार कानून 2006 के प्रति नकारात्मक रवैया व अनियमितता के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर पिछले 26 फरवरी से 5 मार्च तक अभियान चलाया जा रहा है। इसकी शुरूआत भंडरिया के बरकोल, रामकंडा, विश्रामपुर, बरदरी, नवाडीह, बांनदु, रनपुरा, बेता, रानीचेरी होते हुए पदयात्रा चिनियां वन विभाग कार्यालय के सामने पहुंचा। वहां अखिल भारतीय आदिवासी महासभा ने अपनी मांग पत्र सौंपना था, लेकिन वन विभाग के कर्मी ने गेट का ताला बंद कर दिया। इस दौरान पदयात्रा में शामिल लोगों ने वहीं पर जमकर वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी करना शुरू कर दिया। मौके पर जिला अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार,केंद्रीय सदस्य सुनील मिंज,आदिवासी के शुभचिंतक जेम्स हैरंज, कविता सिंह, विनोद सिंह खरवार, रामेश्वर सिंह खरवार, अजय सिंह खरवार,रामाधार सिंह खरवार, दरोगा कोरबा, बीरबल कोरबा, मुद्रिका बैगा, छातन सिंह खरवार, दशरथ परिया ,प्रेम परहिया ,छटनी देवी, शकुंती देवी, लखपतिया देवी, नागेश्वर सिंह ,राजाराम सिंह व आदिवासी समाज के महिला-पुरुष शामिल थे।

### अमीन ने विद्यालय भूमि की मापी कर सीमांकन तय की

**कांडी(संवाददाता)।** सदर एसडीओ संजय कुमार के निर्देश पर प्रखण्ड के राजकीय मध्य विद्यालय कांडी की भूमि का सीमांकन सोमवार को किया गया। गढ़वा अंचल के अमीन कृष्णा राम ने भूमि का सीमांकन किया। उक्त विद्यालय का चाहरदीवारी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। विद्यालय के पश्चिम तरफ चाहरदीवारी का निर्माण स्कूल भवन के सटाकर किया जा रहा है, जिसको लेकर स्थानीय लोग व स्कूल प्रबंधन ने इसकी शिकायत एसडीओ से करते हुए मापी कराने की मांग किया था। बाद आज सीमांकन का कार्य किया गया। मालूम हो कि मध्य विद्यालय कांडी का कुल भूमि 60 डिसमिल सरकारी दस्तावेजों में अंकित है। हाल सर्वे के खाता संख्या 238 के प्लॉट संख्या 29 में 2 डिसमिल, प्लॉट 30 में 17 डिसमिल व प्लॉट 31 में 41 डिसमिल स्कूल का जमीन दर्ज है। कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया व भाजपा नेता विनोद प्रसाद ने कहा कि स्कूल के भूमि का सीमांकन जो किया गया है वह स्पष्ट नहीं है। मापी में पारदर्शिता नहीं बरती गयी है। कांडी की जनता को व स्कूल प्रबंधन को स्कूल का 60 डिसमिल अलग कर दिया जाए। जब तक 60 डिसमिल जमीन विद्यालय को सुपुर्द नहीं किया जाएगा यहां की जनता चुप नहीं बैठेगी।

# पलामू सांसद ने 809.72 लाख की सड़क योजनाओं का किया शिलान्यास

### आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में 10 नई सड़कों की निविदा जल्द

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जनमन) के तहत चैनपुर और रामगढ़ प्रखंड में 809.72 लाख रुपये की लागत से 9.22 किलोमीटर सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

शिलान्यास की गई सड़कों में प्रमुख रूप से गोरे से कोरवा टोला बलहीया तक (2.30 किमी), सरहुआ से कोरवा टोला (0.77 किमी), आरसीडी करसो रोड से पचलेवा (4.45 किमी), गोरे पीपराटांड कोरवा टोला से नावाडीह पीडब्ल्यूडी रोड (1.70 किमी) शामिल हैं। सांसद ने कहा कि आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में भी जल्द ही 10 नई सड़कों की निविदा जारी की जाएगी। इनमें चैनपुर हुटार आरसीडी रोड, रमकंडा डालटनगंज आरसीडी रोड, पचलेवा बभनडीह रोड सहित अन्य मार्गों का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने बताया कि सांसद निरंतर विकास की गति को तेज करते हुए सुदूरवर्ती इलाकों में अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित हैं। इस मौके पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह, प्रफुल कुमार सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष कामेश्वर सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।



## कम किराए के चक्कर में जोखिम भरा सफर, प्रशासन लापरवाह



### मालवाहक वाहनों में ठूंसकर सफर कर रहे श्रमिक, दुर्घटना की आशंका

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के बावजूद लोग जोखिम भरा सफर करने से बाज नहीं आ रहे हैं। शाम के वक्त कई मालवाहक वाहन चालक श्रमिकों को क्षमता से अधिक भरकर तेज रफ्तार में गंतव्य तक पहुंचाते हैं। इन वाहनों में महिलाएं और पुरुष दोनों बिना किसी सुरक्षा उपाय के खुले पिकअप और मिनी ट्रकों में सफर करने को विवश हैं।

रांची रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास रोजाना दर्जनों वाहन मजदूरों का इंतजार करते हैं, क्योंकि यात्री वाहनों की तुलना में यह सफर सस्ता पड़ता है। मजदूरों के अनुसार, जहां यात्री वाहन से सफर करने पर 40झ50 रुपए लगते हैं, वहीं मालवाहक वाहनों से मात्र 20 रुपए में ही वे अपने गंतव्य तक पहुंच जाते हैं।

हालांकि, ट्रैफिक प्रभारी समायल अहमद ने बताया कि कई बार ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की गई है, लेकिन मजदूर भी सस्ते सफर के लिए इन्हीं गाड़ियों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस पर निगरानी बढ़ाई जाएगी ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, विरोध में सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के बंदुआ बुढ़ीबीर मुख्य पथ पर रविवार की रात 8:30 बजे के लगभग सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मृत्यु के इलाज के दौरान हो गई। ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम कर घर ले जाने के दौरान सोमवार के 12 बजे सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के सूचना पाकर मौके पर चैनपुर अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, जिप सदस्य फैजाएल अहमद ,पंचायत के मुखिया दीनानाथ मांझी, मौके पर पहुंचे। जामकर्ता मुआवजे की मांग कर रहे थे। अंचलाधिकारी व जिप सदस्य ने ग्रामीणों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने का आश्वासन देकर जाम हटवाया। सड़क जाम करीब 45 मिनट तक रही। बता दें कि रविवार की रात चैनपुर बढ़ीबीर मुख्य पथ के बंदुआ पहाड़ी बाबा मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में बंदुआ गांव निवासी रहमतुल्ला मियां के 28 वर्षीय पुत्र तस्लीम मियां की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार मृतक तस्लीम मियां एक दुकान में मजदूरी करता था। रात में मजदूरी कर अपने घर जा रहा थ्री। इसी बीच सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक का एक बेटा व एक बेटी है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



## अबुआ बजट झारखंड के विकास का प्रतिबिंब : हृदयानंद मिश्र

नवीन मेल संवाददाता





**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने इसे राज्य के विकास का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा कि यह 'अबुआ बजट' झारखंड के समाज के हर वर्ग के समुचित विकास को सुनिश्चित करेगा और एक नया प्रतिमान स्थापित करेगा।

**जनहितकारी योजनाओं को मिली निरंतरता :** मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भैया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना और 200 यूनिट तक बिजली बिल माफी जैसी जनहितकारी योजनाएं पूर्ववत जारी रहेंगी।

**बजट में 17,000 करोड़ की वृद्धि :** उन्होंने बताया कि इस वर्ष वित्त मंत्री ने ?1,45,400 करोड़ का बजट पेश किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में ?17,000 करोड़ अधिक है। इस अतिरिक्त राशि से जनहित से जुड़े विभिन्न विभागों में आवंटन बढ़ाया गया है, जिससे झारखंड के समग्र विकास को गति मिलेगी। मिश्र ने विश्वास जताया कि यह बजट राज्य के जनमानस के चतुर्दिक विकास में सहायक सिद्ध होगा।

## न्यूज बॉक्स

### वरिष्ठ अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर अधिवक्ता सम्मान समारोह





**मेदिनीनगर।** भूतपूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी की 38वीं पुण्यतिथि और अधिवक्ता सम्मान समारोह 8 मार्च, शनिवार को पलामू जिला अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं स्वर्गीय त्रिपाठी के नाती, वरिष्ठ अधिवक्ता शशि भूषण दुबे ने जानकारी दी कि इस अवसर पर पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में कई न्यायिक अधिकारियों के साथ सैकड़ों अधिवक्ता भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान 12 अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जाएगा। स्वर्गीय सचिदानंद त्रिपाठी सदर प्रखंड के रजवाड़ीह गांव के निवासी थे। वे 1962 से 1967 तक डाल्टनगंज विधानसभा के विधायक रहे और अपने कानूनी पेशे में भी प्रतिष्ठा प्राप्त की। वे रांची उच्च न्यायालय में भी प्रैक्टिस करते थे। प्रत्येक वर्ष उनकी स्मृति में उनके नाती अधिवक्ता शशि भूषण दुबे अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन करते हैं, जिसमें अधिवक्ताओं को सम्मानित किया जाता है। स्वर्गीय त्रिपाठी का निधन 8 मार्च 1987 को हुआ था।


### सेवा सदन हॉस्पिटल में नवजात की मौत, परिजनों का हंगामा



**परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच**

**मेदिनीनगर।** शहर के सेवा सदन हॉस्पिटल में एक नवजात शिशु की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इस घटना से शिशु की मां गहरे सदमे में चली गई और बार-बार बेहोश हो रही थी। घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। अस्पताल प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बिना हेलमेट बाइक चलाते दिखे पुलिसकर्मी



नियमों का पालन कराने वाले खुद क्यों कर रहे लापरवाही?

**मेदिनीनगर।** शहर में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने वाली पुलिस के कुछ जवान ही नियमों की अनदेखी करते नजर आ रहे हैं। मेदिनीनगर में कई बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां पुलिसकर्मी बिना हेलमेट पहने या बिना नंबर प्लेट वाली बाइक चलाते देखे गए। सोमवार को पांकी रोड स्थित जीएलए कॉलेज के पास एक पुलिस जवान बिना हेलमेट और बिना नंबर प्लेट वाली अपाचे मोटरसाइकिल चलाते दिखे। यह स्थिति तब है जब ट्रैफिक पुलिस शहर में जगह-जगह वाहन जांच कर आम लोगों से नियमों का पालन कराने पर जोर देती है और उल्लंघन पर जुमार्ना वसूला जाता है। नियमों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है, चाहे वे आम नागरिक हों या वर्दीधारी जवान। कानून का पालन सुनिश्चित कराने वाले पुलिसकर्मियों को भी स्वयं इसका आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। आम नागरिकों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों की भी समय-समय पर वाहन और हेलमेट जांच होनी चाहिए, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था में पारदर्शिता और सख्ती बनी रहे।

### बाजार में शुरू हुई तरबूज की आवक, बढ़ने लगी खरीदारी

**मेदिनीनगर।** जिले में मौसमी फलों की आवक शुरू हो गई है। शहर के कचहरी रोड समेत अन्य बाजारों में तरबूज के बड़े-बड़े ढेर दिखने लगे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ इसकी मांग भी धीरे-धीरे बढ़ रही है। व्यापारियों के अनुसार, करीब एक सप्ताह पहले से तरबूज की बिक्री शुरू हुई है। फिलहाल यह ?30 प्रति किलो बिक रहा है। अभी खरीदारी कम है, लेकिन जैसे-जैसे तापमान बढ़ेगा, मांग में इजाफा होगा। शहर के विभिन्न इलाकों में खुदरा विक्रेता ठेलों पर तरबूज बेच रहे हैं। जिले में कुछ स्थानों पर तरबूज की स्थानीय खेती होती है, लेकिन अधिकतर तरबूज महाराष्ट्र से आयात किए जाते हैं। लोग इसे नाश्ते और दोपहर के भोजन में नमक के साथ खाना पसंद करते हैं।

### धान अधिप्राप्ति केंद्र पर एक लाख क्विंटल धान जमा,मिलर नहीं कर रहे उठाव

**मेदिनीनगर।** पलामू को मिले दो लाख क्विंटल धान अधिप्राप्ति लक्ष्य के विपरीत 156417.65 क्विंटल धान अधिप्राप्ति कर ली गई है।हालांकि धान अधिप्राप्ति केंद्र पर खरीदे गए धान में से मात्र 56381.04 क्विंटल धान को ही राइस मिल द्वारा उठाव किया गया है।इस कारण किसानों में चिंता बढ़ रही है।साथ ही सभी अधिप्राप्ति केंद्र पर जगह की कमी होने के कारण वे अन्य किसानों से धान खरीदने से भी कतरा रहे हैं। बताते चलें कि जिले में धान अधिप्राप्ति की शुरूआत दिसंबर में हुई थी जिसके बाद ग्राहक किसानों का निबंधन कर उन्हें धान बेचने हेतु लगातार संदेश भेजा जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलामू जिले में कुल 42 धान अधिप्राप्ति केंद्र हैं। साथ ही 12928 किसानों का इस दौरान निबंधन हुआ है। जिनमें से 12765 किसानों को एसएमएस भेजा जा चुका है। दौरान कुल 302 किसानों को दूसरी किश्त भी दी जा चुकी है।

चैनपुर पैक्स केंद्र पर पिछले सप्ताह मात्र 200 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। जबकि बमुश्किल चार किसानों ने अपना धान बेचा है।इस से जिले के धान अधिप्राप्ति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## मैट्रिक व इंटर की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न

### गणित, साइकोलॉजी और कंप्यूटर साइंस की परीक्षा में हजारों परीक्षार्थी शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सोमवार को जिले में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी गई, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9:45 बजे शुरू हुई, जिसके लिए परीक्षार्थियों को एक घंटे पहले परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा दोपहर 1 बजे तक चली। जिले में कुल 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिसमें डाल्टनगंज अनुमंडल में सबसे अधिक 50 केंद्र थे। गणित विषय की इस परीक्षा में कुल 34,574 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 34,335 उपस्थित हुए, जबकि 239 अनुपस्थित रहे।

**इंटरमीडिएट परीक्षा: साइकोलॉजी व कंप्यूटर साइंस का पेपर**



इंटरमीडिएट की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को दोपहर 1 बजे से प्रवेश दिया गया। इस पाली में कला संकाय के छात्रों ने साइकोलॉजी और विज्ञान व वाणिज्य संकाय के छात्रों ने कंप्यूटर साइंस की परीक्षा दी।

कुल 5,194 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 72 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में किसी भी छात्र को कदाचार के आरोप में निष्कासित नहीं किया गया।

परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर निषेधाज्ञा लागू रही। केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात रहे, जिससे परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से हो सका।

शिक्षा विभाग ने परीक्षाओं के सफल और निष्पक्ष आयोजन के लिए प्रशासन की व्यवस्था को सराहा और छात्रों से अनुशासन के साथ आगामी परीक्षाओं की तैयारी करने का आह्वान किया।

## दिशाहीन और विकास विरोधी बजट : अमित तिवारी



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार का 2025 का बजट दिशाहीन और विकास विरोधी है। इस बजट में समाज के सभी वर्गों की अनदेखी की गई है। हेमंत सरकार द्वारा पेश किए गए इस बजट से स्पष्ट हो गया कि नौजवानों, छात्रों और विकास के प्रति उनकी कोई गंभीर प्रतिबद्धता नहीं है। किसानों की सिंचाई की समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। झारखंड के लोगों को इस बजट से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन सरकार ने उन्हें निराश किया। चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादे भी झूठे साबित हुए। सरकार ने 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, लेकिन बजट में इसका कोई जिक्र नहीं है। महिलाओं के स्वावलंबन, रोजगार और विकास की भी पूरी तरह अनदेखी की गई। युवाओं के रोजगार को लेकर कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई। कुल मिलाकर, यह बजट झारखंड की जनता के साथ एक बड़ा धोखा साबित हुआ है।

# वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में सत्ता और सोशल मीडिया सबसे बड़ी चुनौती

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संस्कृतिक पाठशाला की 66वीं कड़ी में 'वैज्ञानिक चेतना के विस्तार की चुनौतियां और उनके समाधान' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता इप्टा के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह और संस्कृतिकर्मी ललन प्रजापति ने संयुक्त रूप से की। कार्यशाला की भूमिका रखते हुए प्रेम प्रकाश ने कहा कि वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में आने वाली चुनौतियों की पहचान और समाधान की रणनीति बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिना वैज्ञानिक चेतना के कोई भी विकास नीति सतत और प्रभावी नहीं हो सकती।



### सत्ता, सोशल मीडिया और अंधविश्वास बनीं प्रमुख बाधाएं

शिक्षक गोविंद प्रसाद ने कहा कि सत्ता की नीतियां, मीडिया और सोशल मीडिया वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में सबसे बड़ी बाधा बन रहे हैं। फिजियोथैरेपिस्ट कुलदीप राम ने भाषा और बाजारवाद को भी एक महत्वपूर्ण चुनौती बताया। रवि शंकर ने अंधविश्वास और रूढ़िवाद को वैज्ञानिक सोच के प्रसार में बड़ी अड़चन करार दिया। प्रेम प्रकाश ने कहा कि वैज्ञानिक सोच विकसित होने के बावजूद पारंपरिक मान्यताओं से जुड़े भय और सामाजिक दबाव लोगों को बदलाव से रोकते हैं।

### सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर जोर

रवि शंकर ने संस्कृतिक पाठशाला को वैज्ञानिक चेतना के विस्तार का प्रभावी माध्यम बताया और इसके प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि सोशल मीडिया का उपयोग अवैज्ञानिकता फैलाने के लिए किया जा सकता है, तो इसे वैज्ञानिक चेतना बढ़ाने के लिए भी प्रभावी रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है।

### विज्ञान और समाज के बीच विरोधाभास

ललन प्रजापति ने कहा कि बिना तर्क के वैज्ञानिक सोच का निषेध करना एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने उदाहरण दिया कि जब बच्चे विज्ञान में सूर्य और चंद्रग्रहण के वैज्ञानिक कारण पढ़ते हैं, लेकिन सामाजिक रूप से उन्हें अंधविश्वास और कर्मकांडों में फंसाया जाता है, तो उनकी वैज्ञानिक चेतना बाधित होती है। उन्होंने यह भी कहा कि राफेल लड़ाकू विमान को शक्तिशाली कहकर खरीदना और फिर उसका उद्घाटन नारियल फोड़कर करना वैज्ञानिक चेतना का विरोधाभास है।

### स्वयं में बदलाव सबसे महत्वपूर्ण चुनौती

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे सुरेश सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में कई बाधाएं हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण चुनौती खुद को बदलना है। हम वैज्ञानिक सोच की वकालत तो करते हैं, लेकिन अक्सर सामाजिक दबावों के सामने झुक जाते हैं।

### सीओ ने निर्माणाधीन स्टॉफ क्वार्टर का किया निरीक्षण

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय परिसर में 5 करोड़ 82 लाख की लागत से बन रहे बीडीओ, सीओ आवास सहित स्टाफ क्वार्टर की चाहरदीवारी में घटिया किस्म के ईंट का प्रयोग की शिकायत के बाद अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईंट की गुणवत्ता को देखने के बाद नाराजगी जतायी। उन्होंने संवेदक को अच्छी गुणवत्ता वाले ईंट लगाने का निर्देश दिया। सीओ के निर्देश के बाद संवेदक ने अच्छी क्वालिटी का ईंट लगाने की बात कही। बताया जाता है कि स्टाफ क्वार्टर की चहारदीवारी में तीन नंबर के ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। जिसमें आधे से अधिक चाहरदीवारी बना दी गई है। इस संबंध में सीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि स्टाफ क्वार्टर के चाहरदीवारी में घटिया क्वालिटी का ईंट को हटाकर अच्छी क्वालिटी का ईंट लगाने का निर्देश दिया गया है।

## विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने राज्यपाल से की मुलाकात



- विकास कार्यों में अनियमितता पर जताई आपत्ति
- सड़क निर्माण की शिथिलता और जल-नल योजना में वित्तीय गड़बड़ी की जांच की मांग

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में भेंट कर क्षेत्र में विकास योजनाओं में हो रही अनियमितताओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राज्यपाल को अवगत कराया कि संवेदक मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन्स द्वारा तरहसी-तेतराई-बलियारी मोड़ सड़क निर्माण में शिथिलता बरती जा रही है। पांकी प्रखंड के दूब-छतरपुर मार्ग पर अमानत नदी के अधूरे पुल के धंसने और घटिया निर्माण को लेकर भी 2021 में गठित जांच समिति ने अब तक रिपोर्ट नहीं सौंपी है। इसके अलावा, विधायक ने पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में जल-नल योजना में संवेदकों और अधिकारियों की मिलीभगत से हुए वित्तीय अनियमितताओं की भी शिकायत की। उन्होंने कहा कि विभागों में बार-बार शिकायत के बावजूद दोषी संवेदकों को दंडित करने के बजाय संरक्षण दिया जा रहा है। राज्यपाल ने सभी मामलों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जांच कराने का आश्वासन दिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## एक नजर

### मानक के तहत सड़क नहीं बनने से ग्रामीण नाराज

**रंका।** रंका-चिनियां मुख्य पथ से मझिगावां, गुलरूवाटांड़ होते हुए उचरी जाने वाली कालीकरण पथ में अनियमितता देखकर ग्रामीण भड़क गये। जानकारी के अनुसार सोमवार को रंका, चिनियां, मझिगवां मुख्य पथ से गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि यह रोड रंका चिनियां मझिगावां गुरुवाटांड़ होते हुए उचरी जा रही है। संवेदक द्वारा इस सड़क में सरकार के मानक को ताक पर रखकर सड़क का निर्माण की जा रही है। इस संबंध में भाजपा नेता बलराम यादव ने बताया कि सड़क में एक फिट गड्ढ की जाती है। उसके बाद पानी डालकर रोलर से छिटाई होती है।

### मुखिया संघ के अध्यक्ष बने मूंगा साह

**केतार।** पंचायत सचिवालय बलिगढ़ के प्रांगण में सोमवार को मुखिया संघ अध्यक्ष का चुनाव मुखिया मुनी देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष प्रमोद कुमार को अध्यक्ष पद से मुक्त करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद प्रखंड के छह मुखिया ने मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह को सर्वसम्मति नये मुखिया संघ के अध्यक्ष चुना। यह भी निर्णय लिया गया कि मुखिया संघ अध्यक्ष द्वारा छह माह में सकारात्मक कार्य नहीं किया गया तो इन्हें भी विरमित कर दिया जाएगा। बैठक में परती कुशवानी मुखिया मुन्नी देवी,पचाडुमर मुखिया श्याम सुंदर बैठा, लोहरगाड़ा मुखिया नीलम देवी, बलिगढ़ मुखिया ललिता कुमारी, परसोडीह मुखिया बसंती देवी, मुकुन्दपुर मुखिया मूंगा साह,प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद, सिताराम शर्मा, मनोरंजन गुप्ता, अखिलेश प्रसाद उपस्थित थे।

### श्रद्धालुओं की पहली पंसद है बुढ़ीखांड़ हनुमान मंदिर

**मझिआंव।** बुढ़ीखांड पहाड़ की तलहटी में स्थित हनुमान मंदिर, जो कोयल नदी के किनारे शांतिपूर्ण वातावरण में स्थित है। यह प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। इस स्थान की प्राकृतिक सुंदरता, हरे-भरे पेड़-पौधे और नदी का शांत प्रवाह,हनुमान मंदिर के समीप मनमोहक विहंगम दृश्य संगम स्थान, कोयल नदी के कल-कल शीतल जल है।

# 31 अतिक्रमणकारियों को सीओ ने भेजा नोटिस

## 20 मार्च तक स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का आदेश




**नवीन मेल संवाददाता**

**रमकंडा।** रमकंडा निवासी सत्यनारायण मिस्त्री पिता स्व. जगधारी मिस्त्री की शिकायत पर अंचल अधिकारी अनिल रविदास ने 31 अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिये नोटिस जारी किया है। इन्हें सरकारी रास्ते की भूमि पर से 20 मार्च तक अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया है।

**क्या है मामला :** जानकारी के अनुसार सत्यनारायण मिस्त्री ने सरकारी रास्ते की भूमि प्लॉट 2203 पर अतिक्रमण किया है। जिस पर अतिक्रमनवाद संख्या 01/-23-24 चल रहा है। इसी वाद के दाखिल जवाब में सत्यनारायण मिस्त्री की ओर से शिकायत किया गया है कि रमकंडा मौजा के खाता संख्या 766 प्लॉट 2353 भी सरकारी रास्ते की भूमि है। जिस पर कई लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। शिकायत में अंचल अधिकारी की ओर से 2353 प्लॉट पर अतिक्रमित इन लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं किये जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के माध्यम से सीओ पर आरोप लगाया है कि सीओ पक्षपात पूर्ण व्यक्तिगत रूप से सरकारी रास्ते की भूमि 2203 प्लॉट पर ही कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं 2353 पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में इन आरोपों को खारिज करते हुए सत्यनारायण मिस्त्री की शिकायत पर सीओ की ओर से 2353 प्लॉट की भी जांच करायी गयी। वहीं अतिक्रमणवाद की कार्रवाई शुरू करते हुए चिन्हित किये गये 31 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया।

### जिसके पक्ष में समर्थन, उसने ही की है शिकायत

दरअसल पिछले 30 जनवरी को अतिक्रमणवाद संख्या 01/23-24 के मामलों पर प्रतिनियुक्त किये गये दंडाधिकारी रमकंडा बीडीओ संजय कोंगड़ी पुलिस बल के साथ सत्यनारायण मिस्त्री की ओर से अतिक्रमित 2203 प्लॉट की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने गये थे। इस दौरान ग्रामीणों सहित 2353 के कुछ अतिक्रमणकर्ताओं ने सत्यनारायण मिस्त्री पर हो रही अतिक्रमण की कार्रवाई का विरोध किया था। वहीं इसे गलत बताते हुए पक्षपात पूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया था। लेकिन अब सत्यनारायण मिस्त्री की शिकायत पर ही 2353 प्लॉट पर भी अतिक्रमण की कार्रवाई शुरू हो गयी। साथ ही सीओ ने नोटिस जारी कर दिया।

### कादल ने बहियार टीम को 9 रन से हराया

**केतार।** लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में आयोजित श्री मां चतुभुर्जी प्रिमियर लीग सीजन-1 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में रविवार को कादल की टीम ने बहियार टीम को नौ रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश कर गई है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए कादल की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 66 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी बहियार की टीम निर्धारित 10 ओवर में 57 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच कादल टीम के अंकित कुमार को मिला। तीसरे मुकाबले में डुमरसोता ने बेलपहाड़ी को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौदान में मौजूद थें। मौके पर आयोजनकर्ता पंकज कुमार सिंह, अध्यक्ष बिट्टू सिंह, गौतम पाल, ऐनुअल परवेज, हेमंत मेहता,रामाश्रय मेहता, सोनू सिंह, दिलीप कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बजट युवाओं के लिए संतोष जनक नहीं: प्रिंस



**कांडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार ने बजट पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड सरकार द्वारा पेश की गई इस बजट में हर बार की भांति इस बार भी युवाओं और विद्यार्थियों को निराशा ही हाथ लगी है। सरकार ने चुनाव के दौरान जहां शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में सुधार के बड़े-बड़े सुधार के वादे किए थे, लेकिन बजट में दूर-दूर तक कहीं भी इन बातों का जिक्र तक नहीं है। बजट में सरकार को रोजगार के क्षेत्र में और ध्यान देना चाहिए था क्यों कि पूर्व में ही सरकार का लक्ष्य था कि एक साल में 5 लाख नौकरी दिया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार को गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए था। यह बजट युवाओं के लिए संतोषजनक नहीं है। बजट में गुरु जी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड जैसी हवा हवाई योजना की तरह कही बाल्मीकि छात्रवृति योजना भी कागजों तक ही सीमित न रह जाए। झारखंड में स्कूली शिक्षा और विश्वविद्यालयी शिक्षा की स्थिति बदतर है, लेकिन इस बार के बजट में सरकार ने ईश्वर बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया है। कुल मिलाकर या बजट केवल जेएमएम और कांग्रेस का बजट है। इसमें न तो किसानों का हित है और न ही युवा व विद्यार्थियों का।

### अबुआ आवास के 8 फर्जी लाभुकों ने राशि वापस की

**डंडई।** प्रखंड के पचोर पंचायत में अवैध रूप से अबुआ आवास योजना के लाभुक बने आठ लोगों ने प्रखंड कार्यालय में पैसा वापस कर दिया है। इस बीच उक्त लाभुकों द्वारा प्रति लाभुक 30 हजार रुपए के अनुसार कुल दो लाख 40 हजार रुपए की राशि वापस किया गया है। बता दें कि बीडीओ देवलाल करमाली ने पंचायत के नौ लाभुकों के खिलाफ नोटिस जारी कर 24 घंटा के अंदर फर्जी लाभुकों को प्रखंड कार्यालय में राशि जमा करने का निर्देश दिया था। राशि जमा नहीं करने पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की चेतावनी दी गई थी। अब तक एक लाभुक को छोड़कर शेष ने अपनी राशि प्रखंड कार्यालय में जमा कर दिया है। जिन लाभुकों ने राशि वापस की है उनमें लाभुक शीला देवी पति कमलेश राम, ललिता देवी पति रामेश्वर साह, सुरजी देवी पति फुदी साह सहित अन्य के नाम शामिल हैं। बीडीओ ने बताया कि राशि वापसी के लिए पचोर पंचायत में 9 लाभुक के खिलाफ नोटिस जारी किया गया था। साथ ही 24 घंटा के अंदर राशि वापस करने के लिए उन्हें सख्त चेतावनी भी दी गई थी। उन्होंने बताया कि उक्त लाभुको में आठ लोगों द्वारा राशि वापस कर दिया गया है। एक लाभुक के बारे में कई स्तर से जांच कराया गया, जिसमें वह योजना पाने की हकदार पाई गई। इस कारण उसे राशि वापस करने से मुक्त कर दिया गया है। बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र के वैसे अबुआ आवास योजना के लाभुको से अपील करते हुए कह कि जो इस योजना का लाभ पाने के पात्र नहीं हैं, बावजूद उन्हें योजना मद की राशि प्राप्त हो गई है, वैसे लोग शीघ्र ही आवास कोऑर्डिनेटर या पंचायत सचिव से संपर्क कर राशि वापस कर दें।

# हाथियों के आतंक से ग्रामीण भयभीत

**12 एकड़ में लगे फसलों को किया बर्बाद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड के कनहर तटीय इलाकों में हाथियों का झुंड विचरण करने व खेतों में लगे फसलों को रौंदने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना है। बता दें कि धुरकी प्रखंड के शुरू सेमरवा गांव होते हुए रविवार की मध्य रात्रि हाथियों का झुंड ने परासपानी खुर्द के किसानों के खेतों में लगे गेहूं और रहर के 12 एकड़ में लगे फसलों को बर्बाद कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार परासपानी खुर्द के राजेश यादव ,कामता यादव ,प्रेम नारायण यादव ,प्रयाग यादव रामचंद्र यादव, कृष्ण यादव के खेत में लगे फसलों को हाथियों के झुंड ने रौंद डाला। ग्रामीण अपने स्तर से हाथियों को भगाने का आवश्यक प्रयास किए, परंतु हाथियों का झुंड फसलों को बर्बाद करने में लगा रहा। ग्रामीण राजेश यादव ने बताया कि एक एकड़ में लगे गेहूं की खेती पूरी तरह से बर्बाद हो गई। अब खाने को लाले पड़ेंगे। उन्होंने बताया कि मशाल बनाकर हाथियों को भगाने का प्रयास किया, मगर हाथी भागे नहीं। हाथियों के सक्रियता से ग्रामीणों को घर से बाहर निकालना काफी मुश्किल हो गया है। वनपाल प्रमोद यादव ने बताया कि जिस भी ग्रामीण किसान का हाथियों द्वारा फसल नुकसान हुआ है, वह फसल नुकसान का तस्वीर के साथ खाता नंबर, आधार कार्ड, जमीन का रसीद सहित अन्य दस्तावेज के साथ आवेदन करें। जांच के बाद उन्हें उचित मुआवजा सरकार द्वारा दिया जाएगा।

# थाना में दर्ज मामला ससमय निष्पादित करें: रतन कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में बंशीधर नगर अंचल के 5 थाना के थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में थाना प्रभारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह बताया कि अपराध नियंत्रण को रोकने, वारंटी की गिरफ्तारी करने, मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व रमजान तथा आगामी होली पर्व को लेकर विशेष निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर थाना में दर्ज मामले को सह समय उसे निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व रमजान रविवार से शुरू हो चुका है और आगामी होली पर्व को लेकर शहर के चौक चौराहों पर विशेष नजर बनाए रखें। साथ ही साथ पुलिस पेट्रोलिंग में तेजी लाने को कहा है। बढ़ते वाहन दुर्घटना को रोकने के लिए दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित करें और अपने-अपने थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान लागातार चलायें, जिससे वाहन दुर्घटना को रोका जा सके। बैठक में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक व महिला थाना प्रभारी रुक्मिणी कुमारी,धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार,रमुना थाना प्रभारी आकाश सिंह तथा बिशनपुरा थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह उपस्थित थे।

### आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**कांडी।** थाना प्रभारी अविनाश राज ने नियमित अभियान के तहत अभियान चलाकर कांडी थाना के प्राथमिक अभियुक्त ग्राम मोखापी निवासी विजय राम को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।

Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक................../दिनांक ..........................

**अल्पकालिन सैरात/व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क बंदोबस्ती की आम सूचना(2nd Call)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत सैरात/नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से एक वर्ष के लिए 1.04.2025 से बन्दोवस्त की जानी है। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :–

| ६ | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | बन्दोवस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए जो अनुमानतः दोपहर 12 बजे से अगला दिन दोपहर 12 बजे तक। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **नगरपालिका व्यवसायिक वाहन शुल्क** | | | | | | |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 27,61,000 (सताइस लाख एकसठ हजार रूपए मात्र) | 2,76,100.00 (दो लाख छिहत्तर हजार एक सौ रूपए मात्र) | दिनांक–10.03.2025 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–10.03.2025, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 10000 (दस हजार रुपये) | 1. तीन चक्का वाहन – 20 रु<br>2. कमांडर – 30 रु<br>3. ट्रेक्टर –30 रू0<br>4. चार चक्का (407/pick up, आदि के लिए–40 रू0<br>5. 6 से 10 चक्का तक वाहन के लिए –100 रू0<br>6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए–200 रू0 |
| | **सैरात बन्दोबस्ती** | | | | | | |
| 01 | बाजार सैरात दुकानदार बाजार सैरात फुटपाथ दुकानदार (नगरपालिका अधीन संपूर्ण क्षेत्रों में) | 700700.00 (सात लाख सात सौ रुपये) | 70070.00( सत्तर हजार सत्तर रुपये) | दिनांक–10.03.2025 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–10.03.2025, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000.00 (पॉच हजार रुपये) | चलन्त ठेला गुम्टी/ठेला/अस्थायी दुकान इत्यादि<br>1- 0–30 वर्ग फीट– 10 रु/दिन<br>2- 30 वर्ग फीट से अधिक– 20रु दिन<br>(निविदा की शर्तें कंडिका –5 में बोली में न्यून्तम 20000.00रु एवं अधिक्तम 40000.00रु का अंतर की बोली लगानी होगी।) |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 347547 District(24-25)D


# छात्रों को सड़क सुरक्षा से अवगत कराया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देश पर जाटा स्थित हाई स्कूल में छात्रों का काउंसलिंग कर सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया गया। इसके तहत बाइक चलाने समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करने, नाबालिग को वाहन चलाने की अनुमति नहीं देने, गति सीमा को पार नहीं करने की जानकारी दी गई। इसके अलावा रोड पर कभी भी क्रोधित होकर वाहन का प्रयोग नहीं करने, हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिटन योजना के बारे में भी जागरूक दिया गया। बताया गया कि सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। सभी लोगों से अनुरोध किया कि कभी भी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को देखें तो निष्पक्ष होकर आगे बढ़कर दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को मदद करें या नजदीक अस्पताल में पहुंचा कर गुड सेमिरिटन बने। लोगो के बीच रोड़ सेफ्टी हैंडबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन संजय बैठा, परिवहन कार्यालय के अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थें।

### आग पीड़ित को झामुमो नेता ने दिया आर्थिक सहयोग

**खरौंधी (गढ़वा)।** करीवाडीह हुसरू निवासी गुड्डू उरांव का आग से जले घर और सामान की सूचना पर सोमवार को स्थानीय झामुमो नेता संजीव कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर आर्थिक सहयोग प्रदान किया। साथ ही उन्होंने गुड्डू उरांव को आवास दिलाने और हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। संजीव कुमार सिंह ने बताया कि पिछले दिनों आग लगने से गुड्डू उरांव का घर और उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था।

# 31 मार्च तक होल्डिंग टैक्स जमा करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में सोमवार को होल्डिंग टैक्स वसूली को लेकर नगर पंचायत कर्मी के साथ कार्यपालक पदाधिकारी राज कमल ने बैठक की। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि नगर पंचायत क्षेत्र में आने वाले मकान का होल्डिंग टैक्स जो लोग बकाया रखे हुए है वह अपना होल्डिंग टैक्स नगर पंचायत कार्यालय में जल्द से जल्द जमा कर दें। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में आने वाले मकान का होल्डिंग टैक्स जिनका जिनका बकाया है। वह नगर पंचायत कार्यालय में जमा कर दें। होल्डिंग टैक्स बकाया रखने वाले मकान मालिकों को पहले से नोटिस भेजी गई है। जिन लोगों को होल्डिंग टैक्स बकाया रहने पर नोटिस नहीं गई है, वैसे लोगों को नोटिस भेजने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिए गए समय सीमा के भीतर होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं करनें पर उन्हें दूसरा नोटिस भेजी जाएगी। दूसरे नोटिस भेजने के बावजूद भी नोटिस में समय अवधि के अंदर होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं करते हैं तो उन सभी का एकाउंट फ्रीज किया जाएगा। साथ ही विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिनका भी होल्डिंग टैक्स बकाया है वह 31 मार्च 2025 तक जमा कर दे। बैठक में नगर प्रबंधक रवि कुमार, प्रमेय मंडिलवार,राजस्व निरीक्षक दिलीप कुमार व सुजीत कुमार, नसीम खान,टैक्स कलेक्टर कर्मी अमित कुमार,रमेश कुमार तथा कई लोग शामिल थे।

### दो मध्य विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण संपन्न

**केतार।** प्रखंड के मध्य विद्यालय खैरवा और मध्य विद्यालय पचाडूमर में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयोजिका और सभी सदस्यों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में उपस्थित सीआरपी श्याम किशोर और बीआरपी रमेश कुमार रजक ने प्रोजेक्टर के माध्यम से उनके कर्तव्यों और दायित्व का बोध कराते हुए निष्ठा और ईमानदारी का पाठ पढ़ाया। सीआरपी ने अध्यक्ष और सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने में आप सबों की महती भूमिका है, ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पूर्ण रूप से विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को मिले। साथ ही विद्यालय में गुणवत्ता पूर्ण पठन पाठन चले। उन्होंने सभी लोगों से प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को आत्मसात करते हुए विद्यालय में सुंदर वातावरण का निर्माण करने पर बल दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक दिनेश प्रजापति, सहायक अध्यापक राजेश कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# थाना परिसर में मधुमक्खियों के हमले से घायल हो चुके हैं पुलिस व ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना परिसर में मधुमक्खियों का आतंक बना बढ़ गया है। इससे न सिर्फ पुलिसकर्मी बल्कि ग्रामीण भी डरे हुए हैं। मधुमक्खियों के लगातार हमले से थाना प्रभारी रजनी रंजन सहित अब तक कई पुलिसकर्मी और ग्रामीण इनके डंक का शिकार हो चुके हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोग थाना परिसर में जाने से पहले कई बार सोचने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, थाना परिसर में लगे पीपल के कई पेड़ों पर मधुमक्खियों ने बड़े-बड़े छत्ते बना लिए हैं। जब भी कोई शोर या हलचल होती है, तब मधुमक्खियां अचानक झुंड में हमला कर देती हैं। अब तक कई पुलिसकर्मियों को मधुमक्खियों ने काट लिया है, जिससे उन्हें अस्पताल तक जाना पड़ा। ग्रामीणों की भी यही स्थिति है। कई लोग किसी समस्या को लेकर थाना जाने से कतराने लगे हैं, क्योंकि डर है कि कहीं मधुमक्खियों का शिकार न बन जाएं। पुलिस प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए उच्च अधिकारियों को सूचना दी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। मधुमक्खियों को हटाने के लिए वन विभाग या किसी विशेषज्ञ की मदद लेने की जरूरत बताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि लोग बिना किसी डर के थाना जा सकें और पुलिसकर्मी भी सुरक्षित रह सकें।


## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
### कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार
E-Mail ID:- scolatehar@gmail.com

**आम सूचना**

1. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, राँची का राज्यादेश सख्या –29, दिनांक 01.07.2024 भूमि संरक्षण निदेशालय झारखण्ड, राँची के पत्रांक 758 दिनांक 31.07.2024 के द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agriculture (SMAM) उपयोजना के तहत् कृषक समूह/व्यक्तिगत कृषक को अनुदानित दर पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0 | कृषि यंत्र का नाम | भौतिक लक्ष्य | अधिकतम अनुदान राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | 10 | 80 प्रतिशत या 8.00 लाख रु0 प्रति कृषि उपकरण बैंक लागत 10 लाख रुपये। |
| 2 | Tractor 4WD (08-20 PTO HP) | 5 | रु0 2.25 लाख प्रति इकाई |
| 3 | Tractor 2WD (20-40 PTO HP) | 20 | रु0 2.50 लाख प्रति इकाई |
| 4 | Self Propelled Weeder (below 2 bhp) | 7 | रु0 0.25 लाख प्रति इकाई |
| 5 | Self Propelled Weeder (Above 2 bhp) | 2 | रु0 0.35 लाख प्रति इकाई |
| 6 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | 2 | रु0 1.5 लाख प्रति इकाई |
| 7 | Self Propelled Crop Reaper(4 Rows) | 5 | रु0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| | **Tractor ( Below 20 BHP) driven** | | |
| 8 | MB plow(Single Bottom) | 3 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 9 | Cage Wheel | 5 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 10 | Cultivator | 5 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 11 | Multi Crop Treashers | 3 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 12 | Paddy Treasher | 2 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| | **Tractor ( Above 20-35 BHP) driven** | | |
| 13 | MB plow(Single Bottom) | 3 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 14 | Cage Wheel | 20 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 15 | Cultivator | 20 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 16 | Multi Crop Treashers | 3 | रु0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 17 | Paddy Treasher | 3 | रु0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 18 | Rotovator upto 5 feet | 5 | रु0 0.35 लाख प्रति इकाई |
| 19 | Rotovator 5 feet | 2 | रु0 0.42 लाख प्रति इकाई |
| 20 | Rotovator 6 feet | 11 | रु0 0.44800 लाख प्रति इकाई |
| 21 | Rotovator 7 feet | 2 | रु0 0.47500 लाख प्रति इकाई |
| 22 | Mini Dal Mill | 1 | रु0 1.50 लाख प्रति इकाई |
| 23 | Manual Sprayer Knapsack/Battery Operated sprayer | 11 | रु0 0.00750 लाख प्रति इकाई |
| 24 | Solar Operated Knapsack Sprayer | 9 | रु0 0.0180 लाख प्रति इकाई |
| 25 | Powered Knapsack Sprayer/Power Operated Sprayer (Capacity 8-12 lts) (≤ 0.75 hp engine) | 11 | रु0 0.0310 लाख प्रति इकाई |

**लाभुक का चयन**

1. इस योजना के कार्यन्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त स्वय सहायता समूह के सूची को वरीयता दिया जा सकता है।
2. जिन कृषक समूहों एवं कृषको द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्द्रीय प्रायोजित/ राज्य योजना के माध्यम से कृषि यंत्र प्राप्त किया गया हो उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
3. इस योजना के तहत् प्रत्येक कृषक का एक वित्तीय वर्श में एक ही आवेदन स्वीकार होगा।
4. कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु प्राप्त आवेदनों की जॉचोपरान्त उन पर सम्बंधित ग्राम सभा से अनुशंसा प्राप्त कर चयन प्रक्रिया की जायेगी।
5. आवेदन भूमि संरक्षण कार्यालय लातेहार से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 19.03.2025 निर्धारित की जाती है।

**विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पता:–**कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार ।
संयुक्त कृषि भवन भूतल, **फोन नं0–06562–230223**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 347664 Agriculture(24-25)#D


## परेशानी

### वन विभाग के प्रयास के बाद भी नहीं किया जा सका रेस्क्यू, ग्रामीणों ने भय व्याप्त

# जंगल से भटक कर गांव में पहुंचा बारहसिंघा



पुलिस द्वारा भटका हुआ बारहसिंघा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित ग्राम कांडी के कोइरी टोला में सोमवार की सुबह पानी पीने के तलाश में एक जंगली बारहसिंघा भटक कर पहुंचा गया। ग्रामीणों की नजर बारह सिंघा पर पड़ी तब आस पास के लोग भयभीत हो गए। कोइरी टोला में बाहरसिंघा की पहुंचने की खबर आग की तरह आस पास के इलाके में फैल गई। काफी संख्या में लोग बारहसिंघा देखने के लिए पहुंचे। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई। कांडी को रेस्क्यू करने के लिए वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रेंज ऑफिसर प्रमोद कुमार ठाकुर के निर्देश पर वन विभाग की टीम कांडी पहुंच कर उक्त बारहसिंघा को रेस्क्यू करने की काफी कोशिश की गई, फिर भी असफल रही वन विभाग की टीम। उक्त बारहसिंघा पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस संबंध में रेंज ऑफिसर ने बताया कि उक्त बारहसिंघा को रेस्क्यू के लिए लातेहार के वन विभाग की टीम को भेजा गया है, ताकि आसानी से बारहसिंघा को रेस्क्यू किया जा सके।

### हाथी ने वृद्ध को कुचल कर मार डाला

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के सीदे गांव निवासी 60 वर्षीय वासुदेव कोरवा को हाथी ने कुचल कर मार डाला। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शनिवार को हमेशा की तरह वासुदेव कोरवा अपने बकरियों को चराने के लिए जंगल गए थे, लेकिन वह देर शाम तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद से परिजन व ग्रामीण बासुदेव कोरवा को खोजते रहें। सोमवार को उनका शव क्षत बिक्षत हालत मे घने जंगलों के बीच देखा गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी चिनियां वन विभाग को दी। मौके पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार अपने पूरे टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

## एक नजर

### जिला स्थापना समिति ने 18 कर्मियों की सेवा संपुष्टि की

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की आयोजित बैठक में कुल 18 कर्मियों की सेवा संपुष्टि सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श कर निर्देश दिया गया। बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मती से समाहरणालय लातेहार अंतर्गत कुल 19 कर्मियों में से 18 कर्मियों की सेवा संपुष्टि की गई। जिसमे 8 अनुसेवक, 3 राजस्व उप निरीक्षक व 7 निम्न वर्गीय लिपिक हैं। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, स्थापना उप समाहर्ता मेरी मड़की, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश उपस्थित थे।

### झूठे घोषणाओं वाली सरकार की उल्टी गिनती शुरू : प्रकाश राम

**चंदवा।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम ने कहा कि इस बजट के साथ ही सरकार का काउंट डाउन शुरू हो गया है। यह बजट सिर्फ घोषणाओं का बजट है। धरातल पर शून्य है। जब से झामुमो की सरकार बनी है, वह सिर्फ घोषणा ही करती है, जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं होता। इस बजट से किसी भी वर्ग के लोगों को कुछ नहीं मिलने वाला है। विकास के नाम पर झारखंड वासियों को फिर से झुनझुना थमा दिया गया है। बजट में लातेहार जिला की अनदेखी की गयी है। पिछड़ा जिला होने के बावजूद यहां कॉलेज, रोजगार, मेडिकल सुविधाओं के लिए बजट में कुछ नहीं है।

### 1 अप्रैल को सरहुल धूमधाम से मनाने का निर्णय

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बासाओड़ा में सरना समिति की बैठक सचिव बिरसा मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 1 अप्रैल को सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर सचिव ने कहा कि सरहुल पर्व से हमारी संस्कृति जुड़ी हुई है, जिसे पारंपरिक तरीके से मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि लातेहार के सभी सरहुल समिति के लोग अपनी टीम के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जिसके लिए समिति के लोगों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई है। मौके पर जिप सदस्य विनोद उरांव, तुलेश्वर उरांव, मोती उरांव, सुदेश्वर उरांव, प्रवेश उरांव, चुरामन उरांव, रमेश उरांव, सर्वजित उरांव, तेतर उरांव, मनोज भुइयां व रामचरण उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### आजसू ने नगर प्रशासक को सौंपा ज्ञापन

**लातेहार।** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पांडेय के नेतृत्व में नगर पंचायत लातेहार की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासक नगर पंचायत राजीव रंजन को सोमवार ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से नगर पंचायत क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासक नगर पंचायत को अवगत कराया गया। ज्ञापन में नगर पंचायत क्षेत्र के कई हिस्सों में जल जमाव की समस्याओं से अवगत कराया गया। सार्वजनिक स्थानों पर रात में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं होने से असामाजिक गतिविधियां बढ़ने पर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

# सड़क दुर्घटना में हाइवा चालक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में सड़क दुर्घटना और मौत की सिलसिला जारी है। सोमवार सुबह सीसीएल के मगध कोलियरी के कोयला यार्ड के पास हाइवा चालक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृत युवक की पहचान पुनीत राम (45 वर्ष) ग्राम दाड़ी सिमरिया चतरा के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार केएस महादेव नामक मगध से कोयला ट्रांसपोर्टिंग कर रही कंपनी में पुनीत राम हाइवा ड्राइविंग का काम करता था। सोमवार सुबह हमेशा की तरह मगध 44 न.कोयला स्टॉक पर कोयला लोडिंग के लिए हाइवा



लेकर गया था। वहां लोडिंग के बाद ड्राइवर पुनीत राम किसी कारण गाड़ी से नीचे उतरा। वहां किसी अज्ञात हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, इससे पुनीत का सिर वाहन के चक्के में आने से पूरी तरह कुचल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के जानकारी तुरंत ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के कर्मी को मिलने पर तत्काल शव को अमरवाडीह पुलिस के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इसके बाद स्थानीय पुलिस मामले को संज्ञान में लेते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गई है।

### वाहन चालकों ने किया विरोध प्रदर्शन

इस घटना के बाद मगध परियोजना से संचालित हाइवा चालकों ने दुर्घटना की निंदा करते हुए आक्रोश जताया। कुछ समय के लिए वाहन को खड़ी कर घटना का विरोध किया और मृतक के परिवार को उचित आर्थिक सहयोग देने की कंपनी और सीसीएल से मांग की। इसके बाद मगध सीसीएल अधिकारी व कंपनी के पहल आर्थिक सहयोग के तहत मृतक के परिजनों को इंश्योरेंस का पैसा देने का आश्वासन के बाद ही ट्रांसपोर्टिंग कार्य पुनः चालू किया गया। इस घटना के बाद से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## जिला को कचरा मुक्त बनाने मे सबकी सहभागिता जरूरी : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में एसएलआरएम के तहत क्लीन व ग्रीन लातेहार मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए चलाया जा रहा प्रशिक्षण शिविर सोमवार को सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन बीडीओ संदीप कुमार ने कहा कि लातेहार जिला को आगामी 26जनवरी 2026तक कचरा मुक्त बनाने का संकल्प जिला प्रशासन ने लिया है। यह तभी संभव है, जब सबकी सहभागिता इसमें हो। लातेहार जिला को कचरा मुक्त बनाने के लिए हमें अपने आस पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करना पड़ेगा। मनिका प्रखंड को भी इस अभियान के तहत कचरा मुक्त प्रखंड बनाना है। इसके लिए पंचायत स्तर पर भी लोगों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। बीडीओ ने कहा की प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक कचरा मुक्त बनाने को लेकर आम अवाम का सहयोग भी जरूरी है। उक्त प्रशिक्षण शिविर में जल सहिया, सखी मंडल की दीदी को कूड़ा प्रबंधन करने से संबंधित मास्टर ट्रेनर ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रशिक्षण दिया गया । मौके पर प्रखंड समन्वयक शिल्पा सेन, जेएसएलपीएस से रामगिरी उरांव सहित प्रशिक्षण ले रही जल सहिया सहित सखी मंडल की दीदीया उपस्थित थी।

## विनीता सेविका व रानी का सहायिका पद पर चयन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के बिरहोर टोला जपुआ में नवसृजित आंगनबाड़ी केंद्र को लेकर सोमवार को सेविका व सहायिका का चयन किया गया। सेविका व सहायिका का चयन ग्राम सभा आयोजित कर की गई। ग्राम सभा में मुख्य रूप से इटखोरी अंचल अधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता सिंह, पर्यवेक्षिका मंजू कुमारी की उपस्थिति में किया गया। ग्राम सभा में सेविका पद के लिए तीन आवेदन प्राप्त हुए। उनमें विनिता कुमारी,रंजू कुमारी, सीमा कुमारी शामिल थी। विनिता कुमारी का चयन शैक्षणिक योग्यता के आधार पर सेविका पद के लिए कर लिया गया। बताया गया कि विनिता कुमारी को 38 प्वाइंट, रंजू कुमारी को 22 प्वाइंट, सीमा कुमारी को 13 प्वाइंट शैक्षणिक प्रमाण पत्र के आधार पर मिला। सबसे ज्यादा प्वाइंट हासिल करने वाली विनिता कुमारी का चयन सेविका के रूप में कर लिया गया। इस प्रकार सहायिका के पद के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए। उनमें रानी कुमारी, सुषमा देवी शामिल थी। शैक्षणिक योग्यता के आधार पर रानी कुमारी को 18 प्वाइंट एवं सुषमा देवी को 14 प्वाइंट प्राप्त हुआ। अधिक प्वाइंट के आधार पर रानी कुमारी का चयन सहायिका पद के लिए कर लिया गया। ग्राम सभा में मुखिया निर्मला देवी, एएनएम संगीता कुमारी,आंगनबाड़ी सेविका सुनैना देवी,कांति सिंह के अलावा प्राथमिक विद्यालय जपुआ के सहायक शिक्षिका कविता देवी सहित महिला पुरुष उपस्थित थे।

# नौ दिवसीय रामतारक महामंत्र महायज्ञ का शुभारंभ

**माता के दरबार में वर्षों से हो रहा यज्ञ का आयोजन**



**इटखोरी(चतरा)।** जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थली माता भद्रकाली मंदिर प्रांगण स्थित यज्ञशाला में सोमवार से नौ दिवसीय रामतारक महामंत्र महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में इटखोरी व मयूरहंड प्रखंड के विभिन्न गांवों के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ परिसर से गाजे-बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा प्रखंड कॉलोनी, धनखेरी चौक व गांधी चौक होते इटखोरी चौक स्थित बजरंगबली मंदिर पहुंची। मंदिर के परिक्रमा करते हुए सभी मिडिल स्कूल एतवार बाजार होते हुए नगर एवं ब्रम्हा चौक का भ्रमण कर मंदिर के उत्तरवाहिनी नदी के तट पहुंचकर विधि विधान से पूजा-पाठ कर कलश में जल भरकर पुनः मंदिर प्रांगण स्थित यज्ञशाला पहुंचे। यहां विधिविधान के साथ यज्ञशाला में कलश स्थापित किया गया। इसके बाद यज्ञ कमेटी के अधिकारियों एवं सदस्यों ने इन व्रतियों का उपवास चना, गुड़ व शरबत पिलाकर तुड़वाए। वहीं यज्ञ को सफल बनाने में यजमान के रूप में कैलाश सिंह व उनकी पत्नी, लक्ष्मी सिंह, सियाराम सिंह, बेचन सिंह, सुरेंद्र सिंह, सिताराम दांगी, डोमन राणा, रत्न शर्मा, सुरेश सिंह और रामदहिन सिंह आदि जुटे हुए हैं।

# 5 दिवसीय सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट प्रशिक्षण का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल सभागार में उपायुक्त लातेहार के निर्देश पर सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसआरएलएम) अंतर्गत घर-घर सर्वे का प्रशिक्षण का शुभारंभ जेएसएलपीएस बीपीएम मुजिबुल आरफीन ने किया। प्रशिक्षण में बारियातू प्रखंड के सभी पंचायतों से जिला से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर जल सहिया व सखी मंडल के दीदीयां उपस्थित हुए। बीपीएम आरफीन द्वारा बताया कि हर घर तक सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करना है, ताकि इस योजना की जानकारी सभी लोगों को हो सके। बताते चलें कि यह योजना लातेहार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा जोरशोर से कराया जा रहा है, जिसमें जिले के सभी पंचायतों से मास्टर ट्रेनर के रूप में दो-दो दीदीयों को प्रशिक्षण देकर तैयार किया जा रहा है। इसका मुख्य कार्य पतझड़ के मौसम में जंगलों से या फिर आस-पास के पेड़ों के पत्तीयों को जमा कर बड़ी मात्रा में खाद तैयार करना है। साथ ही जंगलों को आग लगने से भी बचाने का उद्देश्य शामिल है। इस योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की भी बातें हो रही है। एक नहीं अनेक फायदे मिलने की संभावना जताई जा रही है। मौके पर एडमिन नीतेश पैत, सीसी मनीष कुमार, अनिल उरांव, उत्तम कुमार,सत्येन देवी, सुमित्रा देवी, प्रमिला देवी समेत सखी मंडल व जल सहिया दीदी मौजूद थी।

### महिला ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुरगांव ग्राम में सोमवार को घरेलू विवाद में महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार फोटोईया देवी (50वर्ष) पति रामलाल गंझु ग्राम मुरगांव थाना बालूमाथ निवासी दोनों पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर सोमवार कि सुबह कहा सुनी हुई थी। बाद महिला ने गुस्से में आकर घर में रखा कीटनाशक दवा खा लिया। इससे वह अचेत हो गई। परिजनों ने आनन फानन में महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया । वहां थोड़ी देर बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी । इस घटना के बाद से मृतक की परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### प्रखंड व पंचायतों में बिना पैसों का काम नहीं होता : सुरेंद्र पासवान

**लातेहार।** मनिका प्रखंड में मनरेगा से संचालित इसीबी योजना में भारी लूट मचाई जा रही है। कांग्रेस पार्टी के लातेहार जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने मनिका के पदाधिकारी व मनरेगा कर्मियों पर कई गंभीर आरोप लगाया है। सोमवार को प्रेस वार्ता में कहा कि प्रत्येक इसीबी योजना में पदाधिकारियों का अलग-अलग दर निर्धारित है। मनिका प्रखंड कार्यालय हो या पंचायत बगैर पैसों का कोई काम नहीं होता। उन्होंने मनरेगा की जांच उपायुक्त से करने की मांग की है।

### ऑनलाइन गड़बड़ी के खिलाफ माकपा करेगी आंदोलन

**चंदवा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी की बैठक सोमवार को अलौदिया में सुरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राज्य कमेटी से लातेहार जिला प्रभारी सुखनाथ लोहरा और राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान मौजूद थे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जमीनों की लूट और जमीनों की ऑनलाइन इंट्री में हुई गड़बड़ी और बिना सुधार के विभिन्न कोल परियोजनाओं में जमीन लिए जाने के खिलाफ अप्रैल में अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। 23 मार्च को शहीद भगत सिंह की शहादत दिवस मनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में जिला प्रभारी सह सीपीएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य सुखनाथ लोहरा ने मोदी सरकार की तानाशाही नीतियों के बारे में बताया। कहा कि कॉरपोरेटस की लूट के लिए सभी लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर कर रही है।

## न्यूज बॉक्स

### गंदा पानी सड़कों पर बह रहा, हो रही परेशानी



**महुआडांड़।** मुख्यालय के मेन रोड किनारे बना नाली अत्यंत ही जर्जर हो जाने से घरों से निकल रहा गंदा बदबूदार पानी रोड पर ही बहता है। मुख्य सड़क होने के कारण हर रोज हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन इसी रास्ते होता है। पैदल चलने वालों को आने जाने में काफी परेशानी होती हैं। सोमवार को दुर्गा मंदिर स्थापना दिवस के निकले कलश यात्रा के दौरान मेन रोड से जा रही कलश यात्रा में शामिल महिलाओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। पीपल चौक से लेकर बिरसा चौक तक नाली जाम होने के साथ-साथ ही सफाई की अभाव रास्ते में गंदे नाली का पानी बहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### एक दिवसीय कैडर प्रशिक्षण का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत अंतर्गत हिसरी ग्राम में संजय कुमार ने भारतीय संविधान सम्म्मान सुरक्षा संवर्धन,देश व्यापी महा जनजागरण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कैडर प्रशिक्षण दिया। जिसमे संविधान के सभी 12 अनुसूची व अनुच्छेद के बारे मे बताया। साथ ही अपने मौलिक कर्तव्य के बारे जानकारी देते हुए समता का अधिकार (अनुच्छेद14-18)स्वतंत्रता का अधिकार(अनुच्छेद 19-22)शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)मूलतः संविधान में संपत्ति का अधिकार (अनुच्छेद 31) के संबन्ध में विस्तृत जानकारी दिया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 में अस्पृश्यता की प्रथा को खत्म करने का प्रावधान से संबंध में बताया। कहा कि इस अनुच्छेद के तहत, अस्पृश्यता का अभ्यास करना कानूनन अपराध है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सभी नागरिकों को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार है। अनुसूचित जाति जन जाति मूल वंसो को संरक्षण व विकास के लिए विशेष संवैधानिक प्रवधान के बारे मे भी बारीक ढंग से बताया। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


## कार्यालय: जिला परिषद, लातेहार

**विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26**

**सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरैया पशु मेला, श्रावणी मेला एवं शुक्रवारीय हाट बाजार चन्दवा (दिनांक 15.03.2025 से होली 2026 तक) | चन्दवा | 10/03/2025 | 11:00 AM | 33,70,650 | 3,38,000 |
| 2 | बस पड़ाव चन्दवा। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 10/03/2025 | 11:30 AM | 28,19,225 | 2,82,000 |
| 3 | सुलभ शौचालय, चन्दवा। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 10/03/2025 | 12:00 PM | 8,165 | 1,000 |
| 4 | बस पड़ाव बालूमाथ। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | बालूमाथ | 10/03/2025 | 12:30 PM | 17,85,231 | 1,79,000 |
| 5 | बस पडाव बालूमाथ में सुलभ शौचालय। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | बालुमाथ | 10/03/2025 | 11:00 AM | 4715.00 | 5,00 |
| 6 | कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला बालुमाथ। | बालुमाथ | 10/03/2025 | 11:30 AM | 17,94,000 | 1,80,000 |
| 7 | अषाढ़ी पशु मेला बालुमाथ | बालुमाथ | 10/03/2025 | 12:00 PM | 5,37,912 | 55,000 |

नोट :–

1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर दिनांक 11/03/2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः दिनांक 12/03/2025 को पूर्वाहन् 11:00 बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार

PR 347563 Rural Development (24-25)_D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/20/2024-25**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 08.03.2025 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 10.03.2025 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 10.03.2025 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of Paver Block in Approach Road From Main Road to Forest Colony, Sudna, Daltonganj, Palamu. | 1159600.00 | 23500.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 2. | Installation of Deep Bore Well with submersible in the Campus of SC/ST Welfare Hostel , Daltonganj, Palamu. | 293500.00 | 6000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 3. | Laying of Paver Block from Office to Main Gate in District Forest Office, Daltonganj, Palamu. | 2499800.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 4. | Laying of Paver Block from Office to Colony in District Forest Office, Daltonganj, Palamu. | 2172100.00 | 44000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 5. | Construction of Boundary Wall UPG Middle School at Ch echnaha under Block Nawabazar, Palamu. | 2305400.00 | 46500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 6. | Construction of Washing Shed and Platform at Sadar Hospital at Daltonganj, Palamu. | 900400.00 | 18000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 7. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Daltonganj, Palamu. | 2382500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 8. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Chhattarpur, Palamu. | 2382500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 9. | Repair of Middle School, Latpauri Under Block Mohammadganj, Palamu. | 1756350.00 | 36000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 10. | Construction of Boundary Wall in Girls High School, Panki | 3491300.00 | 70000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 11. | E/R of Public Convenience Cum Office Superintendent Office at Collectorate, Palamu, Daltonganj. | 242000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 12. | E/R of Roof Asbestos Painting, Construction of Destructed Boundary Wall and Miscellaneous Works in DC, Palamu Residence at Daltonganj, Palamu. | 246500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj

PR 347548 Building (24-25)_D


## पृष्ठ एक के शेष

**महिला सम्मान, शिक्षा, ग्रामीण व...**

भी इसके 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने राजकोषीय घाटा को नियंत्रित करने और कम से कम स्तर तक रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन से वर्ष 2022-23 में राजकोषीय घाटा को 1.1 प्रतिशत रखने में सफलता मिली है। इससे राज्य के जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) रेशियो में सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह 30.2 प्रतिशत था, 2022-23 में 28.4 प्रतिशत तथा 2023-24 में 27.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री किशोर ने कहा कि झारखंड ने राजस्व आय (कर और गैर कर राजस्व) में उत्तरोत्तर वृद्धि हासिल की है। वर्ष 2019-20 में राज्य के स्रोत से कुल राजस्व आय 25,521 करोड़ रुपया था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 41,429.88 करोड़ रुपया हो गया और 2025-26 में 61,056.12 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के विकास कार्यों को वर्तमान सरकार स्थापना व्यय की तुलना में अधिक प्राथमिकता दे रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में पूंजीगत परिव्यय के पुनरीक्षित बजट पर 9.06 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25 हजार 720 करोड़ 41 लाख रुपये पूंजीगत परिव्यय का आकलन किया गया है। सरकार की ओर से राज्य के आर्थिक स्वास्थ्य को बेहतर करने और भविष्य की पीढ़ी को आर्थिक बोझ की विरासत से बचाने के लिए बेहतर ऋण प्रबंधन किया गया है।वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि आधारभूत संरचना के विकास के लिए ऋण लेना सरकार की बाध्यता है। पूर्व में लिए गए ऋणों के भुगतान में भविष्य में संभावित किसी विपरीत आर्थिक स्थिति का सामना करने के लिए वित्त वर्ष 2020-21 से वर्तमान सरकार द्वारा सिंकिंग फंड में लगातार निवेश किया जा रहा है। इस उद्देश्य से अबतक इसमें लगभग 2282 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इसका उपयोग केवल ऋण भुगतान के लिए ही किया जाएगा। इससे स्वस्थ आर्थिक हित के साथ-साथ राज्य की साख भी बढ़ी है। इस वर्ष इसमें 638 करोड़ 13 लाख रुपए का पुनः निवेश करने का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना का वित्तीय भार कम करने के दृष्टिकोण से पेंशन कोष का गठन किया गया है। इसके लिए वर्ष 2023-24 में 700 करोड़ रुपए एवं वर्ष 2024-25 में 780 करोड़ रुपए पेंशन कोष में निवेश किए गए। वर्ष 2025-26 में 832 करोड़ रुपए निवेश के लिए बजट प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के पांव मजबूती से जमीन पर टिके हैं। इसी विश्वास के साथ वे सदन में एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का सकल बजट अनुमान प्रस्तुत कर रहे हैं, जो गत वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बजट पेश करने का मौका देने के लिए राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया।

**'बाल बजट' की भी हुई घोषणा, 9,411.27 करोड़ का है प्रावधान :** इस वर्ष 'बाल बजट' की भी घोषणा की गई है। इसके लिए 9,411.27 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सरकार ने वाल्मीकि छात्रवृत्ति योजना लागू करने का भी फैसला किया है। इसका लाभ राज्य के अनाथ और दिव्यांग बच्चों को मिलेगा। इस योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए ट्यूशन फी के रूप में 10 लाख रुपए सालाना मिलेगा। रोजमर्रा के खर्च के साथ-साथ स्टडी मेटेरियल के लिए हर महीने 4 हजार रुपए मिलेंगे। इसका लाभ 10वीं और 12वीं पास विद्यार्थियों को मिलेगा। सरकार ने राज्य में अनुसूचित जाति समुदाय से जुड़े मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ हल करने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति परामर्शदातृ समिति गठित करने का भी ऐलान किया है।

**अबुआ बजट में कोई नया...**

सम्मान योजना के तहत 13,363.35 करोड़ रुपए का प्रावधान इस वित्तीय वर्ष में करने का ऐलान किया है। वित्त मंत्री ने इसे नारी सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया कदम बताते हुए अपने बजट भाषण में कहा कि 18 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को प्रतिमाह 2500 देते रहेंगे। इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करना है। सशक्त एवं समर्थ राज्य का समाज बनाने के लिए हेमंत सोरेन कृत संकल्पित हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी, सामाजिक रूप से सशक्त, मानसिक रूप से सजग और विकसित बनाने के लिए मंईयां सम्मान योजना लाई गई है। इस योजना के लिए अब बजट में 13,000 करोड़ रुपए से भी अधिक का प्रावधान किया गया है। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने अपनी दूसरी पारी का पहला बजट (वित्तीय वर्ष 2025-26) सदन में पेश किया। वर्ष 2025-26 के लिए जनमत के करीब लाते हुए का अबुआ बजट का नाम नाम दिया है। वित्त मंत्री ने भरोसा जताया कि हम जिस गति से है चले हैं, हम उस गति से जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों की स्थिति खराब थी उसे सुधारा जा रहा है। झारखंड में पर्यटन क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं और पर्यटन के क्षेत्र में विकास किया जा रहा है। भविष्य में कई ऐसे भवन हैं, जिनका पुनरुद्धार किया जाएगा। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, मरांग गोमके योजना, मुख्यमंत्री सहायता योजना सहित कई योजनाओं का जिक्र किया और कल्याणकारी योजनाओं के आगे भी जारी रहने की बात कही। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य की आर्थिक स्थिति दस साल पहले से बेहतर है। पहले विकास दर 1.1 फीसदी थी। वहीं, अब यह 7.5 फीसदी हो गई है और राजकोषीय घाटा को कम कर रहे हैं, जो अनेक राज्यों और अधिकतम सीमा 3 से काफी कम 2.02 है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट लोहरदगा के लिए होगा ऐतिहासिक क्षण, तैयारी पूरी : डीपी साहू

- *आईपीएल के तर्ज पर होने वाले टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट छोटे पर्दे पर बड़ा धमाल होगा साबित, 5 से 8 मार्च तक चलेगा टूर्नामेंट*
- *सिने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा होंगे शुभारंभ मैच का प्रमुख चेहरा, 8 मार्च को इंडिया टीम के धुरंधर क्रिकेटर हरभजन सिंह और सुरेश रैना होंगे शामिल*




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** साहू परिवार और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले आईपीएल के तर्ज पर 5 मार्च से शुरू हो रहे चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस क्रम में बीएस कॉलेज निकट स्थित क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित संगठन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने मीडिया को टूर्नामेंट की हर एक जानकारी विस्तार पूर्वक दी। उन्होंने बताया कि लोहरदगा के लिए यह टूर्नामेंट ऐतिहासिक क्षण होगा। जो छोटे पर्दे पर बड़ा धमाल साबित होगा। आयोजन को लेकर प्रत्येक दृष्टिकोण से तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। 5 मार्च को टूर्नामेंट का शुभारंभ सुबह 9 बजे से होगा। शुभारंभ मैच का प्रमुख चेहरा व उद्घाटनकर्ता सिने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा होंगे। बताया देशभर की कुल आठ प्रदेश की टीमों में मुंबई, कलकत्ता, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक, झारखण्ड और लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की टीम बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम में आईपील की तर्ज पर क्रिकेट मैच खेलेगी। जिला के हर एक लोग निःशुल्क स्टेडियम में बैठकर आईपीएल के तर्ज पर आयोजित मैच का आनंद उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मैच के दौरान झारखंड सरकार के चेहरे भी शामिल होंगे। जिसको लेकर वार्ता चल रही है। अंतिम दिन 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हरभजन सिंह और सुरेश रैना भी शामिल होंगे।

वही 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई महिलाओं को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किए जाने का भी कार्य किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, नेयाज मल्लिक, आशीष कुमार, सतीश वर्मा, जयजीत चौबे, अमित कुमार सहित आयोजन समिति के पदाधिकारियों में बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ शशि गुप्ता, उदय गुप्ता, संदीप गुप्ता उपस्थित थे।

### टीमों के रहने की कर ली गई है व्यवस्था : आलोक राय

एसोसिएशन के जिला सचिव अलोक रॉय ने बताया की लोहरदगा में आठ टीमों की रहने भोजन की व्यवस्था कर ली गई है। इसके लिए लोकल टीम मैनेजर भी गठित किए गए हैं। जिनके देखरेख में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। उनके आगमन, प्रस्थान लोकल टीम मैनेजर के द्वारा की जाएगी। क्रिकेट का टर्फ विकेट भी बनाया जा चुका है। सभी गैलरी और गेट इत्यादि की साफ सफाई रंग रोगन कर ली गई है। लोहरदगा के ऐसे क्रिकेटर जो अब हमारे बीच नहीं रहे उनके सम्मान में पवेलियन का नामकरण भी किया गया है।

### चीयर्स गर्ल्स होगा आकर्षण का केंद्र

मैच के दौरान चौके, छक्के पर दर्शकों को झूमाने के लिए चीयर गर्ल्स भी पूरे आयोजन में आकर्षण का केंद्र होगा। अलग-अलग जगह से मैच में शामिल होने के लिए चीयर्स गर्ल्स भी पहुंचेंगी।

### बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता के साथ झूमेगा लोहरदगा

शुभारंभ कार्यक्रम के दिन ही 5 मार्च को संध्या 6 से स्टेडियम कनिकट मैदान में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता अपने सुरों का जलवा बिखेरेंगे। उनके टीम के द्वारा देर रात तक एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें लोहरदगावासी झूमने को मजबूर हो जाएंगे।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक सहित चार घायल

**सेन्हा–लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना में चार लड़का घायल हो गए। सभी को पुलिस के मदद से अस्पताल में कराया गया भर्ती कराया गया। विदित हो कि देर शाम सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा डिपू के समीप एन एच 143 ए पथ पर अनियंत्रित हो मोटरसाइकिल सवार जे एच 07 जी 9054 स्प्लेंडर से गिरने पर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। घायल अवस्था मे युवक को गस्ती के दौरान सेन्हा पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिकी उपचार के पश्चात चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। वही घायल की पहचान गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना क्षेत्र के बुरहु ग्राम निवासी शिकवार उराँव का 18 वर्षीय पुत्र विकास उराँव के रूप में किया गया। जिसे बताया जाता है की देर शाम अपने घर से भंडरा थाना क्षेत्र के धनामुन्जी जा रहा था। उसी दौरान बक्सीडीपा डिपू के समीप जंगल मे अनियंत्री हो मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हो गया।जबकि दूसरा घटना नेतरहाट ढाबा अरु के समीप एन एच 143 ए पथ पर स्कूटी व मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल जे एच 01 एफ एच 6218 पर सवार नगड़ा निवासी भुनेश्वर उराँव का 30 वर्षीय पुत्र अरविंद उराँव, स्वर्गीय गोवर्धन भगत का 29 वर्षीय पुत्र राम भगत तथा हजरिया उराँव का 29 वर्षीय पुत्र सीताराम उराँव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जबकि स्कूटी सवार व्यक्ति पुलिस के पहुंचने से पहले ही स्कूटी ले कर फरार हो गया। फिलहाल सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया है।

**कार्यालयः कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार**
**संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, कीनामाड़, लातेहार–829206**
Website :- www.atmalatehar.in Email :- atmalatehar@gmail.com
Phone No.06565-297030

**आवश्यक सूचना**

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार के अन्तर्गत Agriculture Extension (Krishonnati Yojna) योजना के तहत प्रकाशित विज्ञापन संख्या–PR-257881 Agriculture (2021-22)-D एवं PR-276083 Agriculture (2022-23)-D के आलोक में प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) के पद पर संविदा आधारित नियुक्ति से संबंधित मेधा / चयनित सूची जारी कर दिया गया है जिसे आत्मा, लातेहार के वेबसाईट atmalatehar.in एवं लातेहार जिला के वेबसाईट latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक
(आत्मा) लातेहार।

PR 347674 (Agriculture) 24-25 (D)

## कैरों उतका गांव में बिना आदेश पेड़ कटाई की हुई जांच



**लोहरदगा।** जिले के कैरों प्रखंड क्षेत्र के उतका गांव में बिना अनुमति के किए गए पेड़ कटाई मामले की जांच सोमवार को वन परिसर पदाधिकारी चंद्रशेखर महतो ने की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि बेचे गए जमीन में 13 विशालकाय साल के पेड़ सहित अन्य वृक्षों को काटा गया है। इस पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए स्थानीय ग्रामीणों व जमीन मालिकों को निर्देश दिया कि कटे हुए पेड़ यथास्थान ही रहें, यदि कोई इन्हें ले जाने का प्रयास करे तो तत्काल विभाग को सूचना दें, जिससे उचित कार्रवाई की जा सके। वन पदाधिकारी चंद्रशेखर महतो ने बताया कि इस अवैध कटाई की शिकायत अंचल कार्यालय में की गई थी, जिसके बाद वहां से सूचना वन विभाग को भेजी गई और जांच शुरू की गई। यह जमीन खतियानी रैयत अजय सिंह व विजय सिंह की थी, जिन्होंने इसका आधा हिस्सा बेच दिया था। बेची गई भूमि पर ही पेड़ काटे गए हैं। वन विभाग अब इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगा और यदि अवैध कटाई की पुष्टि होती है, तो संबंधित लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों को भी जागरूक किया गया कि वे ऐसी गतिविधियों पर नजर रखें और अवैध कटाई की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## सिविल सर्जन ने किस्को प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की

**लोहरदगा।** सिविल सर्जन लोहरदगा डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी की अध्यक्षता में प्रखंड किस्को के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सभी किस्को प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें जिला सर्विलेंस कार्यालय लोहरदगा द्वारा वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन स्वास्थ्य उपकेंद्र प्रथम स्थान स्वास्थ्य उपकेंद्र मक्का,द्वितीय स्थान स्वास्थ्य उप केंद्र पाखर एवं तृतीय स्थान स्वास्थ्य उपकेंद्र हेसापीढ़ी को जिन्होंने आईएचआईपी पोर्टल पर सर्वाधिक कार्य किया है उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सिविल सर्जन सह जिला सर्विलांस पदाधिकारी लोहरदगा डॉ. शंभू नाथ चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लोहरदगा नाजिश अख्तर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी किस्को डॉ. अशोक कुमार ओड़िआ, जिला डाटा प्रबंधक आईडीएसपी राकेश भूषण, जिला डाटा एंट्री ऑपरेटर आईडीएसपी विमलेश कुमार प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड लेखा प्रबंधक, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता मनीष कुमार केसरी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। गौरतलब है कि आईडीएसपी से इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन के माध्यम से सभी जिला में बीमारियों की रिपोर्टिंग एएनएम के द्वारा प्रतिदिन अपने क्षेत्र में फैली बीमारियों की रिपोर्टिंग आईडीएसपी के पोर्टल पर डालना होता है। इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन काम करता है इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से सभी एएनएम को टैब भी दिया गया है।

## 11 को ट्रक अनलोडर मजदूर संघ लोहरदगा में करेगा चक्का जाम : आलोक साहू

- *हिंडालको दोहरी नीति अपना कर हजारों मजदूरों को किया बेरोजगार*
- *मजदूरों केबेरोजगार होने से उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** हिंडालको अनलोडिंग स्टेशन में आज ट्रक अनलोडर मजदूर संघ लोहरदगा की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रेमचंद महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में को मुख्य रूप से मजदूर नेता आलोक कुमार साहू उपस्थित थे ।मौके पर मजदूरों ने अपनी समस्याओं से आलोक कुमार साहू को अवगत कराते हुए उन्हें न्याय दिलाने एवं मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग किए। मौके पर उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुये मजदूर नेता आलोक कुमार साहू ने कहा कि वह मजदूरों के द्वारा आयोजित कोई भीआंदोलन में वह उनके साथ हैं क्योंकि हिंडालको कंपनी ने दोहरे चरित्र को अपनाते हुए मजदूरों के ऊपर शोषण करने का काम किया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री साहू ने ने कहा कि सैकड़ो ट्रक अनलोडर मजदूर विगत 17 वर्षों से यहां काम करते आ रहे हैं और हिंडाल्को कंपनी बिना मजदूरों को सूचना दिए एवं रोजगार उपलब्ध कराए बगैर चार माह से अलोडिंग स्टेशन को बंद कर दिया है जिसके कारण हजारों मजदूर प्रभावित हुए हैं। मजदूरों के समझ भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मजदूर अपने बच्चों की फीस की राशि नहीं दे पा रहे हैं। देश के निर्माण में मजदूरों का बहुत बड़ा योगदान होता है और हिंडाल्को मजदूरों के साथ अन्याय कर रही है जो न्याय संगत नहीं है। कंपनी प्रदूषण को लेकर अगर ट्रकों का परिचालन बंद किया है तो रोपवे से भी प्रदूषण होगा लेकिन हिंडालको ने रोपवे को बंद नहीं किया। हिंडाल्को के दोहरे नीति से हजारों मजदूरों का रोजगार समाप्त हो गया। कंपनी को हर हाल में मजदूर का वैकल्पिक व्यवस्था कर ही अनलोडिंग स्टेशन को बंद करना चाहिए था। किसी भी कंपनी को रोजगार उपलब्ध कराना होता है ना कि रोजगार छिनना। श्री साहू ने ने कहा कि पीठ में लात मारोगे तो चलेगा लेकिन पेट में लात मारोगे तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री साहू ने ने मजदूरों को भरोसा दिलाया कि लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत आपके सुख-दुख में आपके साथ हैं और हिंडाल्को कंपनी से वे रोजगार दिलवाने का प्रयास करेंगे और अगर जरूरत पड़ा तो वे मुख्यमंत्री एवं श्रम मंत्री से भी वार्ता करेंगे। बैठक में मजदूरों ने कहा कि दो माह पूर्व हिंडालको कंपनी को ज्ञापन देकर रोजगार उपलब्ध कराने की मांग मजदूरों ने किए था। इसी संदर्भ में अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में हिंडाल्को पदाधिकारी एवं मजदूरों नेताओं से वार्ता हुआ था तो हिंडालको पदाधिकारी ने 10 दिन का समय मांगा था। अभी 20 दिन से ज्यादा बीत गया है लेकिन हिंडालको द्वारा कोई पहल नहीं किया गया इसलिए ट्रक अनलोडर मजदूर संघ बाध्य होकर 11 मार्च को अनलोडिंग स्टेशन के समक्ष चक्का जाम करेगी जिसकी सारी जवाब देही हिंडालको प्रशासन का होगा मौके पर विनोद उरांव, रवि महली, प्रदीप उरांव, बुद्धिमान टोप्पो, ननका अंसारी, रूपा उरांव, फूलमनी उरांव सुधा उरांव ,बिमला उरांव धर्मदेव उरांव, मोहन उरांव करमचंद उरांवसहित सैकड़ो की संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## होली को लेकर कुडू थाना में शांति समिति की बैठक आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू – लोहरदगा।** होली को लेकर लोहरदगा के कुडू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आज मंगलवार को दोपहर तीन बजे से होगा। उक्त आशय की जानकारी कुडू थाना प्रभारी ने देते हुए बताया कि इस बार के शांति समिति की बैठक में पुराने सदस्यों के अलावे थानाक्षेत्र के चौदहो पंचायत के मुखिया को क्षेत्र के छह छह प्रभावशाली सदस्यों को बैठक में लाने के लिए पत्र देकर अपील की है। जिसे भी शांति समिति से जोड़कर पूरे इलाके में शांति व्यवस्था में उनका योगदान लेने की बात कही। उन्होंने सभी से बैठक में भाग लेने की अपील की है।

## सेवानिवृत्त बीईईओ रामजीवन नायक को सीओ, बीडीओ, डीईओ ने दी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** प्रखंड संसाधन केंद्र,लोहरदगा के सभागार में प्रखंड लोहरदगा से सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,लोहरदगा रामजीवन नायक की विदाई समारोह आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी, अभिजीत कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गौरीशंकर ठाकुर, अंचल अधिकारी, आशुतोष की उपस्थिति में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गौरीशंकर ठाकुर ने सेवानिवृत्त प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा को शॉल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना किए।रामजीवन नायक सर को बुके, शॉल, वस्त्र एवं उपहार देकर ससम्मान विदाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, ने कहा कि नायक जी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और कुशलता के साथ किया। हमेशा ये खुश रहें और सामाजिक कार्य में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा ने कहा कि नायक जी के साथ कार्य करने का मौका नहीं मिल सका। अपितु जहाँ भी रहें स्वास्थ्य रहें। अंचलाधिकारी, लोहरदगा ने भी श्री नायक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इनका कार्य सदैव स्मरणीय रहेगा। ज्ञात हो कि श्री नायक द्वारा पूरे जिले के सातों प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के रूप में माह फरवरी, 2025 में कार्य का निष्पक्ष निष्पादन किया गया है।नीलू गोयल, जितेंद्र मित्तल, अनिल कुमार सिंह, मणि उरांव, मुमताज अहमद,शैलेन्द्र सुमन, विजय कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नायक सर के जैसे पदाधिकारी के रूप में प्रखण्ड में पोस्टिंग होना लोहरदगा प्रखण्ड के लिए स्वर्णिम कार्यकाल रहा है। कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारी के साथ हमें कई विभागीय कार्यों की जानकारी भी प्राप्त करने का मौका मिला। इनके मेहनत, लगन और ईमानदारी पूर्वक किया गया हर प्रयास निश्चित सफलता दिलाती है। जिसके परिणामस्वरूप प्रखण्ड जिला में हमेशा अग्रणी रहा।

**कार्यालय :-जिला यक्ष्माकेन्द्र, गढ़वा**
Email Id:- dtojhgrh@rntcp.org

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01 / 2025 / 353**

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्नमूलन कार्यक्रम गढ़वा के अन्तर्गत प्रयोगशाला के लिए प्रयोगशाला सामग्रीका क्रय किया जाना है, जिसके लिए इस सूचना के माध्यम से इच्छुक फर्म / प्रतिष्ठान सेद्दि लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा)सील बंद लिफाफे मे निविदा आमंत्रित की जातीहै। सील बंद लिफाफे में निविदा दिनांक 04.03.2025 से दिनांक 11.03.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक कार्य दिवस में निबंधित डाक के माध्यम् से जिला यक्ष्माकेन्द्र, गढ़वा में जमा किया जा सकता है। दिनांक 12.03.2025 को 11:00 बजे अपराह्न में सिविलसर्जन कार्यालय के सभागार कक्ष में निविदा खोली जाएगी। निविदा कागजात गढ़वा जिले के बेबसाईट http://garhwa.nic.in_से डाउनलोड किया जा सकता है ।निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

PR 347661 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी,
जिला यक्ष्माकेन्द्र, गढ़वा

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक......................./दिनांक..........................

**आम सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि कोई व्यक्ति, किसी नगरपालिका क्षेत्र में, किसी निर्माण या स्थापना या किसी भवन निम्रण का प्रारंभ या स्थायी महत्व की कोई संरचना या विद्यमान भवन का कोई रूपांतरण या बदलाव या अतिरिक्त निर्माण सहित, भवन निर्माण से संबंधित किसी कार्य का निष्पादन, भवन विनियमों के अनुरूपता के सिवाए या अलावा नहीं करेगें। जब तक कि इसकी स्वीकृति सक्षम स्तर से प्राप्त नहीं हो जाती है।

अतः आम नागरिक को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के धारा 428 के अनुरूप नकसा स्वीकृत करना जरूरी समझे।

सहायक नगर आयुक्त,
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.347570 District(24-25):D

**जिला -लातेहार**
**निलाम पत्र पदाधिकारी (खनन) -सह- उप निदेशक खान, पलामू अंचल, मेदिनीनगर**

**सूचना**

निलाम पत्र पदाधिकारी (खनन) –सह– उप निदेशक खान, पलामू अंचल, मेदिनीनगर द्वारा खनिज संबंधित निम्नलिखित बकायादारों के विरूद्ध सरकारी राजस्व की भुगतान नही होने के फलस्वरूप कुर्की वारंट निर्गत किया गया है :–

| क्रम सं० | प्रोसेस संख्या | देनदार का नाम एवं पता | मुकदमा संख्या | राशि | संबंधित थाना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 48 / 28.06.2024 | श्री मिथिलेश सिंह, पिता श्री सूरजदेव सिंह, ग्राम–रेलवे स्टेशन, पो०+थाना +जिला–लातेहार। | 01 / 1999–2000 | 61,415.00 | लातेहार |
| 2 | 49 / 28.06.2024 | श्री दुर्गा प्रसाद, पिता श्री रामलगन साव, ग्राम+पो०+थाना+जिला–लातेहार। | 03 / 1999–2000 | 41,043.00 | लातेहार |
| 3 | 50 / 28.06.2024 | श्री मुरारीलाल गर्ग, पिता स्व० रामधनीलाल गर्ग, ग्राम+पो०+थाना+जिला–लातेहार। | 04 / 1999–2000 | 30,858.00 | लातेहार |
| 4 | 51 / 28.06.2024 | श्री अश्वनी कुमार गुप्ता, पिता श्री बैजनाथ साव, ग्राम–नावागढ, पो०+थाना+जिला – लातेहार। | 05 / 1999–2000 | 61,415.00 | लातेहार |
| 5 | 52 / 28.06.2024 | श्री रिद्धी सिंह, पिता श्री रामा सिंह, ग्राम–आबादगंज, डालटनगंज, जिला– पलामू। | 06 / 1999–2000 | 61415.00 | पलामू |
| 6 | 53 / 28.06.2024 | श्री राजेन्द्र प्रसाद, पिता– स्व0 रामचन्द्र साव, ग्राम–बागकुम, लातेहार रेलवे स्टेशन, जिला– लातेहार। | 08 / 1999–2000 | 61415.00 | लातेहार |
| 7 | 54 / 28.06.2024 | श्री लाल बिजय किशोर नाथ शाहदेव, पिता– स्व0 ठाकुर दामोदर नाथ शाहदेव, ग्राम+पोस्ट– लातेहार रेलवे स्टेशन, जिला– लातेहार। | 09 / 1999–2000 | 61415.00 | लातेहार |
| 8 | 73 / 29.07.2024 | श्री नरेश सिंह, पिता– श्री डोमन सिंह, ग्राम–रेडमा, पो0+थाना– डालटनगंज, जिला– पलामू। | 10 / 1999–2000 | 61415.00 | पलामू |
| 9 | 68 / 29.07.2024 | श्री मंजीत प्रकाश, पिता– श्री इन्द्र प्रकाश, ग्राम–बेलवाटिकर, पो0+थाना–डालटनगंज, जिला– पलामू। | 12 / 1999–2000 | 40796.00 | पलामू |
| 10 | 77 / 29.07.2024 | श्री बनारसी प्रसाद महतो, पिता– स्व0 हीरा साव, ग्राम+पोस्ट– पाण्डेपुरा, थाना+जिला– लातेहार | 13 / 1999–2000 | 30875.00 | लातेहार |
| 11 | 67 / 29.07.2024 | श्री बदरी प्रसाद अग्रवाल, पिता– मूलचन्द अग्रवाल, मे0 रांची रोड रेड़मा, पो0+थाना– डालटनगंज, जिला– पलामू। | 15 / 1999–2000 | 30875.00 | पलामू |
| 12 | 66 / 29.07.2024 | श्री मृत्युजंय कुमार, पिता– बनारसी महतो, ग्राम–पिपराकला, पोस्ट+थाना– मनिका, जिला– लातेहार | 17 / 1999–2000 | 27411.00 | मनिका |
| 13 | 75 / 29.07.2024 | श्री जगत नारायण सिंह, पिता– स्व0 राजेन्द्र प्रसादद सिंह, मो0 शिवाला रोड, डालटनगंज, पो0+थाना– डालटनगंज, जिला– पलामू। | 18 / 1999–2000 | 20863.00 | पलामू |
| 14 | 76 / 29.07.2024 | श्री रामानन्द सिह, पिता– श्री बाल किशोर सिह, ग्राम+पोस्ट– बरवाडीह, लातेहार। | 20 / 1999–2000 | 41066.00 | बरवाडीह |
| 15 | 78 / 29.07.2024 | श्री बहादुर यादव, पिता– स्व0 भरोसा यादव, ग्राम–सिंजो, पोस्ट– मनिका, थाना+जिला–लातेहार। | 28 / 1999–2000 | 91417.00 | मनिका |
| 16 | 71 / 29.07.2024 | श्री सुरेश शर्मा, पिता– श्री विष्णु शर्मा, ग्राम +पोस्ट– लातेहार रेलवे स्टेशन, जिला– लातेहार। | 23 / 1999–2000 | 20683.00 | लतेहार |
| 17 | 70 / 29.07.2024 | श्री हरेन्द्र अग्रवाल, पिता– श्री वैद्यनाथ अग्रवाल, ग्राम+पोस्ट+थाना– बरवाडीह, जिला– लातेहार। | 25 / 1999–2000 | 40796.00 | बरवाडीह |
| 18 | 69 / 29.07.2024 | श्री ईश्वरी यादव, पिता– श्री देवलाल यादव, ग्राम– भूसूर, पोस्ट– जालीम थाना+जिला– लातेहार | 26 / 1999–2000 | 40796.00 | लातेहार |
| 19 | 62 / 29.07.2024 | श्री सूरज साव, पिता– लघु साव, ग्राम– ईचाक, पोस्ट– जालीम थाना+जिला– लातेहार | 31 / 2000–01 | 48270.00 | लातेहार |
| 20 | 65 / 29.07.2024 | श्री हरेन्द्र अग्रवाल, पिता श्री वैद्यनाथ अग्रवाल, ग्राम+पो०+थाना–बरवाडीह, जिला–लातेहार। | 04 / 2000–01 | 88051.00 | बरवाडीह |
| 21 | 82 / 29.07.2024 | श्री बिनोद प्रसाद गुप्ता, पिता श्री बनारसी साव, ग्राम+पो०+थाना–बरवाडीह, जिला– लातेहार। | 08 / 2000–01 | 26650.00 | बरवाडीह |
| 22 | 80 / 29.07.2024 | श्री ईश्वरी यादव, पिता श्री देवलाल यादव, ग्राम–भूसूर, पो०–जालिम, थाना+जिला– लातेहार। | 09 / 2000–01 | 47782.00 | लतेहार |
| 23 | 81 / 29.07.2024 | श्री रघुवीर प्रसाद, पिता श्री विनेश्वर साव, ग्राम–ईचाक, पो०–जालिम, थाना+जिला –लातेहार। | 11 / 2000–01 | 24675.00 | लातेहार |
| 24 | 79 / 29.07.2024 | श्री श्याम किशोर प्रसाद, पिता श्री छेदी साव, ग्राम–सिंजो, पो०–जालिम, थाना+जिला– लातेहार। | 12 / 2000–01 | 47978.00 | लातेहार |
| 25 | 64 / 29.07.2024 | श्री बिनोद साव, पिता श्री राम जतन साव, ग्राम–गोवा, पो०–जालिम, थाना+जिला– लातेहार। | 13 / 2000–01 | 47880.00 | लातेहार |
| 26 | 87 / 29.07.2024 | मो० आबिद, पिता मो० अब्दुल, ग्राम–ईचाक, पो०–कुरा, थाना+जिला–लातेहार। | 16 / 2000–01 | 47880.00 | लातेहार |
| 27 | 59 / 29.07.2024 | श्री सुनील प्रसाद, पिता स्व० मुनीलाल गुप्ता, ग्राम+पो०+थाना+जिला–लातेहार। | 17 / 2000–01 | 70500.00 | लातेहार |
| 28 | 63 / 29.07.2024 | मो० अलमीद्धीन अली, पिता मो० उसमान मियाँ,एवं मो० एनामुल अंसारी दोनो का पताः– ग्राम–पोखरी, पो०–सरईडीह, थाना–बरवाडीह, जिला –लातेहार। | 29 / 2000–01 | 25065.00 | बरवाडीह |
| 29 | 62 / 29.07.2024 | श्री सुरज साव, वल्द लघु साव,ग्राम ईचाक, पोस्ट–जालिम थाना+जिला–लातेहार। | 31 / 2000–01 | 48270.00 | लातेहार |
| 30 | 61 / 29.07.2024 | श्री महेश्वर साव, पिता श्री सुखी साव, ग्राम–अलौदिया, पो०+थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार। | 32 / 2000–01 | 24870.00 | चन्दवा |
| 31 | 72 / 29.07.2024 | श्री राम किशोर साव, पिता स्व० देवी राम साव, ग्राम+पो०+थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार। | 33 / 2000–01 | 24870.00 | चन्दवा |
| 32 | 60 / 29.07.2024 | श्री मोती साव, पिता श्री शीतल साव, ग्राम–सेमरी, पो०–डेमू, थाना+जिला–लातेहार। | 37 / 2000–01 | 47685.00 | लातेहार |
| 33 | 61 / 29.07.2024 | श्री विनय पाण्डेय, पिता श्री सुर्यदेव पाण्डेय, ग्राम+पो०+थाना–बारवाडीह, जिला–लातेहार। | 38 / 2000–01 | 24870.00 | बरवाडीह |
| 34 | 58 / 29.07.2024 | श्री सोनू सिंह, पिता श्री भगवान सिंह,ग्राम–रेलवे कॉलनीबरवाडीह,पो०+थाना–बरवाडीह,जिला–लातेहार। | 41 / 2000–01 | 24870.00 | बरवाडीह |
| 35 | 84 / 29.07.2024 | श्री मनोज कुमार, पिता श्री एस०जी०प्रसाद, ग्राम+पो०+थाना–बारवाडीह, जिला–लातेहार। | 43 / 2000–01 | 25065.00 | बरवाडीह |
| 36 | 86 / 29.07.2024 | श्री शत्रुधन प्रसाद गुप्ता, पिता श्री ताराचन्द प्रसाद, ग्राम+पो०+थाना–बरवाडीह, जला–लातेहार। | 47 / 2000–01 | 25065.00 | बरवाडीह |
| 37 | 85 / 29.07.2024 | श्री शत्रुधन प्रसाद गुप्ता, पिता श्री ताराचन्द प्रसाद, ग्राम+पो०+थाना–बरवाडीह, जिला–लातेहार। | 48 / 2000–01 | 25065.00 | बरवाडीह |
| 38 | 56 / 29.07.2024 | श्री शत्रुधन प्रसाद गुप्ता, पिता श्री ताराचन्द प्रसाद, ग्राम+पो०+थाना–बरवाडीह, जिला–लातेहार। | 49 / 2000–01 | 25065.00 | बरवाडीह |
| 39 | 57 / 29.07.2024 | श्री शत्रुधन प्रसाद गुप्ता, पिता श्री ताराचन्द प्रसाद, ग्राम+पो०+थाना–बरवाडीह, जिला–लातेहार। | 50 / 2000–01 | 25065.00 | बरवाडीह |
| 40 | 88 / 29.07.2024 | श्री सुरेन्द्र साह, पिता स्व० केदार साव, ग्राम–छिपादोहर,पो०+थाना–बरवाडीह,जिला–लातेहार। | 52 / 2000–01 | 26625.00 | बरवाडीह |
| 41 | 26 / 22.06.2024 | श्री सुनील कुमार साहू,पिता स्व० राम लखन साहू, ग्राम+पो०–होलंग, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार। | 01 / 2016–17 | 105342.00 | चन्दवा |
| 42 | 28 / 22.06.2024 | श्री रघुनन्दन यादव,पिता श्री मुखतेश्वर यादव, ग्राम–मटलौंग, पो०–होलंग, थाना–चन्दवा, जिला– लातेहार। | 03 / 2016–17 | 98929.00 | चन्दवा |
| 43 | 29 / 22.06.2024 | मो० इफ्तेखार अहमद, पिता मो० रेयाजुद्दीन अहमद, ग्राम–अम्बाटोली, पो०+थाना–महुआडांड जिला– लातेहार। | 04 / 2016–17 | 100166.00 | महुआडांड |
| 44 | 27 / 22.06.2024 | श्री रवि यादव, पिता श्री मंगन यादव , ग्राम+पो०– सेरेगडा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार। | 05 / 2016–17 | 100431.00 | बालूमाथ |
| 45 | 30 / 22.06.2024 | श्री रवि यादव, पिता श्री मंगन यादव,ग्राम+पो०– सेरेगडा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार। | 15 / 2016–17 | 121099.00 | बालूमाथ, |
| 46 | 31 / 22.06.2024 | श्री रवि यादव, पिता श्री मंगन यादव,ग्राम+पो०– सेरेगडा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार। | 19 / 2016–17 | 144783.00 | बालूमाथ, |
| 47 | 32 / 22.06.2024 | श्री बिजय सिंह, पिता स्व० राजेन्द्र प्रसाद सिंह, ग्राम+पो०–बारी, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार। | 38 / 2016–17 | 141839.00 | चन्दवा |
| 48 | 33 / 22.06.2024 | श्री बिजय यादव, पिता श्री तपेश्वर यादव, ग्राम +पो०–सेरक, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार। | 39 / 2016–17 | 141839.00 | चन्दवा |
| 49 | 34 / 22.06.2024 | मो० इफ्तेखार अहमद,पिता मो० रेयाजुद्दीन अहमद, ग्राम–अम्बाटोली,पो०+थाना–महुआडांड जिला–लातेहार। | 93 / 2016–17 | 124130.00 | महुआडांड |

अतः उपरोक्त बकायेदारों को सूचित किया जाता है कि वे अविलम्ब बकाये राशि का Online भुगतान कर नीलाम पत्र पदाधिकारी, (खनन) पलामू अंचल के न्यायालय को सूचित करें।

नीलाम पत्र पदाधिकारी, (खनन)
पलामू अंचल, मेदिनीनगर

PR 347614 Mines and Geology (24-25)_D

## उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने हरिणाखांड टोले का किया दौरा

# कई समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को आंजन पंचायत के हरिणाखांड टोले का दौरा किया, जहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त मोटरसाइकिल से कठिन मार्ग तय कर टोले पहुंचे, जहां कोरबा जनजाति (पीवीटीजी) के 16 परिवार निवास करते हैं।



**ग्रामीणों की प्रमुख समस्याएं और समाधान :** ग्रामीणों की प्रमुख मांग हरिणाखांड टोला तक सड़क निर्माण को लेकर थी। उपायुक्त ने जानकारी दी कि 3.5 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है और कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। ग्रामीणों ने पेंशन योजना, जल आपूर्ति, बिजली, और आवास निर्माण से जुड़ी समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधूरे आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूरे किए जाएं और सभी पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। उपायुक्त ने वन पट्टा योजना की समीक्षा की और जेएसएलपीएस से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उन्हें स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कृषि और बकरी पालन से जुड़े ग्रामीणों को सरकार की सहायता योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया।

**राशन, स्वास्थ्य और कल्याण योजनाओं पर विशेष जोर :** डाकिया योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों तक राशन की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। संस्थागत प्रसव (इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी) को बढ़ावा देने के लिए मातृ वंदना योजना और जननी शिशु सुरक्षा योजना की जानकारी दी, जिससे महिलाओं को ?6500 की आर्थिक सहायता मिलेगी। मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से स्वास्थ्य जांच शिविरों में ग्रामीणों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। दौरे के अंत में उपायुक्त ने आंजन के आंगनवाड़ी केंद्र और विद्यालयों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर शिक्षा और पोषण से संबंधित सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के इस दौरे से हरिणाखांड टोले के ग्रामीणों को विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जगी है।

## महिला विकास मंडल की वार्षिक अधिवेशन की समीक्षा बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड परिसर में महिला विकास मंडल के वार्षिक अधिवेशन की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला विकास मंडल की वरीय पदाधिकारीगण एवं पूरे प्रखंड क्षेत्र की दीदीयां और महिला मंडल की कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। बैठक में गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा की गई तथा महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन और संगठनात्मक मजबूती को लेकर विचार-विमर्श किया गया। महिला विकास मंडल की वरीय पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला स्वावलंबन और सामूहिक प्रयासों से ग्रामीण विकास को नई दिशा दी जा सकती है। समीक्षा बैठक में महिला समूहों की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार योजनाओं से अधिक से अधिक जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में महिला मंडल की दीदीयों ने अपने अनुभव साझा किए और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।



## गौवंशीय पशुओं की तस्करी के प्रयास को पुलिस ने किया नाकाम, 18 गौवंश बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** कुरुमगाढ़ थाना क्षेत्र के सिबिल एवं रोगाडीह जंगल में रविवार देर शाम पुलिस ने गौवंशीय पशुओं की तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल करते हुए 18 गौवंशीय पशुओं को बरामद किया है। यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस द्वारा की गई, जिसने तस्करों के मंसूबों को नाकाम कर दिया।सूत्रों के अनुसार, जंगल के रास्ते गौवंशीय पशुओं की तस्करी की जा रही थी। थाने के प्रभारी, वी के चेतन को इस घटना की गुप्त सूचना मिली, जिसके बाद उन्होंने त्वरित कार्रवाई का निर्णय लिया।

पुलिस की छापेमारी से पहले ही तस्कर मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने समय रहते सभी गौवंशीय पशुओं को सुरक्षित कर लिया। पकड़े गए पशुओं को 'जिमा' नाम लिखकर स्थानीय ग्रामीणों के बीच बांटने की योजना बनाई गई है, ताकि स्थानीय समुदाय को इस कार्रवाई का लाभ मिल सके। इस पहल से न केवल पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि स्थानीय किसानों और ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिलेगा। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सक्रियता की सराहना की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि पुलिस विभाग इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रखेगा, ताकि गौवंशीय पशुओं की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम की जा सके।

इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि कानून के प्रति जागरूकता और पुलिस का सहयोग मिलकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। पुलिस की तत्परता ने न केवल तस्करी के प्रयास को विफल किया, बल्कि स्थानीय समुदाय में सुरक्षा का एहसास भी जगाया है। इस प्रकार की कार्रवाई न केवल गौवंशीय पशुओं की तस्करी पर अंकुश लगाने में मदद करेगी, बल्कि एक संवेदनशील समाज के निर्माण में भी सहायक सिद्ध होगी। पुलिस प्रशासन का यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय है और उम्मीद की जाती है कि भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

## चैनपुर प्रखंड में एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया गया



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में सोमवार एक विशेष एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने किया, जो पुलिस अधीक्षक शंभू सिंह के निर्देश पर संचालित हुआ। अभियान के दौरान चैनपुर प्रखंड के प्रमुख चौक-चौराहे पर वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने वाहनों के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस और पॉल्यूशन जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान कई वाहनों को नियमों का पालन न करने पर हिदायत दी गई और उन्हें छोड़ दिया गया। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि इस प्रकार के अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और अपराध पर नियंत्रण पाना है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सभी आवश्यक दस्तावेज अपने पास रखें। इस अभियान में एएसआई नंदकिशोर कुमार और अन्य जवान भी शामिल रहे, जिन्होंने जांच प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग किया। पुलिस ने सभी वाहन चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है, जिससे सड़क पर सुरक्षा बढ़ सके। चैनपुर में इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे, जिससे स्थानीय समुदाय में जागरूकता बढ़ेगी और अपराध की संभावनाएं कम होंगी। पुलिस प्रशासन ने यह भी आश्वासन दिया है कि भविष्य में ऐसे अभियान समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे।

**न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू**

**नोटिस विविध अपील वाद सं0 – 99/2022–23**

1.श्रीमति असलम आरा,पति–तौफिकुर रहमान उर्फ मुन्ना जी,ग्राम फागमारी, पो0+थाना– रमकण्डा ,जिला–गढ़वा,झारखण्ड।
2.श्रीमति सबनम आरा,पति–रमजान खान,ग्राम–छेछा,थाना–बरवाडीह,जिला–लातेहार,झारखण्ड।
– प्रथम पक्ष

बनाम

1.श्रीमति हुस्न आरा पति–मो0 इमतियाज एवं मो0 इरफान,पिता– एस0 के0 नुर मोहम्मद दोनो ग्राम+पो0–नावाबाजार,थाना–नावाबाजार(विश्रामपुर) – विपक्षी

एतद द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी/आवेदक ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त विविध अपील वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है तथा आपको दिनांक– 19.01.2024 को सूचना भी निर्गत की गयी जिसकी सुनवायी की तिथि 14.02.2023, निर्धारित थी परन्तु उपरोक्त वाद में निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुये। वाद में अगली तिथि दिनांक 24.04.2025 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर

PR347620 (District)24-25*D

**कार्यालयः– नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**
Email- npsbnagar@gmail.com

पत्रांक 203 दिनांक 03.03.2025

**आम सूचना**

कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के सभागार में आज दिनांक 03.03.2025 को Holding Tax से संबंधित प्रशासक न0 पं0, श्री बंशीधर नगर की उपस्थिति में सभी SSPL टीम के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें निर्णय लिया गया की नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रांतर्गत सभी भवनों/मकानों का स्व–कर निर्धारण प्रपत्र (SAF) भरकर Holding Tax कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। SAF प्रपत्र नहीं जमा करने पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं विभागीय आदेश के आलोक में निम्न्लिखित कार्रवाई करने का प्रावधान है :–

1) मांग पत्र निर्गत करना
2) अखबारों में नाम प्रकाशित करना
3) चल–अचल संपति को जब्त करना
4) आपके बैंक खाता को फ्रीज करना

अतः सभी धृतिधारीयों को ताकीद की जा रही है कि 03 दिनों के अन्दर अपना स्व–कर निर्धारण (SAF) प्रपत्र भरते हुए Holding Tax का भुगतान कार्यालय में अथवा SSPL के प्राधिकृत Tax Collector को देना सुनिश्चित करें। अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं विभागीय निदेश के आलोक में आपका नाम बकायेदार की श्रेणी में अखबारों में प्रकाशित किया जाएगा एवं आपके विरूद्ध कानून संगत कार्रवाई प्रारंभ करने हेतु नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर बाध्य होगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

विश्वासभाजन
प्रशासक
नगर पंचायत,श्री बंशीधर नगर

PR 347658 (Urban Development)24-25*D

## न्यूज बॉक्स

### 9 मार्च को लगेगा वार्षिक फागुन मेला, 5 से शुरू होगी डाक प्रक्रिया

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित होने वाला वार्षिक फागुन मेला इस बार 9 मार्च 2025 को निर्धारित किया गया है। मेले के सफल आयोजन को लेकर अंचल कार्यालय भरनो द्वारा डाक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस संबंध में अंचलाधिकारी अविनाश कुजूर ने जानकारी देते हुए बताया कि डाक की प्रक्रिया 5 मार्च 2025 (बुधवार) को सुबह 11 बजे से अंचल कार्यालय भरनो में आरंभ की जाएगी। उन्होंने प्रखंड के आम और खास सभी इच्छुक व्यक्तियों से इस प्रक्रिया में शामिल होने की अपील की है। फागुन मेला भरनो प्रखंड का एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेते हैं। मेले में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलता है।

### हरी टोली में 45 वर्षीय व्यक्ति को गोली लगी, रिम्स रेफर

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के हरी टोली गांव में गोली लगने से 45 वर्षीय लहरु उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली उसके सीने में लगी, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद परिजनों ने लहरु को पहले सिसई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि गोली उसकी सीने की हड्डी में फंस गई है, जिससे इलाज में जटिलता बढ़ गई। इसके बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों द्वारा घटना की जानकारी लेने पर परिजनों ने दावा किया कि लहरु जंगल की ओर गया था, जहां उसे एक जिंदा गोली मिली। जब उसने उसे पत्थर से तोड़ने की कोशिश की, तभी गोली चल गई और उसके सीने में जा घुसी। हालांकि, वहां मौजूद लोगों और चिकित्सकों को इस बयान पर संदेह है। मामले में यह भी आशंका जताई जा रही है कि किसी ने लहरु उरांव को गोली मारी है, लेकिन परिजन सच्चाई छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

### 6 को मध्याह्न भोजन संचालन बाधित होने की संभावना, वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश

**गुमला।** जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला ने सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारियों, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों एवं कार्यक्रम पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है कि 6 मार्च 2025 को गुमला जिले के प्राथमिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन संचालन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। यह निर्देश झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संघ के आह्वान पर जारी किया गया है, जिसमें संघ ने 6 मार्च को विधानसभा के समक्ष धरना-प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम करने की घोषणा की है। इस कारण जिले के सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना बाधित होने की आशंका जताई गई है। इस स्थिति को देखते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र के विद्यालयों में 6 मार्च को मध्याह्न भोजन संचालन हेतु वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि बच्चों को कोई असुविधा न हो।

### घाघरा में 50 वर्षीय विक्षिप्त लाल उरांव ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के जोकारी गुटूवा निवासी 50 वर्षीय लाल उरांव ने अपने घर के कंडी में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई रहमान उरांव बताया कि मेरे छोटा भाई लाल उरांव का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था बताया कि मृतक लाल उरांव ने अपने कमरे का दरवाजा को बंद किया हुआ था मृतक की पत्नी ने लगभग 3:30 बजे दरवाजा खोला तो देखा कि मेरे पति लाल उरांव ने घर के कंडी में ही रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अनन फनन में इसकी सूचना मृतक के बड़े भाई रहमान को दी इसके बाद पत्नी ने रस्सी को काटकर शव को नीचे उतारा। इसकी सूचना तुरंत घाघरा थाना को दिया गया घाघरा थाना अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची शव कब्जे में लेकर रात में ही 10:00 बजे घाघरा थाना लाया गया इसके बाद आज सुबह पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। एवं मामले की जांच में जुटी पुलिस।

## गुमला में 12 मार्च को सूंडी समाज का होली मिलन

**गुमला।** सूंडी समाज, गुमला की कार्यसमिति की बैठक आज बस स्टैंड स्थित सूंडी धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व की बैठकों की पुष्टि के साथ आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 मार्च को सूंडी समाज का होली मिलन समारोह समाज के धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष सूरज कुमार साहू ने समाज के सभी सदस्यों से होली मिलन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकजुटता बढ़ती है और समय-समय पर समाज को एक मंच पर आकर अपनी एकता का परिचय देना चाहिए। होली मिलन के दौरान स्थानीय व्यंजन, गीत-संगीत और अबीर-गुलाल के रंगों से माहौल खुशनुमा बनेगा। वहीं, आगामी 1 अप्रैल को सरहुल के पावन अवसर पर सूंडी समाज होटल विदेश के समीप पानी और शर्बत का स्टॉल लगाएगा।

## झारखंड बजट पर भायुमोका हमला, बताया

# युवाओं और जनता के लिए निराशाजनक

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर भाजपा के गुमला जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप प्रसाद ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं और आम जनता को इस बजट से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन सरकार ने सभी को निराश किया है। संदीप प्रसाद ने कहा कि झामुमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव के दौरान जो वादे किए थे, वे इस बजट में कहीं नजर नहीं आ रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के युवाओं को रोजगार देने और नियोजन नीति को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने अनुबंध कर्मियों को स्थायी करने का वादा किया था, लेकिन बजट में इस पर कोई चर्चा नहीं की गई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने आदिवासी पोशाक पहनकर 'अबुआ बजट' पेश किया, लेकिन असल में यह 'बबुआ बजट' साबित हुआ है। भायुमो ने बजट को झारखंड की जनता के साथ छलावा करार देते हुए कहा कि इसमें आदिवासी-मूलवासी समुदाय के विकास की कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट सिर्फ सत्ता बचाने और जनता को भ्रमित करने के लिए बनाया गया है, जबकि आने वाले पांच साल झारखंड की लूट में बीतेंगे। भायुमो ने सरकार से मांग की है कि वह अपने चुनावी वादों को पूरा करे और युवाओं, बेरोजगारों तथा आम जनता के हित में ठोस योजनाएं लागू करे।



# भाजपा संगठन चुनाव की प्रक्रिया तेज सभी मंडलों में चुनाव प्रभारी नियुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** भाजपा गुमला जिला संगठन चुनाव को लेकर पर्यटन भवन सभागार में 3 मार्च 2025 को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमंडलीय चुनाव प्रभारी गणेश मिश्रा ने कहा कि सभी मंडलों को संगठन चुनाव में अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि अगले तीन दिनों में बूथ स्तर पर सभी समितियों का चुनाव पूरा कर लिया जाए, ताकि क्रमवार मंडल अध्यक्ष एवं फिर जिला अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराया जा सके। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा गुमला जिलाध्यक्ष विनय लाल ने अब तक बने सक्रिय एवं प्राथमिक सदस्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और आश्वस्त किया कि शेष सदस्यता अभियान दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। जिला प्रभारी मनोज मिश्रा ने स्पष्ट किया कि सदस्यता अभियान जल्द पूरा करना जरूरी है, क्योंकि ऑनलाइन पोर्टल अभी खुला है। उन्होंने कहा कि हर कार्यशील, कर्मठ सदस्य को सक्रिय सदस्य बनाना सुनिश्चित करें और संगठनात्मक चुनाव को तय समयसीमा में पूरा करें। बैठक में सर्वसम्मति से गुमला जिला के सभी मंडलों में नए मंडल चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारी की नियुक्ति की गई और उन्हें बूथ स्तर पर चुनाव प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए गए।



**नवनियुक्त मंडल प्रभारी एवं सह प्रभारी की सूची**

**गुमला नगर मंडल** : जगनारायण सिंह (प्रभारी), दामोदर कसेरा (सहप्रभारी)
**गुमला ग्रामीण मंडल** : विनोद कुमार, गायत्री देवी, सुजीत नंदा, अमरमणि उरांव
**रायडीह मंडल** : संजय साहू, सत्यनारायण पटेल
**चैनपुर मंडल** : नीरज शर्मा
**डुमरी मंडल** : यशवंत सिंह, गजाधर सिंह
**जारी मंडल** : अवधेश प्रताप शाहदेव
**मुरकुंडा मंडल** : संदीप कुमार, भोला चौधरी, किशुन बड़ाइक
**टोटो मंडल** : छोटे लाल उरांव, सीता गुप्ता
**घाघरा मंडल** : विपिन बिहारी, श्याम किशोर पाठक
**आदर मंडल** : प्रदीप प्रसाद, गोपाल गोप, कौशल ठाकुर
**विशुनपुर मंडल** : भिखारी भगत, केदार साहू, अनिल उरांव
**सिसई मंडल** : अनुपचंद्र अधिकारी, निरंजन सिंह
**भरनो मंडल** : लाल मोहन साहू, भूषण पाहन
**पुसो मंडल** : ईश्वर महतो
**बसिया मंडल** : रामअवध साहू, विनोद भगत, जगदंबा साहू, उज्ज्वल मिश्रा
**कामडारा मंडल** : विजय सिंह (पिंटू), अरुण कुमार मिश्रा, आनंद ओहदार
**पालकोट मंडल** : भूपन साहू, सूरजदेव सिंह, गोपाल केशरी

**कई प्रमुख नेता रहे मौजूद :** बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष विनय लाल, प्रमंडलीय चुनाव प्रभारी गणेश मिश्रा, जिला प्रभारी मनोज मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा, भिखारी भगत, विनोद कुमार, भूपन साहू, जगेश्वर सिंह, जोगेंद्र सिंह, रामअवध साहू, निरंजन सिंह, लालमोहन साहू, जगनारायण सिंह, श्यामकिशोर पाठक, अवधेश शाहदेव, अमित पांडे, शैल मिश्रा, गायत्री देवी, गुड्डी नंदा, कौशलेंद्र जमुआर, छोटेलाल उरांव, बबलू वर्मा, संतोष सिंह, उज्ज्वल मिश्रा, विजयशंकर दास, विक्रांत सिंह और लक्ष्मीकांत बड़ाइक सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा**

**परामर्शी नियुक्ति हेतु ईच्छा की अभिव्यक्ति**
**आमंत्रण सूचना संख्या–05/2024–25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि नगर परिषद परिषद गढ़वा अन्तर्गत STP (Sewerage Treatment Plant) योजना का डी0पी0आर0 तैयार कराने हेतु अनुभवी तथा ख्याति प्राप्त परामिर्शीयों की 03 वर्श तक नियुक्ति हेतु आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक परामर्शी अपना दर, बायोडाटा आदि संलग्न कर मुहर बंद लिफाफे में दिनांक 10.03.2024 के अपराह्न 03:00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं एवं उसी दिन 04:00 बजे अपराह्न मे नगर परिषद गढ़वा के कार्यालय कक्ष में परामर्शीदात्रियों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

नियम एवं शर्ते :–
(1) परामर्शीदात्रियों को पैन कार्ड, जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण–पत्र, अधतन आयकर रीटर्न की अभिप्रमाणित छाया प्रति, ISO Certificate 9001 आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
(2) परामर्शीदात्रियों को कोटेशन के साथ 5000/–जमानत राशि के रुप में बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा के पदनाम से, गढ़वा में देय हो को समर्पित करना अनिवार्य होगा तथा बिना जमानत राशि के कोटेशन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
(3) परामर्शीदात्रियों को सरकार के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त के अनुरुप डी0पी0आर0 तैयार करना होगा।
(4) सरकारी स्तर पर निर्गत इस तरह के कार्य का डी0पी0आर0 तैयार किए जाने संबंधी अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करने वाले परामर्शी दात्री के आवेदन पर समान दर रहने की स्थिति में कार्य आवंटन पर प्राथमिकता दी जाएगी।
(5) प्राप्त भावपत्र आवेदन का निशपादन नगर परिशद गढ़वा में गठित क्रय समिति द्वारा किया जाएगा।
(6) परामर्शीदात्री को आवेदन के साथ उनकी संस्था के विरुद्ध किसी प्रकार का कोई कार्रवाई या रुग्न अवस्था में नहीं हैं का शपथ–पत्र संलग्न करनी होगी।
(7) सफल परामर्शीदात्री के प्रत्येक विपत्र से 5% राशि कटौती की जाएगी Final D.P.R. ससमय संतोशप्रद रुप से सक्षम स्तर से स्वीकृतकराने के उपरांत राशि विमुक्त कर दी जाएगी।
(8) अन्य जानकारी के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में कार्य अवधि तक नगर परिषद गढ़वा के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता हैं।
(9) पिछले 03 वर्षों का टर्नओभर प्रमाण–पत्र (कम से कम 03 करोड़) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(10) बिना कारण बताये परामर्शी नियुक्ति आमंत्रण को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद गढ़वा

PR 347580 Urban Development(24-25)#D

**अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, लातेहार (खाद्य सुरक्षा–शाखा)** fssai

**खाद्य कारोबारियों के लिए आवश्यक सूचना**

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत सभी खाद्य कारोबारियों यथा–होटल, भोजनालय, रेस्टोरेंट, पानी विक्रेता, थोक विक्रेता (Wholesaler), वितरक (Distributor), प्रदायक (Supplier), भंडारक (Storer), विनिर्माता (Manufacturer), खुदरा विक्रेता (Retailer), विटामिन एवं फूड सप्लीमेंट बेचने वाले दावा दुकान, शराब दुकान, ठेला खूम्चा, वधशाला, मीट/चिकन/मछली/अण्डा दुकान, कैंटीन, मिठाई दुकानदार, परिवाहक (Transporter), फल एवं सब्जियों की दुकान, गुमटी, सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालय परिसर में संचालित कैंटीन, सभी स्कूल एवं कॉलेज में संचालित मेस इत्यादि फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। बिना फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है, जिसमें 10 (दस) लाख रू0 तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है।

| क्र0स0 | दिनांक | कैम्प का स्थल |
|---|---|---|
| 01 | 05.03.2025 | खाद्य सुरक्षा कार्यालय, सदर अस्पताल कैम्पस लातेहार समयः– 10:00 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक |

| | | |
|---|---|---|
| रजिस्ट्रेशन शुल्क | 12 लाख से कम का टर्नओवर | 100 रू0 |
| लाईसेंस शुल्क | 12 लाख से अधिक का टर्नओवर | 2000 रू0 (सामान्य कारोबारी) 3000 से 5000 रू0 (मैन्युफेक्चरर) |

रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेजः–
1. एक स्वअभिप्रमाणित फोटो पहचान–पत्र।
2. एक पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ।
3. अगर पहचान–पत्र में व्यवसाय स्थल का पता अंकित नहीं तो व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का दस्तावेज।

लाईसेंस के लिए आवश्यक दस्तावेजः–
4. प्रोपराईटर्स/पार्टनर का विवरण (नाम, पता, मो0 नं0,एवं ई–मेल आई0डी0)।
5. खाद्य कारोबारी का पहचान–पत्र ।
6. व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का दस्तावेज ।
7. प्रोपराईटर्सशीप का सेल्फ डिक्लेरेशन/पार्टनशीप डीड।

खाद्य व्यवसाय से संबंधित कुछ विशेष दस्तावेजः–
8. मीट दुकान/वधशाला के रजिस्ट्रेशन/लाईसेंस हेतु स्थानीय निकाय एवं प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण–पत्र।
9. मैन्युफेक्चरर के लिए युनिट की ब्लुप्रिंट/मशीन एवं Instrument की सूची/पानी का रसायनिक एवं जैविक जाँच रिर्पोट।
10. कैंटरर/ रेस्टोरेंट/होटल के लिए पानी का रसायनिक एवं जैविक जाँच रिर्पोट।
11. रिपैकर के लिए मैन्युफेक्चरर से अनापत्ति प्रमाण–पत्र।

नोटः– सभी दस्तावेज स्वाअभिप्रमाणित रूप में जमा करना है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,
लातेहार।

अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

PR 347633 (Food Public Distribution and Consumer Affairs)24-25*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

शिष्यों की एक मण्डली से: "तुम सबको आपस में उसी प्रकार प्रेम एवं एक-दूसरे की सेवा करनी चाहिए, जिस प्रकार तुमने मेरी सेवा की है। मैं सबका सेवक हूँ।" - श्री श्री परमहंस योगानन्द

## संपादकीय

### ट्रंप की साम्राज्यवादी सोच और मैक्सिको

डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया का कारोबारी भविष्य बदलने के लिए अमेरिकी बाजार में सामान बेचने पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने का फैसला तो बाद में किया, व्हाइट हाउस पहुंचने के बाद सबसे पहले उन्होंने 400 साल पुराना इतिहास बदलने का फरमान जारी किया। उन्होंने 16 लाख वर्ग किलोमीटर के मेक्सिको बेसिन यानी सेनो मेक्सिकाना यानी गल्फ ऑफ मेक्सिको का नाम बदलकर गल्फ ऑफ अमेरिका कर दिया। यह समुद्री क्षेत्र अमेरिका के पांच राज्यों, छह मेक्सिकन राज्यों और क्यूबा को जोड़ता है। नाम बदलने से इतिहास और अतीत बदलने की झक राजनेताओं को अनोखा ही जीव बनाती है। ट्रंप के चेहरे में लोगों को अचानक, 19वीं सदी के मध्य के राजनेता दिखने लगे, जो मैनिफेस्ट डेस्टिनी के नाम पर अमेरिका का राज्य विस्तार करना चाहते थे। ट्रंप भी ग्रीनलैंड और कनाडा को लेकर कुछ न कुछ कहते रहे हैं। मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलने के बाद मेक्सिको और अमेरिका का रक्तरंजित इतिहास फड़फड़ा उठा है, ट्रंप सिर्फ अमेरिका के पश्चिमी मुल्क का अतीत ही नहीं, बल्कि भविष्य भी बदलने (इंपोर्ट टैरिफ) को बख्तरबंद हैं, तो आइए टाइम मशीन भी तैयार है आपको ले जाने के लिए ऐसे युद्धोन्मादी दौर में, जहां अमेरिका के एक राष्ट्रपति ने देश के पश्चिम का नक्शा बदल दिया था। मेक्सिको को लेकर ट्रंप की चिढ़ की जड़ शायद वहीं मिल जाए। हम उड़ चले हैं 1846 की तरफ, जब भारत में सर जॉन कंपनी या ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ बगावत शुरू हो चुकी थी। हम मेक्सिको की खाड़ी को पार करते हुए वेराक्रूज के ऊपर से मेक्सिको सिटी की तरफ बढ़ रहे हैं। आपके नीचे जंग का मैदान है, जहां अमेरिका की फौज मेक्सिको सिटी पर लगभग कब्जा करने वाली है। वह आगे देख रहे हैं न एक पहाड़ी, उसका नाम है चापुलटपेक हिल। टाइम मशीन इस पहाड़ी से कुछ दूर जंगल में उतर रही है। यह सितंबर 1847 है, अमेरिका और मेक्सिको के युद्ध का निर्णायक क्षण आ गया है।अमेरिकी जनरल विनफील्ड स्कॉट ने वेराक्रूज के जरिये समुद्री, थल और हवाई हमला किया है। यह अमेरिका-मेक्सिको युद्ध (1846-48) का सबसे ताकतवर हमला है। चुरुबुस्को में मेक्सिकन अमेरिकियों से भिड़ गए, मगर स्कॉट की फौज उन्हें रौंदते हुए मेक्सिको सिटी की तरफ बढ़ चली। उनका रास्ता रोका चापुलटपेक के किले ने। चापुलटपेक में एक बड़ा लोहमर्षक इतिहास बन रहा था। कल रात स्कॉट की सेना ने इस किले पर अभूतपूर्व गोला बारूद बरसाया। मेक्सिको सिटी पर अमेरिकी कब्जे के लिए यह किला ढहना जरूरी था। इस किले पर तैनात थे मेक्सिको के युवा सिपाही, जो अभी-अभी जंग में आए थे। इनमें छह कैडेट आखिरी तक जूझे और उनके रहने तक अमेरिकी फौजें किले के पास नहीं पहुंच पाईं, इनमें एक कैडेट थे जुआन एस्क्यूटिया। अंततः वह मेक्सिको का झंडा अपने शरीर से लपेटकर किले से कूद गए, ताकि अमेरिकी उसके मुल्क के ध्वज छू न सकें।

*ट्रंप के चेहरे में लोगों को अचानक, 19वीं सदी के मध्य के राजनेता दिखने लगे, जो मैनिफेस्ट डेस्टिनी के नाम पर अमेरिका का राज्य विस्तार करना चाहते थे।*

# धरती का सबसे खुश आदमी



खुशी आसमान से नहीं गिरती, यह हमारे हाथों में है। खुशी हमारे अंदर से और उन लोगों से आती है जिन्हें हम प्यार करते हैं, हम अपना बनाते हैं और अपना समझते हैं। अगर हम खुश और स्वस्थ हैं, तो आप करोड़पति हैं। यह कहना है पृथ्वी पर सबसे खुश आदमी एडी जाकू का। एडी जाकू (1920 - 2021) थे, होलोकॉस्ट से बचे व्यक्ति ने "द हैप्पीएस्ट मैन ऑन अर्थ" नामक संस्मरण लिखा। इसमें कहते है कि यह जीवन खाली खेत बना रहेगा या फूल, पौधा और फल से परिपूर्ण बगीचा बनेंगा। इसका निर्धारण हमें करना होगा। खेत खाली है, और रहेगा अगर उसमें बीज न डाले, लेकिन अगर हम कुछ उगाने की कोशिश करते हैं तो हमारे पास एक बगीचा होगा। और यही जीवन है। कुछ देंगे तो कुछ वापस आएगा। कुछ नहीं देंगे तो कुछ वापस नहीं आएगा।

एडी के पिता पोलैंड से आए एक आप्रवासी थे और जर्मनी में बसने के बाद उन्हें अपने दत्तक देश पर बहुत गर्व था। लेकिन एडी और उनके परिवार के लिए यह सब तब बदल गया जब 1938 में एडी को गिरफ्तार कर लिया गया और बुचेनवाल्ड ले जाया गया। उस समय जब वे मौत के करीब थे, भूख से मर रहे थे, हताश थे। छह मिलियन यहूदी जिनकी हत्या कर दी गई और उन्हें खत्म कर दिया गया। अब 100 वर्ष की आयु में और अपने परिवार के साथ ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रहते हुए, एडी हम सभी को मुस्कुराने, कुछ गलत होने पर हिम्मत रखने, अपनी माँ को यह बताने के लिए कि आप उनसे प्यार करते हैं, अपने बच्चों को गले लगाने के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं। उनकी जीवनी पर लिखी किताब को 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ आत्मकथा का पुरस्कार मिला।

आज की बात



**मयंक मुरारी**

इतिहास में युद्ध की किताबें बहुत हैं। कुछ अच्छी हैं, कुछ बुरी हैं, कुछ औसत दर्जे की हैं। लेकिन कभी-कभी आपको कोई ऐसी मिल जाती है जो आपकी पूर्व धारणाओं को दरवाजे पर छोड़ देती है, और आपको अपने भाग्यशाली सितारों को उन सभी आशीर्वादों के लिए धन्यवाद देना पड़ता है जो आपके पास हैं। इस पुस्तक में एक बहुत ही शांत गरिमा है। जो घटनाएँ घटीं, उनकी कल्पना करना भी अविश्वसनीय है। लेकिन वे घटीं। और श्री जाकू अपनी कहानी बताने के लिए यहाँ हैं। वह उन मूल्यों के बारे में बात करते हैं जिन्हें पैसे से नहीं मापा जा सकता है, और इसलिए वे बहुत अधिक मूल्यवान हैं। उनकी उतनी ही आवश्यकता है जितनी भोजन और पानी की। परिवार का महत्व। कैसे दोस्त आपको बुरे समय में जीवित रहने में मदद करते हैं। हंसी बोझ को हल्का करने में मदद कर सकती है। शिक्षा आपका मित्र है। प्रेम सुंदर है।

जीवन सुंदर हो सकता है यदि आप इसे सुंदर बनाते हैं। यह हम पर निर्भर है। एडी जाकू का जीवन यह सिखाता है। एडी जाकू ने हमेशा खुद को पहले जर्मन और फिर यहूदी माना। उन्हें अपने देश पर गर्व था। लेकिन नवंबर 1938 में हिटलर के नाजी शासन में यह सब बदल गया, जब उन्हें पीटा गया, गिरफ्तार किया गया और एकाग्रता शिविर में लाया गया। इसके बाद अगले सात वर्षों में, एडी को हर दिन अकल्पनीय भयावहता का सामना करना पड़ा, पहले बुचेनवाल्ड में, फिर ऑशविट्ज में, फिर नाजी मृत्यु मार्च में। उसने परिवार, दोस्तों, अपने देश को खो दिया। मौत के करीब के अनुभवों और एक नए देश आस्ट्रेलिया में फिर से शुरुआत करने तक। उनका जीवन काफी दारुण और मर्मांतक अनुभव से गुजरा। क्योंकि, वे बच गये, एडी ने हर दिन मुस्कुराने की कसम खाई। वह उन लोगों को श्रद्धांजलि देता है जो अपनी कहानी बताकर, अपनी बुद्धिमत्ता को साझा करके और अपना सर्वश्रेष्ठ जीवन जीकर खो गए थे। अब वह मानता है कि वह पृथ्वी पर सबसे खुश आदमी है। हर सांस एक उपहार है. अगर आप इसे जीने दें तो जीवन सुंदर है। खुशी आपके हाथों में है।

जाकू का संदेश सकारात्मकता का है, जो दिखाता है कि कैसे, अकल्पनीय कठिनाई के बावजूद, मानवीय भावना दृढ़ रह सकती है। यह एक दिलचस्प उत्तरजीवी की कहानी है, लेकि उसके साथ ही यह सबसे बढ़कर आशा, प्रेम और दयालुता की कथा है। यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जिसने बड़ी त्रासदी और कठिनाई का सामना किया, जिसने जीने के लिए एक-एक दिन संघर्ष करते हुए कई साल बिताए और जो एक अटूट भावना के साथ इन सब से बाहर निकला। वे सामान्यतः कहते है कि आज हमारे प्रयास उन लोगों को प्रभावित करेंगे जिन्हें हम कभी नहीं जान पाएंगे। यह हमारी पसंद है कि वह प्रभाव सकारात्मक होगा या नकारात्मक। आप हर दिन, हर मिनट, किसी अजनबी को ऊपर उठाने या फिर उसे नीचे गिराने के तरीके से कार्य करने का चुनाव कर सकते हैं। चुनाव आसान है। और यह आपको करना है।

एडी की आत्मकथा को पढ़ने के दौरान तिब्बती संत मैथ्यू रिकार्ड का व्यक्तित्व भी स्मरण हो गया। उनके व्यक्तित्व पर वैज्ञानिक एवं प्रायोगिक परीक्षण किया गया और माना गया कि मैथ्यू की पूरी चेतना में नकारात्मकता और दुख का अभाव है। मैथ्यू रिकार्ड एक फ्रांसीसी बौद्ध भिक्षु, मानवतावादी, अनुवादक, लेखक और फोटोग्राफर हैं। उनके मस्तिष्क के स्कैन से जुड़े वैज्ञानिक अध्ययनों के माध्यम से, उनको दुनिया का सबसे खुश आदमी कहा गया है। दार्शनिक खुशी को अलग-अलग तरीके से परिभाषित करते हैं। हालाँकि पूर्ण खुशी का एक सामान्य अर्थ है के आंतरिक संघर्षों का क्षणिक गायब होना। यानी, हमारे आस-पास की दुनिया और खुद के साथ सामंजस्य महसूस करना। मैथ्यू रिकार्ड पूछते है कि क्या आपने खुशी कहीं देखा है ? खुशी क्या है ? वह अपनी किताब "हैपिनेस" में जवाब देते है कि कुछ ही क्षणों में अतीत के विचार नहीं उठते, भविष्य की योजनाएँ मन को अव्यवस्थित नहीं करतीं, और वर्तमान क्षण सभी मानसिक रचनाओं से मुक्त हो जाता है। राहत का यह क्षण, जिसके दौरान कोई भी भावनात्मक तात्कालिकता गायब हो जाती है, एक गहरी शांति के रूप में महसूस होता है। मैथ्यू रिकार्ड के लिए, खुशी वास्तव में पूर्णता की एक अवस्था है जो जीवन के सभी उतार-चढ़ावों के बावजूद बनी रहती है। जो व्यक्ति आंतरिक शांति को जानता है, वह असफलता से उतना ही टूटता है जितना कि सफलता से उत्साहित होता है। वह जानता है कि इन अनुभवों को गहन और विशाल शांति के संदर्भ में पूरी तरह से कैसे जीना है, यह समझते हुए कि वे क्षणभंगुर हैं और उनके प्रति आसक्त होने का कोई कारण नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## अलग बात

### अनंतता के आर-पार ईश्वर प्राप्त गुरु-शिष्य का युगल



**डॉ मंजु लता गुप्ता**

"मेरे खुले और विस्मय-विस्फारित नेत्रों के सामने सम्पूर्ण कमरा एक अद्भुत विश्व में बदल गया, सूर्य प्रकाश एक स्वर्गीय तेज में बदल गया। रक्तमास के शरीर में श्रीयुक्तेश्वरजी को अपने सामने खड़े देखकर आनंदातिरेक की लहरों पर लहरें मुझ पर छाने लगीं।" ये शब्द, जीवन में परिवर्तन लाने वाली तथा इश्वरान्वेशियों के लिए अनंत के द्वार खोल देने वाली पुस्तक 'योगी कथामृत', जिसके लेखक परमहंस योगानंद जी हैं, के 'श्रीयुक्तेश्वरजी का पुनरुत्थान' नामक अध्याय से उद्धृत हैं। 9 मार्च 1936 को महासमाधि लेने के कुछ महीने बाद श्रीयुक्तेश्वरजी अपने अतिप्रिय शिष्य (योगानन्दजी) की विरह वेदना को दूर करने हेतु आकाश तत्त्व से बने शरीर में उनके समक्ष प्रकट होते हैं तथा मृत्यु उपरांत आत्मा की यात्रा एवं सूक्ष्म लोकों के विषय में विस्तार से वर्णन करते हैं। महान संतों को परस्पर वार्त्तालाप के लिए किसी साधन की आवश्यकता नहीं होती। वे अपने अन्तर्ज्ञान का प्रयोग करके आत्मिक रूप से अपने संदेश का प्रतिपादन करते हैं। इसी प्रकार स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी ने योगानन्दजी को 1935-36 में अमरीका से भारत बुलाया और अपने शरीरत्याग का अप्रत्यक्ष भान कराते हुए उनसे कहा, "इस संसार में अब मेरा कार्य पूरा हो गया है; अब तुम्हें ही इसे आगे चलाना होगा।" अपने गुरु के इसी आदेश का अनुसरण करते हुए परमहंस योगानंद ने योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया/सेल्फ़ रियलाईज़ेशन फ़ेलोशिप नाम से आध्यात्मिक संगठन की स्थापना की जो ध्यान की उच्चत्तम प्रविधि क्रियायोग विज्ञान (द्रष्टव्य, योगी कथामृत, अध्याय -26) को सीखने का सरल, सुनिश्चित एवं विश्वसनीय साधन प्रदान करती है। वट वृक्ष के समान इसकी शाखाएँ सम्पूर्ण विश्व में फैली हैं जिसकी सुकोमल छाया तले बैठने हेतु इच्छुक जन योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया से क्रियायोग के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। योगानंद जी स्वयं एक सिद्ध क्रियायोगी थे, 7 मार्च 1952 को उनके देहत्याग के बाद उनके शरीर में कोई विकृति नहीं आई। फॉरेस्ट लॉन मेमोरियल पार्क, लॉस एंजेलिस, जहाँ महान गुरु का पार्थिव शरीर रखा है, के निर्देशक श्री हैरी टी. रोवे ने कहा -"बीस दिन बाद भी उनके शरीर में किसी प्रकार की विक्रिया नहीं दिखाई पड़ी...27 मार्च को भी उनका शरीर उतना ही ताजा और विकार रहित दिखाई पड़ रहा था जितना मृत्यु की रात्रि (7 मार्च) को।" उनकी एक निकतम एवं प्रारम्भिक शिष्या श्री श्री दया माताजी अपने गुरु के मुख से उनके देहत्याग की बात सुनकर विकल हो जाती हैं और संस्था के संचालन को लेकर चिंतित हो जाती हैं तब महान गुरु के ये शब्द-"इस बात को याद रखना मेरे जाने के बाद केवल प्रेम ही मेरा स्थान ले सकता है। दिन-रात ईश्वर के प्रेम में तल्लीन रहो, और यही प्रेम सबको दो।"

# बिहार करे पुकार, आईए निशांत कुमार




राजनैतिक दृष्टि से बिहार को अत्यंत संवेदनशील राज्य माना जाता है। इस संवेदनशीलता के बावजूद बिहार में परिवारवाद कोई नई बात नहीं है और दशकों से यहां राजनैतिक कुनबों से विरासत के उदाहरण सामने आते रहते हैं। इस बार यह चर्चा एक नये अंदाज में सामने आया है और अपने नायाब अंदाज के कारण यह काफी वायरल भी हो रहा है। बताते चलें कि इस बार की यह चर्चा किसी राजनैतिक कुनबे से संबंधित नहीं होने के बावजूद एक रसूखदार राजनैतिक परिवार को एक्सपोज करनेवाला बनकर सामने आ रहा है। इसमें हैरान करनेवाली की बात यह है कि राजनीति की मख्यधारा के विपरीत परिवारवाद की इस चर्चा को विपक्ष की वह धारा हवा दे रही है जिसपर खुद लंबे अरसे से परिवारवादी होने का गंभीर आरोप लगता रहा है। यहाँ मजेदार बात यह भी है कि बिहार के एक घोर परिवारवादी राजनैतिक परिवार के झंडाबरदार के द्वारा उस शख्स को निशाना बनाया जा रहा है जो परिवारवाद का धुर विरोधी रहा है और राष्ट्रीय स्तर पर खुद में इसका एक मिसाल बना हुआ है। बहुत स्पष्ट शब्दों में कहें तो यह पूरा मामला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 49 वर्षीय इकलौते पुत्र निशांत कुमार और लालू प्रसाद यादव के सुपुत्र तेजस्वी यादव से संबंधित है। निशांत का राजनीति से दूर दूर तक कोई संबंध नहीं है जबकि तेजस्वी बिहार की राजनीति में खुद को स्थापित कर चुके हैं। इधर निशांत के पिता नीतीश कुमार परिवारवादी राजनीति के विरोधी रहे हैं और कई मौकों पर लालू परिवार को इस मुद्दे पर घेर भी चुके हैं। ऐसे में अगर निशांत सियासत में आते हैं या उनके किसी बयान को राजनीति का रंग दे दिया जाता है तो नीतीश की गिनती भी परिवारवादी नेताओं में होने लगेगी और तेजस्वी को बैठे बिठाए एक अवसर हांथ लग जाएगा।

आपकी बात



**केदारनाथ दास**
बसिया (गुमला)

उल्लेखनीय है कि गत दिनों निशांत कुमार ने पुत्रधर्म का पालन करते हुए अपने पिता के बचाव का निर्णय लिया। अपने इस निर्णय के तहत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे ने मीडिया से बातचीत करते हुए अपने पिता के स्वास्थ्य की जानकारी साझा की। निशांत के इस बयान को राजद नेता तेजस्वी यादव ने लपक लिया और राजनीति के लपेटे में भी ले लिया क्योंकि राजद नेता तेजस्वी यादव नीतीश के स्वास्थ्य को लेकर लगातार सवाल उठाते रहे हैं। जानकारों की मानें तो तेजस्वी इसे राजनैतिक टूलकीट के तौर पर इस्तेमाल करने में कोई कोताही भी नहीं बरतते। ऐसा कुछ तब से जारी है जबसे नीतीश चाचा ने तेजस्वी यादव को तेजहीन बनाते हुए उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया है। इस राजनैतिक बेदखली के अपने मायने हैं और इन्हीं बातों का निशांत ने एक तरह से जवाब दिया है। अभी जब अपने पिता के प्रति निशांत ने एक संवेदनशील बयान दिया है तो इससे तेजस्वी तिलमिला उठे हैं क्योंकि इससे नीतीश के स्वास्थ्य को लेकर भ्रम पैदा करने की उनकी नीयत, परिवारवाद के प्रति समर्पण और राजद की नीति रीति एक्सपोज होकर रह गई है। इतना ही नहीं, राजनैतिक बयानबाजियों से कोसों दूर रहने वाले निशांत ने लगे हांथ उन्हें यह भी याद दिला दिया कि नीतीश ने पिछले उन्नीस वर्षों में बिहार के लिए काफी काम किया है और बिहार की जनता को उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। नीतीश विरोधियों के द्वारा इसे न केवल एक राजनैतिक अपील के तौर पर देखा जा रहा है बल्कि पिताजी के कार्यों को देखकर उन्हें फिर से मौका देने की अपील को अब निशांत की राजनैतिक लॉन्चिंग के तौर पर भी प्रायोजित किया जाने लगा है।


लब्बोलुआब यह कि बिहार की सियासत में इस वक्त नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार चर्चा का विषय बने हुए हैं। ऐसा तब है जबकि वे बिहार की राजनीति में कहीं नहीं हैं परन्तु पटना के सियासी गलियारों में के अनुसार उनकी जल्द ही पॉलिटिकल लॉन्चिंग होने वाली है। भविष्य किसी ने नहीं देखा है परन्तु अमूमन शांत रहने वाले निशांत के एक साधारण से बयान ने बिहारी राजनीति में जो हलचल पैदा कर दी है उसने बिहार के विपक्ष और कम से कम राजद को तो अशांत करके रख ही दिया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मंत्रों से अभिषिक्त 'गर, 'राम' तुम्हारे वाण।
क्यों न मिला कलिकाल में, मारीचों से त्राण??

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# बेटियों की रक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी

बेटियाँ केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होती हैं। उनका सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल प्रशासन का दायित्व नहीं, बल्कि हम सभी की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। आज के समाज में बेटियों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे-अत्याचार, लव जिहाद, घूरना, धर्म परिवर्तन, भेदभाव और अन्य सामाजिक कुरीतियाँ। यदि हम इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं देंगे, तो यह न केवल हमारी सामाजिक संरचना को कमजोर करेगा, बल्कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को भी खतरे में डाल देगा। भारतीय समाज में नारी को सदैव शक्ति, ममता और सृजन का प्रतीक माना गया है। वेदों में नारी को "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता" कहकर सम्मानित किया गया है। किंतु विडंबना यह है कि आधुनिक समाज में बेटियों को अनेक प्रकार की विषमताओं और खतरों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, छेड़छाड़, दुष्कर्म, बलात्कार और मानसिक उत्पीड़न जैसी घटनाएँ हमारे समाज के नैतिक पतन को दर्शाती हैं। आज का युवा वर्ग आधुनिकता की चकाचौंध में अपनी आध्यात्मिक और नैतिक जड़ों से दूर होता जा रहा है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग ने मानसिकता को इस हद तक प्रभावित किया है कि कई बार पुरुषों में महिलाओं के प्रति असम्मानजनक दृष्टिकोण उत्पन्न हो जाता है। इस स्थिति को बदलने के लिए आवश्यक है कि हम अपने बेटों को नैतिक शिक्षा दें, उन्हें संस्कारित करें ताकि वे महिलाओं का सम्मान करना सीखें। बेटियों को सशक्त बनाना ही उनकी सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है। समाज को चाहिए कि वह बेटियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग, मार्शल आर्ट, कराटे और आत्मनिर्भरता के अन्य साधनों से सशक्त बनाए। बेटों की तरह बेटियों को भी लीडर बनने के अवसर देने चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने आत्मसम्मान की रक्षा कर सकें। यदि हमारी बेटियाँ निडर होकर समाज में अपनी जगह बना पाएँगी, तो स्वतः ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होगी। शिक्षा भी सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। हमें अपनी बेटियों को न केवल पारंपरिक शिक्षा बल्कि व्यावसायिक, तकनीकी और आत्मनिर्भरता से जुड़ी शिक्षा भी देनी चाहिए, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में आत्मनिर्भर बनकर खड़ी हो सकें। हमारा भारतीय आध्यात्मिक दर्शन नारी को शक्ति, सृजन और मातृत्व का प्रतीक मानता है। महाकाव्यों में सीता, द्रौपदी, सावित्री, गार्गी, मैत्रेयी जैसी महिलाओं का वर्णन मिलता है, जिन्होंने अपनी बुद्धि, साहस और नैतिक मूल्यों से समाज को दिशा दी। भगवद गीता, उपनिषद और अन्य शास्त्रों में नारी के सम्मान और उसकी सुरक्षा को सर्वोपरि माना गया है। श्रीमद्भागवत गीता में कहा गया है "स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः", अर्थात प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम बेटियों की रक्षा करें, उन्हें सम्मान दें और समाज में उनके लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करें। यदि बेटियाँ सुरक्षित रहेंगी, तो समाज भी सुरक्षित रहेगा। बेटियों के प्रति किसी भी प्रकार का अपमान न केवल परिवार और समाज बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए कलंक के समान है। जब तक हम बेटियों को सशक्त नहीं बनाएँगे. तब तक हमारा समाज, हमारा घर और हमारा राष्ट्र सुरक्षित नहीं रह सकता। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि बेटियों को शिक्षा और आत्मरक्षा का पूरा अधिकार मिले। समाज में महिलाओं के प्रति सोच को बदलने के लिए नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा दी जाए। छेड़छाड़, घूरने और अन्य अपराधों को रोकने के लिए कठोर कानून लागू किए जाएँ। अभिभावक अपनी बेटियों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने के लिए प्रेरित करें। बेटों को सही संस्कार दिए जाएँ, ताकि वे महिलाओं का सम्मान करना सीखें। बेटियों की सुरक्षा केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की सामूहिक नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। जब तक समाज में बेटियों को भयमुक्त और सम्मानजनक वातावरण नहीं मिलेगा, तब तक हमारा देश सशक्त नहीं बन सकता। हमें बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, ताकि वे निडर होकर जीवन जी सकें और समाज में अपना स्थान बना सकें। "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" सिर्फ़ एक नारा नहीं, बल्कि यह हमारे समाज और राष्ट्र की उन्नति की कुंजी है। बेटियों का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करके ही हम एक विकसित, समृद्ध और सभ्य समाज की नींव रख सकते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ में 15 देशों, 20 राज्यों के बिछड़ों को यूपी के जवानों ने अपनों से मिलवाया

**एजेंसी। प्रयागराज**

महाकुंभ में उमड़े आस्था के महासमुद्र के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस, पीएसी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अग्निशमन के जवानों ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की अद्वितीय मिसाल पेश की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संचालित विशेष अभियान के तहत जवानों ने 15 देशों और 20 से अधिक राज्यों के बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से मिलाया। ड्यूटी पर तैनात जवानों ने न केवल लाखों रुपए की नकदी, आईफोन, गहने और अन्य कीमती सामान खोने वालों को लौटाए, बल्कि बीमारों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक चिकित्सा भी उपलब्ध कराई।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश की खाकी ने बड़ी संख्या में बुजुर्गों को संगम में स्नान करने में मदद भी की। बीमारों को सीपीआर से लेकर प्राथमिक उपचार तक दिया गया। इसके परिणामस्वरूप योगी सरकार की कार्यकुशलता की गूंज रूस, अमेरिका और जर्मनी समेत तमाम देशों तक पहुंच गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भूले-भटके लोगों को मिलाने की मेले में बड़ी मिसाल पेश की गई है। प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक पीएसी पूर्वी जोन डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि हमारे जवानों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए महाकुंभ में श्रद्धालुओं की मदद की। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए कार्यरत उत्तर प्रदेश के जवानों की ईमानदारी और सेवाभाव की चर्चा अब सात समंदर पार तक पहुंच गई है। विदेशी श्रद्धालु भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यकुशलता की सराहना कर रहे हैं।



**केस 1** 17 फरवरी को मेले में जयपुर के पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत अपनी पत्नी, दिनेश राठौर के साथ पहुंचे। उनका पर्स, जिसमें दो आईफोन, 69 हजार रुपए नकद, सोने की चेन, दो अंगूठियां और एटीएम कार्ड थे, खो गया। ड्यूटी चेकिंग के दौरान 42वीं वाहिनी पीएसी नैनी प्रयागराज के शिविरपाल अरविंद कुमार सिंह ने अरैल घाट से इसे खोजा। फिर पर्स में मिले मोबाइल से श्रद्धालु से संपर्क किया और उन्हें बुलाकर पर्स सौंप दिया।

**केस 2** राजकुमारी यादव निवासी भानसोच, आरंग, रायपुर छत्तीसगढ़ की अचानक तबीयत बिगड़ी, जिन्हें 15वीं वाहिनी पीएसी आगरा डी दल के आरक्षी प्रशांत कुमार और रवेन्द्र सिंह ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर हॉस्पिटल में एडमिट कराया।

**केस 3** 29 जनवरी को रूस की रीता अपने साथियों के साथ संगम स्नान के लिए जा रही थी। रात के समय वह अपने साथियों से बिछड़कर भटक गई और पाल बस्ती मवैया में पहुंच गई, तभी ड्यूटी पर मौजूद 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी ई दल के आरक्षी अमरदीप ने उनके साथियों से मिलाया।

**केस 4** 15 जनवरी को जर्मनी से आए विदेशी श्रद्धालु रास्ता भटक गए। उन्हें नवावगंज जाना था। ड्यूटी पर उपस्थित 28वीं वाहिनी पीएसी इटावा एच दल के आरक्षी राजू सिंह ने उन्हें नवावगंज पहुंचाने में मदद की।

**केस 5** 15 जनवरी को बंगलुरु से आई महिला श्रद्धालु शोभा को चोट लगने पर 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी एफ दल के आरक्षी सुरजीत यादव ने एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। उन्हें प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई गई।

**केस 6** 24 जनवरी को संगम मार्ग पर विवेक भारती को कार चलाते समय मिर्गी का दौरा पड़ा। ड्यूटी पर तैनात 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद जी दल के आरक्षी गुरदीप और कपिल कुमार उन्हें अस्पताल ले गए और उपचार कराया। उनके घर वालों को सूचना दी और ठीक होने पर कार के साथ घर भेजा।

---

**बिहार विधानसभा**

# 3.17 लाख करोड़ का बजट पेश महिलाओं के लिए कई घोषणाएं

**एजेंसी। पटना**



बिहार के उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। बजट पेश करने से पहले सम्राट चौधरी ने अपने आवास में पूजा-अर्चना की, जबकि बजट पेश करने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी पीठ थपथपाकर शाबाशी और बधाई दी। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। इस बजट का आकार 3 लाख 17 हजार करोड़ होगा। बजट का आकार 3 लाख 16 हजार 895 करोड़ रुपए है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के बजट आकार से करीब 38,169 करोड़ रुपए ज्यादा है। बजट भाषण में उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष में 2.60 लाख राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य है। 2025-26 में 32,718 करोड़ रुपए राजकोषीय घाटा रहने का अनुमान है। शिक्षा विभाग को 60,964 करोड़, स्वास्थ्य विभाग को 20,335 करोड़, गृह विभाग को 17,831 करोड़, ग्रामीण विकास को 16,093 करोड़ और ऊर्जा विभाग को 13,484 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बिहार सरकार ने स्कॉलरशिप की राशि एक हजार से बढ़ाकर दो हजार रुपए प्रति माह कर दी है। नीतीश सरकार ने महिलाओं के लिए कई घोषणाएं की हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के प्रमुख शहरों में पिंक बस सेवा शुरू की जाएगी। इसमें यात्री, चालक और कंडक्टर भी महिलाएं होंगी। राज्य के प्रमुख शहरों में महिला वाहन प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसमें प्रशिक्षक भी महिलाएं ही होंगी। महिलाओं के लिए पटना में चलंत व्यायामशाला शुरू की जाएगी। उन्होंने छठ पूजा के लिए धार्मिक पर्यटन बनाने की घोषणा की, जबकि पूर्णिया हवाई अड्डा अगले तीन महीने में शुरू करने की बात कही। महिला सिपाहियों के लिए थाने के आसपास आवास की व्यवस्था करने का भी बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की स्थापना करने का प्रावधान किया है। बिहार में एमएसपी पर अरहर, मूंग और उड़द दाल को खरीदने का काम किया जाएगा। सभी अनुमंडल और प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना करने का प्रावधान है, जबकि सुधा की तर्ज पर सभी प्रखंडों में 'तरकारी सुविधा आउटलेट' खोलने की भी घोषणा की गई।

## राबड़ी देवी ने महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये देने की मांग

**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने सरकार से महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये देने की मांग कर दी है। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र की सोमवार की कार्यवाही शुरू होने के पहले ही विपक्ष के विधायकों ने विधानमंडल परिसर में प्रदर्शन किया। विपक्षी विधायकों ने हाथों में पोस्टर और तख्तियां लिए कहा कि इस बजट से उन्हें ज़्यादा उम्मीद नहीं है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि बिहार की महिलाओं और युवाओं के लिए क्या खास है? क्या सरकार 200 यूनिट बिजली मुफ्त देगी? इधर, बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के तहत वृद्धा पेंशन को 1500 रुपये करना चाहिए। इसके अलावा जो गैस सिलेंडर 1200 रुपये में मिल रहा है, उसे 500 रुपये प्रति सिलेंडर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी महिलाओं को, चाहे वे किसी भी वर्ग और धर्म की हों, सरकार को 2500 रुपये प्रति महीना पेंशन देना होगा।

## बिहार विस में बजट पेश होने के पहले सत्ता और विपक्ष आमने-सामने

**पटना।** बिहार विधानसभा में सोमवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी बजट पेश करने वाले हैं। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार अपना अंतिम बजट पेश करने जा रही है। बजट पेश होने से पहले ही सत्ता और विपक्ष आमने-सामने आ गए हैं। राजद के विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि बिहार की जनता नीतीश कुमार सरकार का बजट सालों से देख रही है। अब बजट में कोई नयापन नहीं होता, कोई विजन नहीं होता। पहले भी ये कहते थे कि सात निश्चय ला रहे हैं, फिर सात निश्चय दो ले आए, अब कहेंगे कि अब सात निश्चय तीन लाएंगे। कहीं कुछ नहीं होने वाला है। बिहार कई मामलों में पीछे रह गया है। नीतीश सरकार का यह अंतिम बजट है, इसमें कम से कम राजद के विजन लागू कर दें, गरीबों का कल्याण हो जाएगा।

---

**अनसुलझे है सूटकेस में युवा नेत्री की लाश का मामला**

# पैसों के लेन-देन की बात गलत, मेरी बेटी के आरोपी को मिले सजा-ए-मौत : हिमानी की मां

**एजेंसी। रोहतक**



कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की मां सविता ने सोमवार को अपनी बेटी के आरोपी के खिलाफ सजा-ए-मौत की मांग की। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी के आरोपी की मौत की सजा दी जाए। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि मेरी बेटी 18 तारीख को एक कार्यक्रम में जाने के लिए घर पर तैयार थी, लेकिन उसके बाद के घटनाक्रम से मैं हैरान हूं। मेरी बेटी मुझसे कुछ नहीं थी। मुझे अपनी हर बात बताती थी। वो मुझे पैसों से संबंधित बात भी बताती थी। यहां तक कि पार्टी के दूसरे कार्यकर्ता भी मेरी बेटी को पैसे देने के लिए तैयार रहते थे। लेकिन, मेरी बेटी ने आज तक किसी से कोई मदद नहीं ली। उन्होंने बताया, "मेरी बेटी अपनी पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए संघर्ष कर रही थी। उसने फीस भरने के लिए समय भी मांगा था और कहा था कि मैं नौकरी खोज रही हूं। मुझे नौकरी मिल जाएगी तो इसके बाद मैं फीस भर दूंगी। हिमानी नरवाल की मां ने बताया कि जब मेरी बेटी को किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं मिली तो अंत में थक हारकर उसने पेपर ही छोड़ दिए। इसके बाद उसने मुझसे कहा कि मैं बाद में नौकरी करके अपनी फीस भर दूंगी। एग्जाम फीस मुझे एक हजार रुपये देना होगा, जो कि मैं नौकरी करते हुए दे दूंगी, लेकिन मदद के लिए किसी के आगे हाथ नहीं फैलाऊंगी। उन्होंने कहा कि फ्रेंड और बॉयफ्रेंड में बहुत फर्क होता है। लेकिन, किसी दूसरे व्यक्ति के जेहन में इसे लेकर क्या फितूर है, इसे स्पष्ट कर पाना मुश्किल है। इस वजह से कई लोगों से उसने अपनी दोस्ती तोड़ दी। उसने मुझे खुद यह सब बताया। वो किसी का एक लफ्ज भी बर्दाश्त नहीं करती थी। उन्होंने कहा कि रही बात पैसों के लेन-देन की, तो वो उसके पैसे कई लोगों के पास फंसे हुए थे।

# विकसित दिल्ली के लिए सीएम ने जनता से मांगे सुझाव, व्हाट्सएप नंबर भी किया जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को घोषणा की कि सरकार 24 से 26 मार्च के बीच दिल्ली का बजट पेश करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि बजट 'विकसित दिल्ली' के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करेगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों के सुझाव शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट 'विकसित दिल्ली' बजट है और हम लोगों के सभी सुझावों को शामिल करने और अपने घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं जैसे महिलाओं को वित्तीय सहायता, प्रदूषण पर नियंत्रण, गरीबों को सस्ता और स्वस्थ भोजन, बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सुविधा, यमुना नदी की सफाई और भी बहुत कुछ। सीएम गुप्ता ने आगे कहा कि महिला सम्मान योजना समेत बीजेपी द्वारा किए गए सभी वादों को बजट में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 5 मार्च को सभी महिला संगठनों को संवाद के लिए विधानसभा में आमंत्रित किया गया है, ताकि वे बजट पर अपने सुझाव साझा कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट पर लोगों के सुझाव के लिए एक व्हाट्सएप नंबर (9999962025) जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''इसे जनता का बजट बनाने के लिए हम पांच मार्च को विधानसभा परिसर में विभिन्न महिला संगठनों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे। इसके अलावा, हम छह मार्च को शिक्षा क्षेत्र के हितधारकों और व्यापारियों के साथ चर्चा करेंगे। गुप्ता ने कहा कि विधानसभा में अब तक नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) की केवल दो रिपोर्ट पेश की गई हैं और उनमें पहले ही पिछली आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ कई भ्रष्टाचार के आरोप उजागर हो चुके हैं। उन्होंने कहा, ''कैग की 12 और रिपोर्ट अभी पेश की जानी हैं तथा और भी अनियमितताएं सामने आने की संभावना है। संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद और मनजिंदर सिंह सिरसा मौजूद थे।

---

**कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तेज!**

# डीके शिवकुमार को सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता : वीरप्पा मोइली

**एजेंसी। कर्नाटक**



पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. एम वीरप्पा मोइली ने कांग्रेस के "कुटुम्बोत्सव" कार्यक्रम में एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब राज्य में सीएम की कुर्सी को लेकर सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार गुट आमने-सामने है। डी के शिवकुमार की उपस्थिति में बोलते हुए, मोइली ने शिवकुमार को पहला विधायक टिकट दिलाने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि वह एक सफल नेता के रूप में उभरे हैं। मोइली ने करकला और गोम्मटेश्वर की पवित्र भूमि के बीच तुलना करते हुए घोषणा की, "उन्हें जल्द ही मुख्यमंत्री बनना चाहिए।" उन्होंने उम्मीद जताई कि शिवकुमार का नेतृत्व श्रद्धेय जैन देवता की तरह फलेगा-फूलेगा। उन्होंने कहा कि आपने (डीके शिवकुमार) अच्छा नेतृत्व दिया है। आपने पार्टी बनाई है। लोग बयानबाजी कर रहे हैं लेकिन आपको सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसे लेकर उत्तेजित होने की जरूरत नहीं है। आपको सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री बनना कोई ऐसी चीज़ नहीं है जिसे उपहार के रूप में दिया जाना चाहिए, यह कुछ ऐसा है जो उन्होंने कड़ी मेहनत से अर्जित किया है। मोइली ने विशेषकर चुनौतीपूर्ण समय में शिवकुमार के नेतृत्व की सराहना की। मोइली ने पार्टी के पुनर्निर्माण में शिवकुमार की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, "केपीसीसी अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने संकट के दौरान पार्टी को पुनर्जीवित किया और विभिन्न राज्यों में कांग्रेस को फिर से सत्ता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ब्रज की होली में मुस्लिमों के बैन की मांग का समर्थन

**पटना।** मथुरा के संतों ने होली पर ब्रज में मुस्लिमों की एंट्री बैन करने की मांग का बिहार के भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर ने भी समर्थन किया है। उन्होंने साधु संतों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि निश्चित रूप से जो हमारी संस्कृति को नहीं मानते हैं, उन्हें ऐसे आयोजनों पर जाने से रोका जाना चाहिए।

# बिहार के बंद कमरे में छिपा था 'एक करोड़ का राज', छापा मारने के बाद पुलिस भी दंग रह गई

**एजेंसी। गया**



बिहार में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हवाला कारोबारी को पकड़ा है और उसके पास से एक करोड़ से ज्यादा की नकदी बरामद की है। इतने सारे पैसे गिनने के लिए पुलिस को मशीन तक बुलानी पड़ी। पकड़ा गया कारोबारी राजस्थान का रहने वाला सुनील शर्मा है, जो गया के पिपरपाती मोहल्ले में किराए के मकान में रहकर यह अवैध धंधा चला रहा था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और मामले की तहकीकात में जुटी है।

**गया में मकान से मिले एक करोड़ से ज्यादा कैश**

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिपरपाती मोहल्ले में हवाला का कारोबार चल रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र में छापा मारा। छापेमारी में सुनील शर्मा नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 1 करोड़ 6 लाख 28 हजार 900 रुपये नकद बरामद हुए। इतनी बड़ी रकम देखकर पुलिस भी दंग रह गई। नोटों की गिनती के लिए नोट काउंटिंग मशीन मंगवानी पड़ी।

**इतने रुपये देख पुलिस भी दंग**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हवाला नेटवर्क की सूचना मिलते ही तुरंत टीम बनाकर कार्रवाई की गई। छापेमारी में नोटों के कई बंडल मिले। इतनी बड़ी रकम देखकर पुलिस वाले भी हैरान रह गए। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी सुनील शर्मा से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

**पकड़ा गया राजस्थान का हवाला कारोबारी**

शुरुआती जांच से पता चला है कि यह पैसा हवाला के जरिए बिहार से दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा था। पुलिस को शक है कि इस गोरखधंधे में और भी कई लोग शामिल हो सकते हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर यह पैसा कहां से आया था और किस काम में इस्तेमाल होना था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार सुनील शर्मा के साथ जुड़े दूसरे संदिग्ध लोगों की भी पहचान की जा रही है। इस मामले में आर्थिक अपराध इकाई (EOU) की भी मदद ली जा रही है। यह कार्रवाई हवाला कारोबार पर नकेल कसने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पुलिस का कहना है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# ब्रजमंडल में भगवान और भक्त का मिट जाता है भेद, 'सखियों' को भी भेजा जाएगा 'फाग निमंत्रण'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बसंती पंचमी के साथ ही ब्रज में होली की खुमारी छाने लगती है। उस दिन बरसाना में लाडली जी मंदिर में होली का डाढ़ा (डांडा) गाड़ा जाता है और इसी के साथ रंगोत्सव की शुरुआत हो जाती है। ब्रज की होली पूरी दुनिया में मशहूर है। एक दो दिन नहीं, महीने भर का मेला है, जिसमें डूबने देश ही नहीं, विदेशों से भी लोग खिंचे चले आते हैं।

मथुरा, गोकुल, वृंदावन, बरसाना, नंदगांव जैसे सभी क्षेत्रों में भी होली की धूम मची रहती है। बरसाना की लट्ठमार होली और उसके बाद नंदगांव में होने वाली होली बेहद रोमांचक होती है। होली से दो हफ्ते पहले तक माहौल और रंगीन हो जाता है। इस बार 14 मार्च को होली है। यूं तो बसंत पंचमी के दिन बांके बिहारी को गुलाल लगा दिया गया है। लेकिन अभी होली के सखियों को आमंत्रण देना बाकी है। ये भी होगा। 7 मार्च को होली के लिए सखियों को न्योता दिया जाएगा। इसके बाद शाम के समय लाडली जी के मंदिर में लड्डूमार होली का उत्सव मनाया जाएगा। उत्सव तो इसके अगले दिन भी जबरदस्त होगा। 8 मार्च को लाठियां चलेंगी! बरसाने की रंगीली गली में लट्ठमार होली की धूम होगी। लोग लठ्ठ जमीन पर मारकर होली खेलेंगे। बरसाने के बाद नंदगांव में 9 मार्च को लट्ठमार होली मनाई जाएगी। 10 मार्च को तो वृंदावन में रंगभरनी एकादशी होली खेली जाएगी, तो मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि होली के रंग में डूबी होगी। इसी दिन बांके बिहारी मंदिर में कान्हा फूलों की होली खेलेंगे। 11 मार्च को श्री द्वारकाधीश मंदिर और गोकुल के रमणरेती में होली खेली जाएगी। 12 मार्च को वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में भक्त गण होली खेलेंगे। इसी दिन चतुर्वेदी समाज का शहर भर में होली डोला निकाला जाएगा। बांके बिहारी में फूलों की होली खेली जाएगी और वृंदावन में रंगभरी एकादशी होली खेली जाएगी। 13 को पूरा ब्रज होलिका दहन में मशगूल होगा। इसके अगले दिन, यानि 14 मार्च को ब्रजमंडल धुलेंडी, यानि रंगों की होली में सराबोर होगा।

---

# आज का राशिफल

**मेष :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें।

**वृष :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा।

**मिथुन :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं।

**कर्क :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।


**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनु :** नवीन जिम्मेदारी बढ के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मकर :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी।

**कुंभ :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।





# झारखंड बजट 2025-26 : महिलाओं के सम्मान को दी गई प्राथमिकता

**रांची।** झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए 13,363.35 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपए दिए जा रहे हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य की बालिकाओं और किशोरियों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह पर रोक और कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए चल रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 310 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया है।वहीं वृद्धावस्था पेंशन और विधवा पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन के लिए एक हजार 449 करोड़ 26 लाख रुपए की व्यवस्था बजट में की है। इस पैसे से राज्य के 12 लाख लाभुक लाभान्वित होंगे।राज्य के पंचायत सचिवालय के सुदृढ़ीकरण, मरम्मती और जीर्णोद्धार पर 280 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य का अबतक लक्षित विकास दर 14.2 प्रतिशत से कुछ कम रहा है। राज्य की वर्तमान कीमतों पर 2011-12 से लेकर 2022-23 के बीच जीएसडीपी 9.1 प्रतिशत की अवसत दर से बढ़ा है। वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य के किसानों को दो लाख रुपए का लोन माफ किया गया है। इस मद में 769 करोड़ से अधिक खर्च किया गया है। सिंचाई योजना पर खर्च होंगे 203 करोड़ 40 लाखबजट में कृषि कार्य में सिंचाई के लिए तलाबों के गहरीकरण, जीर्णोद्धार और डीप बोरिंग के लिए 203 करोड़ 40 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं किसानों को 2025-26 में 8400 लाभुकों के लिए कृषि यंत्र मुहैया कराने के लिए 140 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गयी है।

## जल संसाधन के लिए 2 हजार 257 करोड़ 45 लाख 55 हजार रुपए के बजट का प्रावधान

वृहद् एवं मध्यम सिंचाई प्रक्षेत्र अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 779 करोड़ 20 लाख का योजना प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसमें नई सिंचाई परियोजना का निर्माण एवं पुरानी सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण कराने का लक्ष्य है। पूर्ण एवं अपूर्ण वृहद् एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के पुनर्स्थापन, जीर्णोद्धार, विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए 136 करोड़ का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त स्वर्णरेखा परियोजना पर आगामी वित्तीय वर्ष में 350 करोड़ का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। पीरटांड प्रखंड में बराकर नदी पर वीयर का निर्माण कर भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से जल उद्वह कर पीरटांड प्रखंड में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना जुलाई, 2024 में प्रारंभ की गयी है, जिसे आगामी 3 वर्षों में 639 करोड़ 20 लाख की लागत से पूर्ण कराने का लक्ष्य है। लघु सिंचाई प्रक्षेत्र अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 352 चेकडैम, 3 वीयर एवं 10 सोलर उद्वह सिंचाई योजनाओं का निर्माण एवं 185 मध्यम सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है, जिससे 29.722 हेक्टेयर सिंचाई सुविधा सृजित / पुनर्जीवित की जा सकेगी। सिंचाई सुविधाओं और सिंचाई क्षमता के विस्तार को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025-26 में जल संसाधन के लिए 2 हजार 257 करोड़ 45 लाख 55 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

## पंचायती राज के लिए 2,144 करोड़ 78 लाख 14 हजार रुपए

शत-प्रतिशत राज्य योजना मद अन्तर्गत राज्य सरकार के द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना, विभिन्न भवन परिसंपत्तियों के निर्माण / मरम्मती / जीर्णोद्धार, सामुदायिक सेवा केंद्र तथा पंचायत ज्ञान केंद्र आदि पर कुल 280 करोड़ के बजटीय उपबंध का प्रस्ताव है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वें वित्त आयोग द्वारा अनुदान मद में 1,322 करोड़ (1 हजार 3 सौ 22 करोड़) रुपए की राशि प्राप्त होने की संभावना है। उक्त राशि से संबंधित संस्था 30 (तीस) प्रतिशत जलापूर्ति पर, 30 (तीस) प्रतिशत स्वच्छता पर एवं शेष 40 (चालीस) प्रतिशत का व्यय स्थानीय आवश्यकता की योजनाओं पर कर सकेगी। पंचायती राज व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्ष 2025-26 में 2,144 करोड़ 78 लाख 14 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

## मंईयां सम्मान योजना के लिए 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपए का प्रावधान




राज्य सरकार ने सशक्त एवं समर्थ राज्य तथा समाज निर्मित करने के निमित्त राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी, सामाजिक रूप से सशक्त, शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सजग और शिक्षित बनाने के निमित्त 18 से 50 वर्ष तक की आयु की महिलाओं को झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से आच्छादित किया है। इस योजनान्तर्गत प्रति महिला प्रति माह 2 हजार 5 सौ रुपए की दर से भुगतान करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपए का बजटीय उपबंध का प्रस्ताव है।



## प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 15,198 करोड़ 35 लाख 30 हजार रुपए

राज्य सरकार स्कूली शिक्षा के निरंतर विकास के लिए सजग, संवेदनशील और प्रयासशील है। राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के नामांकन, ठहराव और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार लगातार योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन कर रही है। राज्य सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 से 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूलों का संचालन प्रारंभ किया है। राज्य के कुल 34,847 प्रारंभिक विद्यालयों, 1,711 माध्यमिक विद्यालयों और 1,157 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में लगभग 70 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य के 803 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा हेतु लैब स्थापित किए गए हैं, जिसके माध्यम से 11 ट्रेडों में व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है, और अन्य 888 लैब की स्थापना कार्य प्रगति पर है। आने वाले वर्षों में विद्यालयों में 1,050 समेकित गणित और विज्ञान लैब स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के तहत वर्ष 2024-25 में राज्य के 153 मध्य विद्यालयों को माध्यमिक विद्यालयों में और 292 उच्च विद्यालयों को उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में उत्क्रमित किया गया है, जिससे राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों के लगभग 2.5 लाख छात्र-छात्राओं को शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। शिक्षकों के निरंतर क्षमता विकास के लिए रणनीति तैयार की गई है, जिसमें प्रत्येक शिक्षक को प्रति वर्ष 50 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर मसलिया, दुमका, खूँटपानी (चाईबासा) और बोकारो के नवाडीह में विद्यालय भवन का निर्माण कार्य जारी है। मदरसों और अल्पसंख्यकों को शिक्षा प्रदान करने की योजना राज्य में शुरु की गई है, और इसे वित्तीय वर्ष 2025-26 से राज्य योजना के तहत संचालित किया जाएगा।



### उच्च शिक्षा के लिए नई पहल

राज्य सरकार उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए झारखंड छात्र अनुसंधान और नवाचार नीति, 2025 तैयार कर रही है। झारखंड राज्य से दसवीं और बारहवीं उत्तीर्ण अनाथ और दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु ट्यूशन फीस के रूप में 10 लाख रुपए तक वार्षिक और दैनिक उपभोग, अध्ययन सामग्री इत्यादि के लिए 4,000 रुपए प्रति माह आर्थिक सहायता देने के लिए वाल्मिकी छात्रवृत्ति योजना 2025-26 से लागू की जाएगी। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार जमशेदपुर, गुमला और साहेबगंज जिलों में नए राजकीय विश्वविद्यालयों की स्थापना की योजना बना रही है, और जमशेदपुर, धनबाद और दुमका में तीन नए तकनीकी विश्वविद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। राज्य सरकार बोकारो और गोड्डा में नवनिर्मित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में 2025-26 से पठन-पाठन कार्य प्रारंभ करेगी। इसके अलावा, रांची/खूंटी, जमशेदपुर, गुमला, साहेबगंज और गिरिडीह में अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना की जा रही है।

### विधि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए

हजारीबाग, रांची, धनबाद, दुमका और पलामू में कुल 5 नए विधि महाविद्यालय स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

### बजट में कितना है प्रस्तावित प्रावधान

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए 15,198 करोड़ 35 लाख 30 हजार रुपए तथा उच्च और तकनीकी शिक्षा के लिए 2,409 करोड़ 20 लाख 96 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है।

## 275 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण के लिए 33 करोड़ रुपए का प्रावधान

राज्य के आदिम जनजाति बहुल क्षेत्रों में 275 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण के लिए कुल 33 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य और




स्वच्छता के लिए आवश्यक सामग्रियों का 1,500 रुपए का मातृ किट 4 लाख लाभार्थियों के बीच वितरित किया जाएगा। इसके लिए आगामी वर्ष में 60 करोड़ रुपए का प्रावधान राज्य सरकार ने किया है। इस किट में मच्छरदानी, जच्चा एवं बच्चा के लिए पोशाक, तेल, साबुन, बाल्टी-मग इत्यादि सामग्रियाँ शामिल होंगी। दिव्यांग कल्याणार्थ योजना के तहत 5.5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जा रहा है। राज्य के दिव्यांग बच्चों, परित्यक्त/निराश्रित/विधवा महिलाओं एवं वृद्धों के लिए विद्यालय, अनाथालय और आश्रम संचालन हेतु कुल 15 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बालिकाओं और किशोरियों को उच्च शिक्षा की ओर आकर्षित करने, बाल विवाह और कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए संचालित सावित्रिबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कक्षा 8 से 12 तक की बच्चियों को 2,500 रुपए से 5,000 रुपए और 18-19 वर्ष की किशोरियों को एकमुश्त 20,000 रुपए तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत युवतियों के विवाह पर एकमुश्त 30,000 रुपए आर्थिक सहायता के रूप में कुल 310 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।कामकाजी गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में समुचित आराम और देखभाल के लिए 5,000 रुपए प्रति लाभार्थी के रूप में आर्थिक मदद की योजना के लिए 60 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे कामकाजी महिलाएँ लाभान्वित होंगी। महिलाओं, बच्चों और सामाजिक सुरक्षा के लिए वर्ष 2025-26 में 22,023 करोड़ 33 लाख 85 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

## बजट पर कारोबारियों ने कहा

# राज्यहित का बजट रोजगार के खुलेंगे रास्ते

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार ने 1.28 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। इस बार के बजट में पिछली बार से ज्यादा राशि आवंटित की गई। जिस पर कई क्षेत्र से जुड़ें व्यापारियों और कारिबरियों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी।

### 2025-26 का अबुआ बजट संतुलित : आदित्य मल्होत्रा



फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि आय व्यय के संतुलन से ही बजट का निर्माण होता है। वर्ष 2025-26 का अबुआ बजट को श्री मल्होत्रा ने संतुलित बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई नए योजनाओं से झारखंड के विकास की तकदीर को लिखने की कोशिश की है। एफजेसीसीआई ने झारखंड के विकास पर सरकार को अनेक सुझाव दिए थे, जिसे गंभीरता से सरकार ने लिया है और मौजूदा बजट में उन विषयों को जोड़ा गया है। मगर बजट में सरकार ने व्यापार, उद्योग-धंधों और खनिजों के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई है।

### बजट में हर क्षेत्र का रखा गया है ध्यान : ज्योति कुमारी



एफजेसीसीआई उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने बजट पर कहा- शिक्षा क्षेत्र में कक्षा 8 से 12 तक की छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए ?310 करोड़ आवंटित किए गए हैं। प्राथमिक शिक्षा के लिए राज्य के 34,847 प्राथमिक विद्यालयों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आर्थिक लक्ष्य में हेमंत सोरेन सरकार ने 2030 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। पर्यटन लक्ष्य के लिए झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने और कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए, सरकार हेली-शटल सेवाओं को लागू करने की योजना बना रही है।

### 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने की योजना स्वागतयोग्य : सुनील सरावगी



**रांची।** एफजेसीसीआई के प्रवक्ता सुनील सरावगी ने कहा कि बजट के माध्यम से सरकार ने औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने पर विशेष फोकस किया है। झारखंड को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ, वर्ष 2030 तक 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने की योजना स्वागतयोग्य है। इससे राज्य में विकास और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

### बजट राज्य को आत्मनिर्भर बनाने वाला : किशोर मंत्री



रांची। एफजेसीसीआई के निवर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा प्रस्तुत बजट को समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम माना। उन्होंने कहा कि निवेश, औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन, टूरिज्म डेवलपमेंट की योजनाओं से राज्य के विकास की गति मिलेगी।

### राज्य का बजट प्रगतिशील : विवेक



कारोबारी विवेक कुमार ने कहा इस बार के झारखंड बजट में टेक्नोलोजी, एजुकेशन के साथ साथ कृषि लोन माफ करने की योजना बहुत अच्छी है। इसमें किसानों के 2 लाख तक के लोन माफ हो जायेंगे। इससे राज्य में किसानों की आय बढ़ेगी और पलायन रुकेगा। सड़कें, फोरलेन और एअरपोर्ट के लिए भी बजट में अच्छा प्रावधान है। उन्होंने कहा कुल मिला कर ये बजट अच्छा और प्रगतिशील है।





# हेमंत- 2 का पहला अबुआ बजट पहली बार पेश किया राधाकृष्ण किशोर ने

झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पांचवे दिन सोमवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 45 वर्ष के करियर में पहली बार सदन में 145400 करोड़ का बजट पेश किया और खुशी जाहिर की । यह वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट है, जिसे 'अबुआ बजट' का नाम दिया गया है। बजट पेश करने के बाद वित्त मंत्री बजट पर अभिभाषण दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश कर मैं खुद को आत्मसम्मानित महसूस कर रहा हूं। साथ ही झारखंड के बजट को विधानसभा के पटल पर रखते हुए मुझे अति गौरव की अनुभूति हो रही है। 45 वर्षों के राजनीतिक जीवन में मेरे लिए यह पहला अवसर है, जब वित्त मंत्री के रूप में मैं गौरवशाली झारखंड राज्य के लिए बजट सदन में पेश कर रहा हूं। वित्त मंत्री ने कहा कि मुझे यह अवसर देने के लिए मैं पूरे सदन, राज्य की जनता, अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता, अपनी पार्टी के श्रेष्ठ नेता, सीएम हेमंत सोरेन के साथ-साथ कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी का आभार व्यक्त करता हूं।

## अबुआ बजट में किसको कितना किस लिए मिला

**भवन निर्माण विभाग के लिए 861 करोड़ 57 लाख 31 हजार रुपए :** राज्य की राजधानी में विधायकों के लिए 70 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे जून, 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भवन निर्माण विभाग के लिए 861 करोड़ 57 लाख 31 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

### नागर विमानन के लिए 115 करोड़ 19 लाख 37 हजार रुपए

राज्य सरकार ने साहेबगंज में नए डोमेस्टिक एयरपोर्ट और एयर कार्गो हब के निर्माण के लिए चिन्हित भूमि के अधिग्रहण पर स्वीकृति प्रदान की है। राज्य में एक स्थान से दूसरे स्थान तक यात्रा और टूरिस्ट सर्किट हेतु हेली शटल सेवा प्रारंभ करने की योजना विचाराधीन है। इसके तहत राज्य के प्रमुख तीर्थ स्थलों जैसे देवघर, बासुकीनाथ, पारसनाथ, रजरप्पा, ईटखोरी और प्रमुख पर्यटक स्थलों जैसे बेतला नेशनल पार्क, पतरातु घाटी, साहेबगंज आदि तक हेलीकॉप्टर शटल सेवा प्रारंभ करने की कार्रवाई की जा रही है। गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए सस्ते दर पर एयर एंबुलेंस सेवा 28.04.2023 से 247 संचालित की जा रही है। यह सेवा गरीब और जरूरतमंद लोगों को सुलभ बनाने के लिए पूर्व निर्धारित दरों में 50 प्रतिशत की कटौती की गई है। नागर विमानन हेतु वर्ष 2025-26 में 115 करोड़ 19 लाख 37 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

### ऊर्जा के लिए 9,894 करोड़ 35 लाख 53 हजार रुपए

राज्य में गुणवत्तापूर्ण निर्बाध बिजली आपूर्ति करना सरकार का लक्ष्य है। राज्य के सभी घरेलू और शहरी उपभोक्ताओं को 200 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का लाभ लगभग 35 लाख उपभोक्ता उठा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना हेतु 5,050 करोड़ 9 लाख रुपए व्यय करने का प्रस्ताव है। झारखंड संपूर्ण बिजली आच्छादन योजना के क्रियान्वयन से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत उपलब्धता में वृद्धि हुई है। साथ ही, कृषि उपभोक्ताओं के लिए नई विद्युत संरचना का निर्माण भी किया गया है। पतरातू में चार हजार मेगावाट के सुपर थर्मल पावर प्लांट की स्थापना प्रक्रिया में है। मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना के तहत ग्रामीण और शहरी विद्युतीकरण के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 500 करोड़ रुपए का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। पीएम कुसूम योजना के तहत राज्य में सिंचाई कार्य के लिए 10,000 सोलर पंपसेट की आपूर्ति, स्थापना और पांच साल के रख-रखाव की योजना के लिए राज्य अनुदान के रूप में 150 करोड़ रुपए का बजटीय उपबंध किया गया है। विद्युत संचरण संबंधी परियोजनाओं के लिए बजटीय उपबंध भी किया गया है। वर्ष 2025-26 में 9,894 करोड़ 35 लाख 53 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

### उद्योग के लिए 486 करोड़ 31 लाख 61 हजार रुपए

आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए उद्योग विभाग की योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 450 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। विभिन्न औद्योगिक नीतियों के तहत राज्य में 20,000 करोड़ रुपए का निवेश लाने का लक्ष्य है, जिससे लगभग 15,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। औद्योगिक इकाईयों की देयता और राज्य के औद्योगिक विकास हेतु राशि का प्रावधान किया गया है। सिंगल विंडो व्यवस्था के तहत निवेशकों को सभी आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है। जियाडा के तहत बोकारो, गिरिडीह, कांड्रा, सिंदरी, आदित्यपुर, जसीडीह और देवीपुर औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाएगा। वर्ष 2025-26 में उद्योग विभाग के लिए 486 करोड़ 31 लाख 61 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

### नगर विकास एवं आवास के लिए 3,577 करोड़ 68 लाख 91 हजार रुपए

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अब तक झारखंड राज्य के लिए 2,11,010 आवासीय इकाई स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से 1,29,045 आवास पूर्ण हो चुके हैं और 63,990 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। नई और उभरती तकनीक से लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत 1,008 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लाभार्थियों को आवंटित कर दिए गए हैं। अमृत और अमृत 2.0 मिशन योजनांतर्गत विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं का निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है। रांची, चास, आदित्यपुर सिवरेज प्रबंधन योजनाओं का निर्माण वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्ण कर लिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जलापूर्ति परियोजनाओं के निर्माण कार्य 11 नगर निकायों में शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत 20,000 जॉब कार्ड बनाने का लक्ष्य है और 10 लाख मानव दिवस सृजित किए जाएंगे। वर्ष 2025-26 में नगर विकास एवं आवास विभाग के लिए 3,577 करोड़ 68 लाख 91 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।



### पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य के लिए 336 करोड़ 64 लाख 45 हजार रुपए

राज्य में 41 आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र और 102 डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय खेलों में प्राप्त उपलब्धियों के आधार पर राज्य के 523 मेधावी खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया गया। राज्य में पर्यटन स्थल जैसे पलामू किला, खंडोली पर्यटन स्थल, सुंदर डेम जलाशय, नेतरहाट आदि के विकास की स्वीकृति दी गई है। वर्ष 2025-26 में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य के लिए 336 करोड़ 64 लाख 45 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

### सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के लिए 303 करोड़ 96 लाख 72 हजार रुपए

आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार पोर्टल के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5,741 शिविर आयोजित किए गए, जिनसे 34 लाख 12 हजार लोग लाभान्वित हुए। झारखंड स्टेट डाटा सेंटर के डिजास्टर रिकवरी कार्य का क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के लिए 303 करोड़ 96 लाख 72 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

### गृह, कारा व आपदा प्रबंधन के लिए 9,916 करोड़ 94 लाख 62 हजार

वर्ष 2025-26 में विशेष केंद्रीय सहायता मद से लगभग 100 करोड़ रुपए की सहायता केंद्र सरकार से प्राप्त होने की संभावना है। राज्य के एक अति उग्रवाद प्रभावित जिला पश्चिम सिंहभूम और चार संवेदनशील जिलों का विकास किया जाएगा। राज्य के विधि विज्ञान प्रयोगशाला के लिए नए रसायन भवन का निर्माण और अन्य कार्य किए जाएंगे। वर्ष 2025-26 में गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग के लिए 9,916 करोड़ 94 लाख 62 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।




### योजना और विकास के लिए 414 करोड़ 35 लाख 23 हजार

विकास के लिए योजनाओं की अवधारणा और क्रियान्वयन में योजना और विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना और विकास विभाग के लिए 414 करोड़ 35 लाख 23 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है। इस वर्ष के आउटकम बजट की कुल राशि का लगभग 20.5 प्रतिशत बाल बजट के रूप में उपबंधित किया गया है, जो राज्य के कुल योजना आकार का लगभग 10 प्रतिशत है।

### कृषि एवं संबद्ध प्रक्षेत्र के लिए 4 हजार 587 करोड़ 66 लाख 24 हजार

सिदो कान्हु कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड एवं जिला स्तरीय सहकारी संघ लिमिटेड का गठन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला स्तरीय सहकारी संघ लिमिटेड के लिए हिस्सापूंजी हेतु 24 करोड़ (चौबीस करोड़) रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। गोदाम निर्माण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 118 गोदामों के निर्माण का कार्य प्रस्तावित है, जिसपर 259 करोड़ 52 लाख का बजटीय उपबंध किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीण एवं शहरी इच्छुक युवाओं को मछली पालन की विभिन्न विधाओं में सहायता प्रदान कर स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित करने हेतु 4.10.000 (4 लाख 10 हजार) मीट्रिक टन मछली का उत्पादन कराने की योजना है। आगामी वर्ष में 2025-26 में कृषि एवं संबद्ध प्रक्षेत्र के लिए 4 हजार 587 करोड़ 66 लाख 24 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

### ग्रामीण विकास के लिए 9 हजार 841 करोड़ 41 लाख 61 हजार का प्रावधान

ग्रामीण क्षेत्रों में आय के स्त्रोतों को बढ़ाते हुए रोजगार सृजन एवं उनके जीवन स्तर में सुधार करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। वर्ष 2025-26 में महात्मा गांधी नरेगा योजना अन्तर्गत 12 करोड मानवदिवस रोजगार सृजित करने का लक्ष्य है। अबुआ आवास योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से अनाच्छादित राज्य के गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए की गई है, जिसमें लाभार्थियों को पांच किस्त में 2,00,000/- (दो लाख) रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजनान्तर्गत 2024-25 तक के लिए अबुआ आवास हेतु निर्धारित लक्ष्य 6 लाख 50 हजार के विरुद्ध अब तक कुल 6 लाख 1 हजार 135 आवासों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसमें से 19 हजार 685 आवास पूर्ण हो चुके हैं। शेष आवास वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्ण कराने का प्रस्ताव है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सखी मंडलों के उत्पादों को उचित मूल्य एवं आर्थिक सहायता देने तथा वर्ष भर बाजार उपलब्ध कराने के लिए पलाश-ब्रांड के तहत विपणन कराया जा रहा है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में पलाश मार्ट पर 30 करोड़ रुपए के व्यय का प्रस्ताव है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2 हजार सखी मंडलों को चक्रीय निधि की राशि तथा 35 हजार स्वयं सहायता समूहों को कैश क्रेडिट के लिए बैंक लिंकेज की सुविधा प्रदान की जाएगी। लगभग 2 लाख अतिरिक्त महिला किसानों को आजीविका संबंधी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। वर्ष 2025-26 में ग्रामीण विकास के लिए 9 हजार 841 करोड़ 41 लाख 61 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

## अबुआ बजट में किस विभाग को कितना मिलेगा

**कृषि एवं संबद्ध प्रक्षेत्र**
4,587 करोड़
66 लाख 24 हजार

**ग्रामीण विकास**
9,841 करोड़
41 लाख 61 हजार

**जल संसाधन**
2,257 करोड़
45 लाख 55 हजार

**पंचायती राज**
2,144 करोड़
78 लाख 14 हजार

**महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा**
22 हजार
23 करोड़ 33 लाख 85 हजार

**शिक्षा प्रक्षेत्र**

**प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा**
15 हजार 198 करोड़ 35 लाख 30 हजार

**तकनीकी शिक्षा**
02 हजार 409 करोड़ 20 लाख 96 हजार

**स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण**
07 हजार
470 करोड़ 50 लाख 86 हजार

**पेय जल एवं स्वच्छता**
04 हजार
710 करोड़ 2 लाख 56 हजार

**खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले**
02 हजार
863 करोड़ 49 लाख 22 हजार

**श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास**
01 हजार
85 करोड़ 74 लाख 46 हजार

**अनुसूचित जनताति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण**
03 हजार
384 करोड़ 45 लाख 97 हजार

**वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन**
01 हजार
381 करोड़ 99 लाख 30 हजार

**पथ निर्माण**
05 हजार
900 करोड़ 89 लाख 28 हजार

**ग्रामीण कार्य**
04 हजार
576 करोड़ 30 लाख 73 हजार

**नागर विमानन**
115 करोड़
19 लाख 37 हजार

**ऊर्जा**
09 हजार
894 करोड़ 35 लाख 53 हजार

**उद्योग**
486 करोड़
31 लाख 61 हजार

**भवन निर्माण**
861 करोड़
57 लाख 31 हजार

| | | |
|---|---|---|
| नगर विकास एवं आवास | 3 हजार 577 करोड़ 68 लाख 91 हजार | |
| पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य | 336 करोड़ 64 लाख 45 हजार | |
| सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस | 303 करोड़ 96 लाख 72 हजार | |
| गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन | 9 हजार 916 करोड़ 94 लाख 62 हजार | |
| योजना एवं विकास | 414 करोड़ 35 लाख 23 हजार | |

# अमर्त्य सेन ने की बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न की तीखी निंदा

**एजेंसी। कोलकाता**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, मंदिरों में तोड़फोड़, हत्याओं और दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं पर नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे हमलों की कड़ी आलोचना करते हुए साफ कहा कि इन घटनाओं के लिए कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी जिम्मेदार है। साथ ही उन्होंने मौजूदा यूनुस सरकार की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। अमर्त्य सेन के इस बयान के बाद बांग्लादेश में कट्टरपंथी संगठन आगबबूला हो गए हैं और उन पर तीखे हमले कर रहे हैं।



● जमात को घेरा, भड़के कट्टरपंथी

अमर्त्य सेन ने कहा कि बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति उन्हें गहरी चिंता में डालती है। मैं बंगाली हूं और बचपन में मैंने ढाका में कई साल बिताए हैं। मेरी पढ़ाई की शुरुआत भी वहीं से हुई थी। मेरे लिए यह जगह हमेशा खास रही है, लेकिन आज बांग्लादेश की स्थिति बेहद खराब है। वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा है। सरकार मौजूदा चुनौतियों से कैसे निपटेगी, इसे लेकर मैं भी बाकी लोगों की तरह चिंतित हूं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में कभी जमात-ए-इस्लामी जैसी ताकतों पर लगाम थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज वहां हिंदू समुदाय पर हमले हो रहे हैं, मंदिर तोड़े जा रहे हैं और सरकार मौन है। सेन ने कहा कि हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश की एक गौरवशाली परंपरा रही है। लेकिन अब जिस तरह अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, वह बर्दाश्त के काबिल नहीं है। यह जिम्मेदारी वहां की सरकार और नागरिकों की बनती है कि वे इस हिंसा को रोकें।

नोबेल पुरस्कार विजेता ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि यूनुस उनके पुराने मित्र हैं और उनके पास देश को संभालने की क्षमता है। सेन ने उम्मीद जताई कि यूनुस लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को बचाने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

जमात का पलटवार, सेन पर जमकर हमलाअमर्त्य सेन के बयान से तिलमिलाए जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अमर्त्य सेन को बांग्लादेश को सहिष्णुता का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है। पहले उन्हें अपने देश के हालात पर नजर डालनी चाहिए। वह शेख हसीना की तानाशाही का बचाव कर रहे हैं, जो निंदनीय है। हालांकि जमात प्रमुख ने यह भी माना कि इस वक्त बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमले हो रहे हैं, जबकि यूनुस सरकार अब तक इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है।

# सुप्रीम कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2009 मामले में सरकार को दिया नोटिस

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2009 को लेकर दायर की एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई के बाद केन्द्र सरकार को नोटिस दिया है। याचिका में सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2009 के कुछ प्रावधानों को चुनौती दी गई है। मामले में कोर्ट ने केन्द्र सरकार से जवाब मांगा है। सूचना प्रौद्योगिकी (जनता द्वारा सूचना तक पहुंच को अवरुद्ध करने की प्रक्रिया और

● 6 सप्ताह में दे जवाब

सुरक्षा उपाय) नियम, 2009 के कुछ नियमों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी करके कहा है कि केन्द्र को छह सप्ताह के भीतर जवाब दे। एक संगठन-सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर जो ऐसे मसले पर काम करती है उसने सर्वोच्च न्यायालय में यह याचिका लगाई गई है। अर्जी में कहा गया है कि 'एक्स' जैसे प्लेटफॉर्म से सूचना हटाने से पहले उसके स्त्रोत को नोटिस दिया जाना चाहिए।

# देश के विकास को गति देता है डेयरी क्षेत्र : अमित शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा।

उन्होंने कहा कि हम श्वेत क्रांति दो की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी का महत्व बहुत बढ़ जाता है। श्वेत क्रांति एक में जो हमने हासिल किया है उसमें सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी को हासिल करना शेष है।उन्होंने कहा कि हमारे देश की कृषि व्यवस्था एक तरह से छोटे किसानों पर आधारित है, इसलिए हमारे पास डेयरी के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। बहुत कम विकल्प हैं, और मेरा मानना है कि यह सेमिनार डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने में सहायक होगा। शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमने खेती में खुशहाली की दिशा में एक आशाजनक शुरुआत की है। गांव से वैश्विक स्तर पर जाने का साहस बढ़ा है और नई पद्धतियां विकसित हुई हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक समूह के रूप में सफल होने का आत्मविश्वास सहकारी समितियों के माध्यम से बढ़ रहा है और पूरी श्रृंखला खेत से कारखाने तक ग्रामीण परिदृश्य के भीतर ही रहनी चाहिए।

मंत्री ने डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सर्कुलरिटी में कुछ विषयों को जोड़ने के साथ ही एनडीबीबी और नाबार्ड को छह माह में प्रायोगिक योजना को किसी न किसी जिले में लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जैविक खाद का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए जिला के दुग्ध संघ और ग्रामीण डेयरी को क्षेत्र के सभी किसानों के गोबर का प्रबंधन करना चाहिए।

बायोगैस के उत्पादन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि दो साल का लक्ष्य तय करके 250 जिलों के जिला उत्पादक संघ में कोई न कोई मॉडल सफलता पूर्वक करने का समयबद्ध कार्यक्रम करना चाहिए। मंत्री ने गुजरात के बनासकांठा और पंचमहल में माइक्रो एटीएम के प्रयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे पशुपालकों को काफी लाभ मिला है। उन्होंने नाबार्ड से इस मॉडल को प्रत्येक जिला संघ तह पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया।

## सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी का आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन

केंद्रीय मंत्री शाह नई दिल्ली के भारत मंडपम में डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी विषय पर



आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान अमित शाह ने डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सर्कुलरिटी पर आधारित मार्गदर्शिका का विमोचन किया। यह मार्गदर्शिका जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने, मृदा स्वास्थ्य सुधारने और डेयरी किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए जकरियापुर मॉडल, वाराणसी मॉडल, और बनास मॉडल पर मार्गदर्शन प्रदान करती है। राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन भी मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा कि हमारा डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देता है लेकिन साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों, भूमिहीन किसानों और छोटे किसानों को समृद्ध बनाने में भी इसका बहुत बड़ा योगदान है। यह हमारे देश के पोषण का ध्यान रखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे सामने दो लक्ष्य रखे हैं, जिनमें दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना और 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी क्षेत्रों की संभावनाओं के शत प्रतिशत दोहन की पद्धति विकसित करनी होगी।

# संघर्ष विराम वार्ता ठप्प होने से गाजावासियों की बढ़ी चिंता, कहीं फिर से शुरू न हो जाए जंग

**एजेंसी। गाजा**

गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों ने इस साल रमजान का स्वागत भारी मन से किया। तबाह हो चुके शहर के निवासियों को युद्ध विराम समझौते कहीं टूट न जाए और इजरायली हमले फिर से शुरू न हो जाए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, फिलीस्तीन और इजरायल के बीच संघर्ष विराम का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया। दूसरे चरण का कोई संकेत न मिलने के कारण गाजा के लोग अब बहुत चिंता में हैं और उन्हें डर है कि युद्ध कभी भी फिर से शुरू हो सकता है।

गाजा की सड़कों पर पहले लोगों का आवागमन रहता था। लेकिन, अब यह खंडहर में बदल चुकी हैं। टूटे हुए घरों का मलबा तबाही की याद दिलाता है और हवा में बारूद, मौत और सड़ी गली चीजों की बदबू फैली हुई है। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस की ओम मोहम्मद अल-नज्जर कहती हैं, "हर दिन जब गोलाबारी नहीं होती, तो थोड़ा आराम मिलता है। लेकिन हम हमेशा इस डर में जीते हैं कि कहीं हमले फिर से न शुरू हो जाएं।" हाल ही में हुई बमबारी में उनका घर भी नष्ट हो गया। उन्होंने कहा, "हमने बहुत दुख सहा है। रमजान शांति का समय होना चाहिए, लेकिन यहां कोई शांति नहीं है। गाजा सिटी के 45 वर्षीय मोहम्मद अल-दहदौह, जो चार बच्चों के पिता हैं, बताते हैं कि उनका परिवार पहले खुशी-खुशी अपने घर को लालटेन और चमकीले रंगों से सजाता था। रसोई में पारंपरिक मध्य पूर्वी व्यंजन, मकलूबा और कतायेफ़ की खुशबू फैल जाती थी और पूरे घर में हंसी की आवाजें गूंजती थीं। अल-दहदौह ने बताया, "रमजान का मतलब होता था इफ्तार की मेज पर परिवार का एक साथ होना, बच्चों की हंसी की आवाज़ और घर में खाने की खुशबू का होना।" अब, न घर है, न मेज। हम एक छोटे से तंबू में रह रहे हैं और हमारे पास जो खाना है, वह मुश्किल से पर्याप्त है। राफा शहर की एक फिलिस्तीनी महिला, तसाहिल नासर ने बताया, "पवित्र रमजान का महीना गाजा में अपनी खुशियां खो चुका है। यहां कोई लालटेन नहीं हैं, कोई सजावट नहीं हैं, और न ही हलचल भरे बाजार हैं। इसके बजाय, यहां मौत का सन्नाटा है और हमेशा विनाश की गंध फैलती रहती है। नासर इजरायली हवाई हमले में अपने पति, भाइयों और माता-पिता को खो चुकी है।



## दोस्त ही निकला कांग्रेस नेता हिमानी का हत्यारा

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की हत्या मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। हिमानी की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके दोस्त ने की थी। मामले की जांच में जुटी एसआईटी ने आरोपित को दिल्ली से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था और आरोपित ने मोबाइल चार्जर की वायर (तार) से हिमानी का गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव सूटकेस में डालकर सांपला बस स्टैंड के पास फेंक कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से मृतका की सोने की चैन, अंगूठी, लैपटॉप व मोबाइल फोन बरामद किया है।

# यूक्रेन का अमेरिका ने दिया साथ, इसके लिए उनका आभार : जेलेंस्की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस के खिलाफ चल रहे युद्ध के दौरान अमेरिका से मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक वीडियो संदेश पोस्ट कर कहा कि यूक्रेन को अमेरिका से मिल रहे समर्थन की महत्वपूर्ण भूमिका को वह समझते हैं और इसके लिए आभारी हैं। जेलेंस्की का यह बयान व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस द्वारा यूक्रेन से पर्याप्त आभार व्यक्त न करने की बात कहने और संघर्ष विराम के प्रस्तावों को अस्वीकार करने के बाद आया। जेलेंस्की ने वीडियो में यह भी बताया कि यूरोप से उन्हें समर्थन और एकता मिल रही है और इस सहयोग को मजबूत बनाने की इच्छा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन का लक्ष्य शांति है, न कि "अंतहीन युद्ध", और इसके लिए उन्हें "वास्तविक सुरक्षा गारंटी" की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूरे यूरोप, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और तुर्की समेत कई देशों का यह मुख्य मुद्दा है।इसके अलावा, जेलेंस्की ने यूक्रेनी लोगों की लचीलापन की सराहना करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता को बचाने के लिए चल रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के लिए वे हमेशा कृतज्ञ (थैंकफुल) महसूस कर रहे हैं। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि यूक्रेन का लचीलापन इस बात पर आधारित है कि उनके साझेदार उनकी और अपनी सुरक्षा के लिए क्या कर रहे हैं। जेलेंस्की का यह संदेश लंदन में हुए एक शिखर सम्मेलन के बाद आया, जहां विभिन्न देशों के नेता रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए थे। इस सम्मेलन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी शामिल थे।

**सुप्रीम कोर्ट**

# दिव्यांगता किसी व्यक्ति को अवसर से वंचित करने का आधार नहीं है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति आर. महादेवन की खंड पीठ ने एक मामले में फैसला सुनाया कि दृष्टिबाधित व्यक्ति जिला न्यायपालिका में नियुक्ति के लिए पात्र हैं, दिव्यांगता किसी व्यक्ति को अवसर से वंचित करने का कोई आधार नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राज्यों को दृष्टिबाधित व्यक्तियों की सहायता के लिए एक समावेशी ढांचा प्रदान करना चाहिए।इस खंड पीठ ने विभिन्न राज्यों के नियमों में प्रासंगिक प्रावधानों को खारिज कर दिया, जो न्यायिक सेवाओं में दृष्टिबाधित व्यक्तियों की नियुक्ति को रोकते थे। पीठ ने कहा कि हमने इसे सबसे महत्वपूर्ण मामले के रूप में माना है। हमने संवैधानिक ढांचे और संस्थागत दिव्यांगत न्यायशास्त्र को



● दृष्टिबाधित व्यक्ति जिला न्यायपालिका में नियुक्ति के लिए पात्र हैं

भी छुआ है। किसी भी उम्मीदवार को केवल दिव्यांगता के कारण ऐसे अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि कोई भी अप्रत्यक्ष भेदभाव जिसके परिणामस्वरूप दिव्यांग व्यक्ति को बाहर रखा जाता है, चाहे वह कटऑफ के माध्यम से हो या प्रक्रियात्मक बाधाओं के कारण, वास्तविक समानता को बनाए रखने के लिए उसमें हस्तक्षेप किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया, जब मप्र के एक दृष्टिबाधित अभ्यर्थी की मां ने सर्वोच्च न्यायालय को राज्य के उन नियमों के संबंध में पत्र लिखा, जो ऐसे व्यक्तियों को न्यायिक सेवाएं लेने से रोकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम के उन प्रावधानों को खारिज कर दिया, जो दृष्टिबाधित व्यक्तियों को न्यायिक सेवाओं में शामिल होने से रोकते थे। शीर्ष अदालत ने न्यायिक सेवा नियमों के नियम 6ए को खारिज कर दिया, जो कम दृश्यता वाले और दृष्टिबाधित व्यक्तियों को न्यायपालिका में शामिल होने से रोकता था। पीठ ने उन नियमों को भी खारिज कर दिया, जिनमें उम्मीदवारों के लिए कम से कम तीन साल का अभ्यास करने की आवश्यकता थी।इसी तरह राजस्थान के प्रावधान को भी सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया।

## बंधकों को वापस पाने के लिए इजरायल के सामने सिर्फ एक रास्ता : हमास

**गाजा।** हमास ने कहा कि इजरायल सिर्फ 'कैदी अदला-बदली समझौते' के जरिए ही अपने बंदियों को वापस पा सकता है। वरिष्ठ अधिकारी महमूद मर्दावी ने एक प्रेस बयान में यह बात कही। मर्दावी ने रविवार को कहा, "इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अगर यह सोचते हैं कि गाजा पट्टी पर थोपे गए भुखमरी युद्ध माध्यम से वे अपने लक्ष्य हासिल कर लेंगे, तो वे भ्रम में हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार मर्दावी ने समझौते के तहत तय सभी चरणों को मूल रूप में लागू करने पर जोर दिया और इजरायल की ओर से पहले चरण को आगे बढ़ाने का विरोध किया। हमास नेता ने मध्यस्थों से यह सुनिश्चित करने की भी अपील की कि इजरायल समझौते की शर्तों का पालन करे। उन्होंने मध्यस्थों से यह भी कहा कि वे सुनिश्चित करें कि इजरायल समझौते की शर्तों का पालन करे, जैसा कि सहमति हुई थी। हमास और इजरायल के बीच तीन-चरणीय समझौते का पहला 42-दिवसीय चरण, जिसमें मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल थी, शनिवार को समाप्त हो गया।

# यूं ही नहीं अनार को कहते 'लाल ताकतवर फल', कैंसर की रोकथाम में भी मददगार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कहावत है 'एक अनार सौ बीमार'। अब सवाल है कि अनार को ही क्यों चुना गया? तो जवाब भी सिंपल और सहज सा है क्योंकि हार्ड कवर वाले अनार के अंदर खजाना भरा हुआ है। इस फल का हर एक हिस्सा हमारे काम का है। अनार का फूल हो, इसकी छाल हो, जड़ हो या फिर फल।

अनार का जूस हमारे शरीर के भीतर कई प्रकार के बायोलॉजिकल और जैविक प्रक्रियाओं को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने की क्षमता रखता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, अनार में मौजूद विभिन्न पोषक तत्व और एंटीऑक्सिडेंट्स इसे एक औषधीय फल बनाते हैं, जिससे हमारे स्वास्थ्य को अनगिनत लाभ होते हैं।अनार का जूस विटामिन सी, ए, के, ई और फोलिक एसिड का समृद्ध स्त्रोत माना जाता है। ये विटामिन हमारे शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए जरूरी हैं। विशेष रूप से विटामिन सी, जो शरीर में एंटीबॉडी उत्पादन को बढ़ाने का कार्य करता है, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाता है और हमें सामान्य बीमारियों और संक्रमणों से बचाता है। वैज्ञानिक शोध में यह पाया गया कि अनार के जूस का नियमित सेवन इम्यून सिस्टम को सक्रिय करता है, जिससे शरीर ज्यादा प्रभावी तरीके से विभिन्न रोगों का मुकाबला कर पाता है। अनार में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स, खासकर पनील्जैनथिन, एल्लागिक एसिड और फ्लावोनॉयड्स, इसे एक शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी (सूजन कम करने वाला) और एंटीऑक्सीडेंट फल बनाते हैं। ये तत्व शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में मदद करते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सूजन को कई गंभीर बीमारियों से जोड़ा गया है, जैसे हृदय रोग, कैंसर, टाइप 2 मधुमेह, और अल्जाइमर रोग। कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि अनार का जूस इन बीमारियों के जोखिम को कम कर सकता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन (एनएलएम) में प्रकाशित एक स्टडी में यह पाया गया कि अनार का रस सेहत के लिए नायाब है। यह सूजन से संबंधित मार्कर्स जैसे सी-रियैक्टिव प्रोटीन (सीआरपी) और इंटरल्यूकिन-6 को 30 फीसदी तक कम कर सकता है। इसके अलावा, अनार का जूस दिल के लिए भी फायदेमंद है। यह रक्तचाप को नियंत्रित करने, कोलेस्ट्रॉल स्तर को घटाने और धमनियों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। वैज्ञानिक शोधों ने साबित किया है कि अनार के रस में पाया जाने वाला प्यूनेक एसिड नामक तत्व रक्त परिसंचरण को बेहतर बनाता है और रक्त वाहिकाओं में इन्फ्लेमेशन (सूजन) को कम करता है।शोध के मुताबिक अनार का जूस गठिया और जोड़ों के दर्द में भी राहत दे सकता है। इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व शरीर में सूजन को कम करते हैं और जोड़ों के दर्द में आराम प्रदान करते हैं।



एक अध्ययन में यह पाया गया कि अनार का सेवन ओस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित लोगों में जोड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले एंजाइमों को अवरुद्ध करता है। यह जूस पुराने जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में प्रभावी साबित हुआ है। इसके अलावा, अनार के जूस का एक और अद्भुत फायदा यह है कि यह प्रोस्टेट कैंसर के खिलाफ भी प्रभावी हो सकता है।

